नई दिल्ली
सोमवार, 18 अगस्त 2025
भाद्रपद मास कृष्ण पक्ष, दशमी वर्ष : 29, अंक : 124
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 31
न्यून. 26

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

## शुभांशु शुक्ला की वतन वापसी



## ढोल-नगाड़ों व भारत माता के जयकारों से भव्य स्वागत

◀ पीएम नरेंद्र मोदी से करेंगे मुलाकात

◀ सीएम रेखा गुप्ता और केंद्रीय राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने अगवानी की

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अंतरिक्ष में भारत का परचम लहराने वाले भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला की वतन वापसी हो गई है। रविवार तड़के उनका विमान ने दिल्ली के आईजीआई एयरपोर्ट पर लैंड किया। दिल्ली ▶▶ शेष पेज 5 पर

**शुभांशु नासा के एक्सिओम-4 अंतरिक्ष मिशन के पायलट रहे, 18 दिन अंतरिक्ष में बिताए**

**शुभांशु की भारत वापसी के उपलक्ष्य में भी होगी विशेष चर्चा**

सरकार ने भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला की भारत वापसी के उपलक्ष्य में सोमवार को लोकसभा में 'अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर भारत के पहले अंतरिक्ष यात्री - 2047 तक विकसित भारत ▶▶ शेष पेज 5 पर

### भाजपा संसदीय दल की बैठक में राधाकृष्णन को उम्मीदवार बनाने का लिया फैसला

# महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन उपराष्ट्रपति पद के लिए एनडीए के उम्मीदवार होंगे

## नड्डा ने कहा कि हम विपक्ष से भी बात करेंगे ताकि उपराष्ट्रपति पद के लिए निर्विरोध चुनाव सुनिश्चित हो सकें

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



सीपी राधाकृष्णन

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को उपराष्ट्रपति पद के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) का उम्मीदवार घोषित किया है। यह निर्णय भाजपा संसदीय बोर्ड की रविवार को हुई बैठक में लिया गया। यह बैठक उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए पार्टी के उम्मीदवार को अंतिम रूप देने के लिए बुलाई गई थी। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने इसका ऐलान किया। नड्डा ने कहा कि हम विपक्ष से भी बात करेंगे।





### आतंकवाद अस्पृश्यता जैसे मुद्दों के लिए रथ यात्रा शुरू की

हमें उनका समर्थन भी मिलना चाहिए ताकि हम सब मिलकर उपराष्ट्रपति पद के लिए निर्विरोध चुनाव सुनिश्चित कर सकें। भाजपा के तमिलनाडु अध्यक्ष के रूप में, राधाकृष्णन ने नदियों को जोड़ने, आतंकवाद से निपटने और अस्पृश्यता उन्मूलन जैसे मुद्दों पर केंद्रित 93-दिवसीय रथ यात्रा शुरू की। संसद में, उन्होंने कपड़ा संबंधी स्थायी समिति की अध्यक्षता की और वित्त एवं सार्वजनिक उपक्रमों से संबंधित कई समितियों में योगदान दिया। नड्डा ने कहा कि जैसा कि हमने पहले कहा, हम उनके संपर्क में हैं और हमारे वरिष्ठ नेताओं ने पहले भी उनसे संपर्क किया है और अब भी हम उनके संपर्क में रहेंगे और हमारे सभी एनडीए सहयोगियों ने हमारा समर्थन किया है। सीपी राधाकृष्णन हमारे एनडीए के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार हैं। चंद्रपुरम पोन्नुस्वामी राधाकृष्णन का जन्म 20 अक्टूबर, 1957 को तमिलनाडु के तिरुप्पुर में हुआ था। उन्होंने 2003 से 2006 तक तमिलनाडु के प्रदेश अध्यक्ष के रूप में कार्य किया। राधाकृष्णन ने अपने राजनीतिक सफर में कई महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया है। उन्होंने 31 जुलाई, 2024 को महाराष्ट्र के राज्यपाल ▶▶ शेष पेज 5 पर

ninh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### महावतार नरसिम्हा 200 करोड़ क्लब में शामिल



**नई दिल्ली।** 'महावतार नरसिम्हा' ने भारत में कमाई के मामले में 200 करोड़ क्लब में एंट्री करते हुए 202.35 करोड़ रुपए का कलेक्शन कर चुकी है। इस क्लब में शामिल होने वाली यह पहली इंडियन एनिमेटेड फिल्म साबित हुई है। यह फिल्म हर दिन करिश्मा कर रही है। हर दिन 6-7 करोड़ कमा रही है। वहीं, 'सैयारा' की कमाई लाखों में सिमट गई है।

### छात्रावास में छात्र मृत मिला, जांच शुरू

**पणजी।** बिट्स पिलानी के गोवा परिसर में 20 वर्षीय एक छात्र अपने छात्रावास के कमरे में मृत पाया गया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और उसके बाद ही मौत का सही कारण पता चल सकेगा। वर्ना पुलिस थाने में इस संबंध में मामला दर्ज कर लिया गया है। उत्तर प्रदेश के मूल निवासी जैन, वास्को स्थित 'बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस' में अर्थशास्त्र और कंप्यूटर विज्ञान के तृतीय वर्ष का छात्र था। जिन छात्रों के बयान दर्ज किए।

### खंडवा में टला बड़ा रेल हादसा, टूटी थी पटरी



**खंडवा।** जिले में एक बड़ा रेल हादसा होते-होते बचा। यहां भोपाल रेल डिविजन के बरुड छनेरा में रेलवे पटरी एक जगह से दो हिस्सों में टूट गई थी। कीमैन ने पटरी पर क्रेक देखकर उस पर से गुजर रही ट्रेन को रुकवा दिया। इसके बाद उसने ट्रैक से जा रही 04159 हॉलिडे स्पेशल ट्रेन को रुकवा दिया। यह ट्रेन इटारसी से भुसावल की ओर जा रही थी।

### सीईसी की राहुल गांधी को चेतावनी: हलफनामा दें या देश से माफी मांगें, तीसरा कोई रास्ता नहीं

# न तो चुनाव आयोग और न ही मतदाता झूठे आरोपों से डरते हैं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



चुनावी राज्य बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के जरिए वोट चोरी के विपक्ष के दावों का खंडन करते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने रविवार को कहा कि न तो चुनाव आयोग और न ही मतदाता ऐसे झूठे आरोपों से डरते हैं। बिहार एसआईआर के बाद संवैधानिक निकाय की ओर से आयोजित यह पहली प्रेस कॉन्फ्रेंस थी। विपक्षी नेताओं ने बिहार में एसआईआर और 2024 के लोकसभा चुनावों के दौरान वोट चोरी के आरोप लगाए थे। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी बड़ा हमला बोला है।

सीईसी ने लोकसभा में विपक्ष के नेता के आरोपों को सिरे से खारिज किया। उन्होंने कहा कि सिर्फ पीपीटी दिखाने से, वो भी जिसमें आंकड़े चुनाव आयोग के नहीं हैं, झूठ सच नहीं हो जाता। आपको सबूत देना होगा। उन्होंने राहुल गांधी पर बड़ा हमला बोलते हुए चेतावनी दी कि हलफनामा दें या देश से माफी मांगें? तीसरा कोई ▶▶ शेष पेज 5 पर

▶▶ सात दिन में राहुल गांधी ने हलफनामा नहीं दिया तो आरोप निराधार मान लिए जाएंगे

▶▶ आयोग के लिए न कोई पक्ष, न विपक्ष, सभी समकक्ष

*मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के आरोपों को सिरे से खारिज किया। उन्होंने कहा कि सिर्फ पीपीटी दिखाने से, वो भी जिसमें आंकड़े चुनाव आयोग के नहीं हैं, झूठ सच नहीं हो जाता। आपको सबूत देना होगा।*



» ***आयोग का कहना- हमारे कंधे पर बंदूक रखकर राजनीति की जा रही है***

» ***चाहे कितने ही और कैसे भी आरोप हम पर लगें पर हम अपने कर्तव्य से नहीं हटेंगे***

» ***चुनाव आयोग मतदाताओं के साथ चट्टान की तरह खड़ा***

## मतदाता सूची को चुनाव से पहले दुरुस्त करना चाहिए या बाद में?

ज्ञानेश कुमार ने बिहार एसआईआर की कवायद में जल्दबाजी के आरोप पर कहा कि कुछ लोग गुमराह कर रहे हैं कि एसआईआर की कवायद इतनी जल्दी क्यों की जा रही है? आप बताइए कि मतदाता सूची को चुनाव से पहले दुरुस्त करना चाहिए या बाद में? जनप्रतिनिधित्व कानून कहता है कि आपको हर चुनाव से पहले मतदाता सूची को दुरुस्त करना होगा। यह चुनाव आयोग की कानूनी जिम्मेदारी है। फिर सवाल उठा कि क्या चुनाव समिति बिहार के सात करोड़ से ज्यादा मतदाताओं तक पहुंच पाएगी? सच्चाई यह है कि यह काम 24 जून को शुरू हुआ था। पूरी प्रक्रिया लगभग 20 जुलाई तक पूरी हो गई थी।

### तीन लाख लोगों के एपिक नंबर एक जैसे थे, उनको ीक किया

दो एपिक वाले मतदाता कार्ड पर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा कि मार्च 2025 के आसपास जब ये सवाल आया तो हमने इस पर चर्चा की और हमने देशभर में इसका समाधान किया। लगभग तीन लाख ऐसे लोग मिले, जिनके एपिक नंबर एक जैसे थे, इसलिए उनके नंबर बदल दिए गए। दूसरे तरह का डुप्लिकेशन तब आता है, जब एक ही व्यक्ति का नाम एक से ज्यादा जगहों पर वोटर ▶▶ शेष पेज 5 पर





### विपक्ष पर बरसे पीएम मोदी, कहा

# सिर पर संविधान रखकर नाचने वाले लोग ही उसे 'कुचलते' थे

» ***अब जीएसटी में नेक्स्ट जनरेशन रिफॉर्म होने जा रहा***

» ***ताकि जीवन भी और बिजनेस भी, सब-कुछ और आसान हो***

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अर्बन एक्सटेंशन रोड-2 और द्वारका एक्सप्रेसवे के दिल्ली भाग का उद्घाटन किया। पीएम मोदी ने उद्घाटन के बाद जनसभा को भी संबोधित किया। पीएम मोदी ने कहा कि दिल्ली में हमारे जो स्वच्छता मित्र हैं, वो सभी बहुत बड़ा दायित्व निभाते हैं। लेकिन पहले की सरकारों ने इन्हें भी जैसे अपना गुलाम समझ रखा था। ये जो लोग सर पर संविधान रखकर नाचते हैं, ये संविधान को कैसे कुचलते थे, ये बाबा साहेब की भावनाओं को ▶▶ शेष पेज 5 पर

### देशवासियों को डबल बोनस मिलने वाला है

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हमारे लिए रिफॉर्म का मतलब है सुशासन का विस्तार। इसलिए हम निरंतर रिफॉर्म पर बल दे रहे हैं। आने वाले समय में हम अनेक बड़े-बड़े रिफॉर्म करने वाले हैं। ताकि जीवन भी और बिजनेस भी, सब-कुछ और आसान हो। अब जीएसटी में नेक्स्ट जनरेशन रिफॉर्म होने जा रहा है। इस दिवाली। जीएसटी रिफॉर्म से डबल बोनस देशवासियों को ▶▶ शेष पेज 5 पर

### बहादुरगढ़ को मिले 4-लेन संपर्क मार्ग, एनसीआर कनेक्टिविटी को मिलेगी नई उड़ान

## हरियाणा बनेगा औद्योगिक विकास का नया हब निवेश व रोजगार को मिलेगी गति: नायब

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को हरियाणा को सीधे तौर पर लाभान्वित करने वाली 2,000 करोड़ रुपये की लागत की दो महत्वपूर्ण विकास परियोजनाओं का उद्घाटन कर उन्हें जनता को समर्पित किया। इन परियोजनाओं के अंतर्गत अर्बन एक्सटेंशन रोड-2 परियोजना के तहत सोनीपत और बहादुरगढ़ के लिए दो नए 4-लेन संपर्क मार्गों का निर्माण शामिल है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने केंद्र सरकार द्वारा हरियाणा के लिए किए




जा रहे अभूतपूर्व योगदान पर आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आज का यह दिन हरियाणा और विशेषकर एनसीआर के विकास की गाथा में एक स्वर्णिम अध्याय के रूप में दर्ज होगा। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा आज नई दिल्ली से लगभग 11,000 करोड़ रुपये की लागत से दिल्ली और हरियाणा को जोड़ने ▶▶ शेष पेज 5 पर

### शिवराज ने किया औचक निरीक्षण

## किसानों की जली फसल देख जताई नाराज़गी



■ कहा- दोषी दवा कंपनी पर होगी सख्त कार्रवाई

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रविवार को मध्य प्रदेश के रायसेन ज़िले के छीरखेड़ा गाँव में सोयाबीन के खेतों का औचक निरीक्षण किया। केंद्रीय मंत्री को शिकायत मिली थी कि खरपतवारनाशक दवा डालने से किसानों की सोयाबीन की फसल पूरी तरह से नष्ट हो गई है। कृषि मंत्री चौहान, अचानक खेतों में पहुँचे और सैकड़ों किसानों और कृषि ▶▶ शेष पेज 5 पर

अधिकांश जलाशयों का जलस्तर तेजी से बढ़ा, उझ नदी खतरे के निशान के पास

### » रात भर हुई भारी बारिश के बीच राजबाग और जंगलोट के जोध घाटी गांव में यह आपदा आई

## किश्तवाड़ के बाद अब कठुआ में फटा बादल, सात लोगों की मौत, 5 घायल





एजेंसी ▶▶ जम्मू

जम्मू के कठुआ जिले में रविवार तड़के बादल फटने और भूस्खलन की दो अलग-अलग घटनाओं में सात लोगों की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। जिले में रात भर हुई भारी बारिश के बीच राजबाग और जंगलोट के जोध घाटी गांव में यह आपदा आई। कठुआ ▶▶ शेष पेज 5 पर

### गृहमंत्री शाह को उपराज्यपाल ने हालात की जानकारी दी

जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल कार्यालय ने पोस्ट किया कि कठुआ के कई इलाकों में बारिश के कारण हुए विनाशकारी भूस्खलन में लोगों की मौत से गहरा दुख हुआ है। यह त्रासदी मन को स्तब्ध कर देने वाली है। उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को सेना, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, पुलिस और प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे बचाव और राहत कार्यों की जानकारी दी। शाह ने आश्वासन दिया कि मोदी सरकार की ओर से हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी।

### सासाराम से राहुल गांधी की वोटर अधिकार यात्रा की शुरुआत

# रैली में उमड़ा सैलाब, बोले - रोकनी होगी लोकतंत्र की सबसे बड़ी चोरी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ सासाराम

बिहार विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने रविवार को सासाराम से अपनी बहुचर्चित "वोटर अधिकार यात्रा" की शुरुआत की। भारी भीड़ से खचाखच भरे सुअरा हवाई अड्डा मैदान में राहुल गांधी ने विपक्षी दलों के नेताओं के साथ मंच साझा करते हुए केंद्र सरकार और चुनाव आयोग पर तीखे हमले बोले।

### संविधान बचाने की लड़ाई

राहुल गांधी ने सभा की शुरुआत में कहा कि यह केवल चुनावी यात्रा नहीं बल्कि संविधान और लोकतंत्र को बचाने की जंग है। उन्होंने आरोप लगाया कि बीजेपी और आरएसएस देश भर में चुनावों में धांधली कर रहे हैं और मतदाता सूची में हेराफेरी कराकर "वोट चोरी" कर रहे हैं।

### महाराष्ट्र और कर्नाटक का उदाहरण

उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में बीजेपी गठबंधन को इसलिए जीत मिली क्योंकि लोकसभा चुनाव के बाद "जादू से एक करोड़ नए वोटर बना दिए गए।" राहुल ने दावा किया कि कर्नाटक में उनकी जांच में एक विधानसभा क्षेत्र में ही एक लाख से अधिक वोट चोरी पाए गए।

### इलेक्शन कमीशन भी संलिप्त

राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग ने इस पर कोई कार्रवाई नहीं की, बल्कि जब उन्होंने प्रेस वार्ता में सबूत दिखाए तो उनसे ही एफिडेविट मांगा गया। उन्होंने कहा, "यह साफ हो चुका है कि इलेक्शन कमीशन की भूमिका संदिग्ध है और अब ये चोरी छुपाई नहीं जा सकती।"

### बिहार में मतदाता पुनरीक्षण पर सवाल

राहुल ने कहा कि अब बीजेपी की आखिरी साजिश बिहार में रची जा रही है। उन्होंने मतदाता सूची के विशेष संशोधन को चुनाव चोरी की साजिश करार दिया। उन्होंने जनता से अपील की कि वे अपने वोट की रक्षा करें क्योंकि गरीब और कमजोर वर्ग के पास सिर्फ वोट ही ताकत है।

### अरबपतियों की सरकार

राहुल गांधी ने पीएम नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि, "आप वोट डालते हो, आपका वोट चोरी होता है और फिर आपका पैसा पांच-छह अरबपतियों को दे दिया जाता है।" उन्होंने जाति जनगणना और 50 फ़ीसदी आरक्षण सीमा खत्म करने की मांग दोहराई और कहा कि कांग्रेस व इंडिया गठबंधन इसके लिए संघर्ष करेगा।

### विपक्षी नेताओं की मौजूदगी

सभा में लालू प्रसाद यादव, तेजस्वी यादव, मल्लिकार्जुन खरगे, के.सी. वेणुगोपाल, दीपांकर भट्टाचार्य, मुकेश सहनी, सुभाषिनी अली सहित इंडिया गठबंधन के कई नेता मौजूद थे। लालू यादव ने स्वास्थ्य कारणों से डॉक्टर की मनाही के बावजूद रैली में शिरकत की। राहुल ने उनके आने पर विशेष धन्यवाद दिया।

### भीड़ का जोश और विपक्षी एकता का प्रदर्शन

जनसभा में उमड़ी भीड़ ने विपक्षी एकता को मजबूत संदेश दिया। बार-बार "चोरी नहीं होने देंगे" के नारे गूंजे। तेजस्वी यादव ने कहा कि "यह वोट चोरी नहीं, डकैती है और बिहार की जनता इसे बर्दाश्त नहीं करेगी। राहुल गांधी की इस यात्रा की शुरुआत ने बिहार विधानसभा चुनाव की राजनीतिक बिसात को गरमा दिया है। विपक्ष ने इसे लोकतंत्र बचाने का आंदोलन बताया, जबकि भाजपा और चुनाव आयोग पर गंभीर सवाल खड़े किए गए। विशेषज्ञों का मानना है की आने वाले दिनों में "वोटर अधिकार यात्रा" बिहार की सियासत का केंद्र बिंदु बन सकती है।

## राहुल गांधी की रैली में लालू का जलवा

शिशिर सोनी ▶▶ नई दिल्ली

चंपा देवी। गाँव- डेहरी। मुनीर पासवान। गाँव- दिनारा। संतोष यादव। गाँव - कराकट। एक कांग्रेस। दूसरे राजद और तीसरे सीपीआई के कट्टर समर्थक। नीतीश जाएँगे ? इस सवाल पर संतोष यादव ने छूटते ही कहा, वैसे भी उनकी तबीयत ठीक नहीं। भाजपा अब उनको मौका नहीं देने वाली। अब तेजस्वी के नेतृत्व में महागठबंधन की सरकार बिहार में बनेगी। क्यों ? नीतीश ने अच्छा काम नहीं किया ? चंपा देवी ने तुनक कर बोलीं, बाक़ी बार महागठबंधन सरकार। आए तो थे सब राहुल गांधी को सामने से देखने लेकिन पागल हो गए लालू यादव को देख के। बीमार लालू के आने का अंदेशा किसी को नहीं था। जब मंच सज गया। राहुल गांधी ,मल्लिकार्जुन खरगे समेत महागठबंधन के सभी नेता जब मंच पर आ गए तेजस्वी के साथ लालू नमूदार हुए। भीड़ जैसे उन्माद से भर गई। जिंदाबाद ▶▶ शेष पेज 5 पर

**खबर संक्षेप**

### मोतीनगर में थार ने मोटरसाइकिल सवार को कुचला, चालक गिरफ्तार

**एजेंसी, नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के मोतीनगर इलाके में एक थार एसयूवी चालक ने एक मोटरसाइकिल सवार को कुचल दिया, जिससे इस घटना में उसकी मौत हो गयी। अरोपी थार चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि सुदर्शन पार्क निवासी अमरिंदर सिंह (25) ने अपनी गाड़ी से भिक्षु लाल (40) की मोटरसाइकिल को कथित तौर पर टक्कर मार दी, जिससे मोटरसाइकिल सवार की मौके पर ही मौत हो गई। यह घटना सुदर्शन उद्यान इलाके में शुक्रवार आधी रात के आसपास हुई। लाल का शव खून से लथपथ अवस्था में बरामद हुआ। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि मोटरसाइकिल को टक्कर मारने के बाद एसयूवी ट्रक से जा भिड़ी और बाद में रूक गई। आरोपी अपने वाहन को छोड़कर घटनास्थल से फरार हो गया था लेकिन बादमें उसका पता लगाकर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। अधिकारी ने कहा, ₹थार के चालक को हिरासत में लिया गया है। आगे की कानूनी कार्यवाही की जा रही है।

### एक व्यक्ति ने पुलिस थाने पहुंचकर पत्नी की हत्या की बात कबूली

**एजेंसी, नई दिल्ली।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली के सीलमपुर इलाके की एक झुग्गी बस्ती से रविवार को 24 वर्षीय महिला का शव बरामद किया गया। पुलिस ने बताया कि महिला के पति ने स्थानीय पुलिस थाने में जाकर उसकी हत्या करने की बात कबूल की। पुलिस ने बताया कि व्यक्ति के कबूलनामे के बाद एक टीम को तुरंत सीलमपुर के झुग्गी-झोपड़ी इलाके में घटनास्थल पर भेजा गया और वहां महिला का शव फर्श पर पाया गया। अधिकारी ने कहा कि घटनास्थल पर फॉरेंसिक टीम को बुलाया गया। बाद में शव को पोस्टमार्टम के लिए जीटीबी (गुरु तेग बहादुर) अस्पताल भेज दिया गया। उन्होंने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है और अपराध के पीछे के मकसद का पता लगाने के लिए जांच जारी है। अधिक जानकारी की प्रतीक्षा है।

### नाइजीरिया के तीन नागरिकों को निर्वासन केंद्र भेजा

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली के द्वारका में अवैध रूप से रह रहे नाइजीरिया के तीन नागरिकों को एक अभियान के दौरान पकड़कर निर्वासन केंद्र भेज दिया गया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। यह अभियान विदेशियों के खिलाफ निर्धारित समय से ज्यादा भारत में रहने के खिलाफ चलाया जा रहा है। पुलिस ने एक अधिकारी ने बताया कि निर्वासन केंद्र में भेजे गए तीनों व्यक्तियों की पहचान नगोसिना माइकल न्वासा, चिनेडू विक्टर चुकुडी और फेमी जिमो अदेबाजो के रूप में हुई है। अधिकारी ने कहा कि विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय द्वारा जारी आदेश पर कार्रवाई करते हुए आरोपियों को 11 अगस्त को नरेला के लामपुर स्थित निर्वासन शिविर में भेज दिया गया।

## एसएचओ को शराबखोरी और स्थानीय निवासियों की सुरक्षा की शिकायतों पर कार्रवाई करने का दिया निर्देश

# शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने जलभराव प्रभावित स्थल का किया निरीक्षण

**प्रमुख नालों और नालियों की समय पर सफाई हो**

शिक्षा मंत्री ने बताया कि मानसून सीजन में जलजमाव से निपटने के लिए जनकपुरी विधानसभा के सभी प्रमुख नालों और नालियों की समय-समय पर मशीनों और मैनुअल तरीके से सफाई के निर्देश भी दे दिए गए हैं। साथ ही जलजमाव वाले क्षेत्रों में अतिरिक्त मोबाइल पंपिंग स्टेशन तैनात किए जा रहे हैं ताकि पानी तुरंत निकाला जा सके। पिछले वर्षों के अनुभव के आधार पर जिन क्षेत्रों में लगातार पानी भरता है, उन्हें हॉटस्पॉट ज़ोन घोषित कर विशेष निगरानी की व्यवस्था भी की गई है। लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी), दिल्ली नगर निगम, दिल्ली जल बोर्ड और यातायात पुलिस के बीच समन्वय सुनिश्चित किया गया है ताकि पानी निकलने में देरी न हो। सूद ने कहा कि दिल्ली की जनता को बरसात में जलजमाव की समस्या से मुक्ति दिलाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। हम अल्पकालिक राहत और दीर्घकालिक समाधान दोनों पर एक साथ काम कर रहे हैं।

हरिभूमि न्यूज ▸▸नई दिल्ली



दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने रविवार को अपनी विधानसभा जनकपुरी के सी ब्लॉक में बारिश के कारण कई जगह पानी भरने की शिकायतों के बाद उस क्षेत्र का दौरा किया। उनके साथ दिल्ली जल बोर्ड, लोक निर्माण विभाग और पुलिस के अधिकारी भी उपस्थित थे। मंत्री सूद ने बताया कि पूरे जनकपुरी में बरसात के दिनों में जलजमाव की भारी समस्या है। उन्होंने कहा कि पिछली सरकार के विधायक ने इस क्षेत्र में 10 साल तक कोई काम नहीं किया। जिस कारण यहां समस्याओं का अंबार है। उन्होंने कहा कि आज की बरसात के कारण सी ब्लॉक में दो-दो फुट पानी भर गया था। पानी की समुचित निकासी की कोई व्यवस्था न होने के कारण पूरी सड़क जलमग्न ही गयी थी। उन्होंने जल बोर्ड के कर्मचारियों से अपने सामने खड़े होकर नालियों के मुंह और सीवर के ढक्कन खोल कर सफाई कराई। साथ ही उन्होंने कर्मचारियों को निर्देश दिए कि वह इसका स्थायी समाधान करने के लिए भी आज से ही काम शुरू कर दे ताकि सी ब्लॉक के निवासियों को भविष्य में जलजमाव की समस्या का सामना न करना पड़े।

सी ब्लॉक के स्थानीय निवासियों ने मंत्री सूद को बताया कि इस जगह एक शराब की दुकान भी है यहां पर लोग शाम के समय खुले में शराब का सेवन करते हैं। और यहां पर तेज आवाज में म्यूजिक भी बजाया जाता है जिससे यहां महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों की सुरक्षा की भी समस्या सामने आई है। मंत्री सूद ने एसएचओ को निर्देश दिए कि वह तत्काल इस समस्या का समाधान करें और लगातार 10 दिनों तक यहां अपने पुलिसकर्मियों से निगरानी भी कराए ताकि यहां पर कोई भी अनहोनी घटना न घट पाए। साथी ही मंत्री सूद ने एसएचओ को निर्देश दिए कि सी ब्लॉक में जो पुलिस चौकी है वह जर्जर हालत में है उसको भी तत्काल ठीक कराने के लिए कार्यवाही की जाए। शिक्षा मंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली को साफ सुथरा शहर बनाने के लिए कई स्तरों पर काम कर रही है। दिल्ली को कूड़े से निस्तारण, जल जमाव की समस्या का स्थाई समाधान, प्रदूषण आदि ज्वलंत विषयों पर सरकार गम्भीरता से काम कर रही है और इसके सार्थक परिणाम भी आ रहे है।

## कंपनी से महंगे मोबाइल फोन चुराने के आरोप में एक कर्मचारी गिरफ्तार

एजेंसी ▸▸नई दिल्ली



दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के सागरपुर में स्थित अपने कार्यस्थल से महंगे मोबाइल फोन चोरी करने के आरोप में एक ई-कॉमर्स कंपनी के कर्मचारी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। उत्तम नगर के मोहन गार्डन के निवासी मनीष कुमार उर्फ बिलाल नामक आरोपी के पास से चोरी के दो आईफोन और एक महंगा एंड्रॉइड फोन बरामद किया गया है। उसे 13 अगस्त को एक संयुक्त अभियान के तहत गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि नौ अगस्त को कंपनी ने सागरपुर में स्थित अपने कार्यालय में मोबाइल फोन चोरी की सूचना दी, जिसके बाद एक ई-एफआईआर दर्ज करके जांच शुरू की गई। जांच दल को कुमार पर शक हुआ और पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर सागरपुर इलाके से उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा, " कंपनी में टीम लीडर के रूप में काम करने वाले कुमार ने पूछताछ के दौरान सीसीटीवी कैमरों की बिजली आपूर्ति काटकर फोन चुराने की बात कबूल की।" अधिकारी के अनुसार, वह एमबीए की पढ़ाई कर चुका है और लगभग 10 महीने पहले कंपनी में शामिल हुआ था। पुलिस उपायुक्त (दक्षिण-पश्चिम) अमित गोयल ने बताया कि मामले की जांच जारी है। उन्होंने कहा कि कुमार ने अपराध को अंजाम देने के लिए कंपनी की अंदरूनी जानकारी का फायदा उठाया।

## रामलीला मंचन और दशहरा का भी होगा भव्य आयोजन : इंद्राज

हरिभूमि न्यूज ▸▸नई दिल्ली

दिल्ली के समाज कल्याण विभाग मंत्री रविंद्र इंद्राज सिंह ने रविवार को कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधाएं सरकार की प्राथमिकता हैं। कांवड़ यात्रा का ऐतिहासिक आयोजन, श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का भव्य आयोजन संपन्न हुआ और आने वाले समय में रामलीला व दशहरा के आयोजन में भी श्रद्धालुओं को बेहतर व्यवस्था उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने वालंटियर के रूप में व्यवस्था में सहयोग दे रहे स्थानीय निवासियों और युवाओं का भी अभिनन्दन किया। मंत्री इंद्राज ने श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के अवसर कई कार्यक्रमों में शामिल हुए। समाज कल्याण मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के निर्देश हैं कि त्योहारों के दौरान सुरक्षा एवं यातायात प्रबंधन की विशेष व्यवस्था रहे। स्थानीय प्रशासन, पुलिस और नगर निगम के सहयोग से आयोजन



श्रद्धालुओं की सुविधाएं सरकार की प्राथमिकता, धूमधाम से मनेंगे सभी धार्मिक पर्व

स्थलों के आसपास स्वच्छता, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था और यातायात नियंत्रण पर विशेष ध्यान दिया जाए। साथ ही भीड़ प्रबंधन के लिए पुलिस बल की पर्याप्त तैनाती रहे, वहीं एम्बुलेंस और चिकित्सा दल भी आपात स्थिति के लिए तैयार रहें। मंत्री इंद्राज ने कहा कि दिल्ली सरकार सभी धार्मिक आयोजनों के लिए सुचारू प्रबंध सुनिश्चित करने के लिए संकल्पित है ताकि श्रद्धालु बिना किसी असुविधा के परंपरागत त्योहारों की भव्यता का आनंद ले सकें।

### आईपीयू के एमटेक प्रोग्राम में दाखिले के अवसर

**नई दिल्ली।** आईपी यूनिवर्सिटी के एम. टेक (मैकेनिकल इंजीनियरिंग) प्रोग्राम में दाखिले के लिए 22 अगस्त तक आवेदन किया जा सकता है। आईपीयू प्रशासन ने रविवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि यह प्रोग्राम यूनिवर्सिटी से संबद्ध एकेलॉन इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, फ़रीदाबाद में उपलब्ध है। कुल सीटें 12 हैं। यह जैन माइनॉरिटी संस्थान है इसलिए जैन माइनॉरिटी कोटा यहाँ लागू है। पर सामान्य वर्ग के उम्मीदवारों के लिए भी द्वार खुले हुए हैं। आवेदन ऑफलाइन मोड में यूनिवर्सिटी कुलसचिव के नाम निर्गत 2,500 रुपये के बैंक ड्राफ्ट के साथ यूनिवर्सिटी सुविधा केंद्र पर 22 अगस्त तक जमा करने हैं। इसकी विस्तृत जानकारी यूनिवर्सिटी की दोनों वेबसाइटों पर उपलब्ध है।

### तीन राज्यों से छह लोग गिरफ्तार

## अवैध कॉल सेंटर का भंडाफोड़

एजेंसी ▸▸नई दिल्ली



दिल्ली पुलिस ने विकासपुरी इलाके में एक अवैध कॉल सेंटर का भंडाफोड़ करते हुए छह साइबर जालसाजों को गिरफ्तार किया है जो लोगों को एक निजी बैंक की तकनीकी सहायता टीम के नाम पर ठगते थे। अधिकारियों ने रविवार को बताया कि ये लोग क्रेडिट कार्ड की सीमा बढ़ाने और पिन जनरेट करने में मदद के नाम पर नये कार्डधारकों को निशाना बनाते थे। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तारियां दिल्ली, हरियाणा और तेलंगाना में की गईं। उन्होंने बताया कि आरोपियों के पास से कुल 41 मोबाइल फोन, एक लैपटॉप, एक राउटर और बैंक ग्राहकों के डेटा वाली डायरियां जब्त की गईं। पुलिस के अनुसार आरोपियों की पहचान विजय कुमार शर्मा (46), मूलचंद मिश्रा (51), अमित (27), प्रदीप साहू (28), गौरव (38) और हेमंत (25) के रूप में हुई है। गिरोह ने कई पीड़ितों से लगभग 85 लाख रुपये ठगे। बरामद मोबाइल नंबरों के खिलाफ राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल (एनसीआरपी) पर पहले से ही 95 शिकायतें दर्ज हैं। पुलिस उपायुक्त (द्वारका) अंकित सिंह ने बताया कि यह मामला तब प्रकाश में आया जब द्वारका निवासी वीरेंद्र कुमार (42) ने 21 जून को एक शिकायत दर्ज करायी कि एक नये निजी बैंक के क्रेडिट कार्ड के लिए आवेदन करने के बाद उन्हें पिन जनरेट करने के संबंध में एक कॉल आयी। जल्द ही उनके खाते से 2.81 लाख रुपये का अनधिकृत लेनदेन का पता चला। उन्होंने बताया कि शिकायत के बाद प्राथमिकी दर्ज करके आगे की जांच शुरू की गई है। अधिकारी ने बताया कि आरोपी एक अवैध कॉल सेंटर चलाते थे, जहां टेलीकॉलर खुद को बैंक अधिकारी बताते थे। अधिकारी ने बताया कि वे क्रेडिट कार्ड धारकों से संपर्क करते थे और उन्हें क्रेडिट सीमा बढ़ाने या पिन जनरेट करने में मदद का झांसा देते थे। उन्होंने बताया कि बातचीत के दौरान, वे पीड़ितों को एक एपीके फाइल डाउनलोड करने के लिए कहते थे, जिससे धोखेबाज उनके मोबाइल फ़ोन तक एसएमएस सहित, दूर से ही पहुंच बना सकते थे। उन्होंने कहा कि इससे उन्हें ओटीपी और बैंकिंग विवरणों पर नियंत्रण मिल जाता था। सिंह ने बताया कि इसके बाद गिरोह चुराई गई जानकारी का इस्तेमाल पीड़ित के क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल करने के लिए करता था। वह उसके जरिये पैसे बैंक खातों में अंतरित करता था या ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म के जरिए महंगे मोबाइल फोन खरीदता था। बाद में धोखेबाज इन फोनों को स्थानीय खुदरा विक्रेताओं को रियायती दरों पर बेच देते थे और खुद को कंपनी का डीलर बताते थे। पुलिस ने बताया कि तकनीकी निगरानी से पता चला कि शिकायतकर्ता को धोखाधड़ी वाली कॉल विकासपुरी इलाके से आयी थी। पुलिस ने इलाके कि आगे की जांच में पता चला कि अपराध में इस्तेमाल किए गए 'म्यूल' खाते और फर्जी सिम कार्ड हरियाणा के पानीपत, पंजाब के बठिंडा और तेलंगाना के हैदराबाद से हैं। पुलिस ने बताया कि विकासपुरी और हैदराबाद में एकसाथ छापेमारी की गई, जिसके बाद सरगना विजय शर्मा और उसके साथियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि शर्मा ने पीड़ितों को लुभाने के लिए चार महिला टेलीकॉलर्स को काम पर रखा था, जिसके बाद वह खुद कॉल हैंडल करता था, दुर्भावनापूर्ण एपीके फ़ाइल भेजता था और पैसे की हेराफेरी करता था। पुलिस ने कहा कि मामले में आगे की जांच की जा रही है।

## दोहरे हत्याकांड के मामले में चार पकड़े

एजेंसी ▸▸नई दिल्ली



उत्तर-पूर्वी दिल्ली के अलग-अलग इलाकों में पिछले सप्ताह मृत पाए गए दो व्यक्तियों की हत्या के सिलसिले में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक 11 अगस्त को खजूरी खास के सी-ब्लॉक में 33 वर्षीय एक व्यक्ति मृत पाया गया। उसकी पहचान खजूरी खास के हरकेश मार्केट निवासी राजी अहमद के रूप में हुई। जब पुलिस राजी अहमद की मौत की जांच कर रही थी तो अगले दिन दयालपुर में एक घर के बंद रसोईघर में सड़ी-गली अवस्था में एक और शव मिला। इस व्यक्ति की पहचान उत्तर प्रदेश के लोनी निवासी 37 वर्षीय शमी आलम के रूप में हुई। दोनों व्यक्ति आपस में साला-बहनोई निकले तथा पैसों को लेकर शराब के नशे में हुए झगड़े के शिकार हुए।

इन हत्याओं की जांच के लिए पुलिस ने उत्तर-पूर्वी जिले के विशेष प्रकोष्ठ को शामिल किया और सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण शुरू किया। सबसे पहले पुलिस ने सोनिया विहार निवासी 24 वर्षीय विक्की तोमर और उत्तर प्रदेश के लोनी निवासी 19 वर्षीय अशफाक पर ध्यान केंद्रित किया। इस मामले में दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि पूछताछ के दौरान उन्होंने बताया कि वे शमी और राजी के साथ किराए पर लिए गए दयालपुर स्थित मकान में एक पार्टी के लिए एकत्र हुए थे। राजी द्वारा शमी को उधार दिए गए पैसों को लेकर दोनों पक्षों के बीच बहस छिड़ गई, जिसके बाद शमी की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। आरोपियों ने फरार होने से पहले उसके शव को रसोई में बंद कर दिया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि बाद में, इस डर से कि कहीं राजी, शमी की हत्या की खबर पुलिस को न दे दे, लोनी के दो अन्य व्यक्तियों, फैजान उर्फ खली (22) और मोहम्मद मासूम उर्फ छोटू (25) ने अन्य दो के साथ मिलकर राजी की भी हत्या कर दी।

## महिला के रोने मात्र से दहेज उत्पीड़न का मामला नहीं बनता: हाईकोर्ट



एजेंसी ▸▸नई दिल्ली

दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा है कि केवल इस तथ्य से कि एक महिला रो रही थी, दहेज उत्पीड़न का मामला नहीं बन सकता। न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा ने यह टिप्पणी एक व्यक्ति और उसके परिवार को क्रूरता एवं दहेज उत्पीड़न के आरोपों से मुक्त करने के खिलाफ दायर याचिका को खारिज करते हुए की। अभियोजन पक्ष के अनुसार महिला का उसके पति और ससुराल वालों ने उत्पीड़न किया और दहेज की मांग की। महिला का विवाह दिसंबर 2010 में हुआ था। महिला के परिवार ने दावा किया कि उन्होंने शादी पर लगभग चार लाख रुपये खर्च किए थे लेकिन पति और ससुराल वालों ने मोटरसाइकिल, नकदी और सोने के कंगन की मांग की। महिला की दो बेटियां थीं, उसकी 31 मार्च 2014 को मौत हो गई थी।

उच्च न्यायालय ने कहा कि मृतका की बहन का धारा 161 के तहत बयान दर्ज किया गया जिसमें उसने यह भी कहा कि होली के अवसर पर उसने अपनी बहन को फोन किया था और उस दौरान उसकी बहन रो रही थी। हालांकि केवल इसलिए कि महिला रो रही थी, दहेज उत्पीड़न का कोई मामला नहीं बनता। निचली अदालत ने यह कहते हुए अभियुक्तों को बरी कर दिया था कि मौत निमोनिया के कारण हुई थी। उच्च न्यायालय ने इस बात पर भी जोर दिया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण निमोनिया बताया गया है, न कि क्रूरता।

# डीएमआरसी ने पतंगों व पक्षियों से ओएचई ट्रिपिंग को कम करने में पाई सफलता, उठाए कई कदम

हरिभूमि न्यूज ▸▸नई दिल्ली

दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) द्वारा उठाए गए कदमों के चलते इस बार रक्षा बंधन, स्वतंत्रता दिवस व जन्माष्टमी पर पतंगबाजी के कारण ओएचई ट्रिपिंग में उल्लेखनीय कमी पाई है। डीएमआरसी के आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2021 में 102 से घटकर 2025 में केवल 11 ओएचई ट्रिपिंग की घटनाएं ही रह गईं, जो एक महत्वपूर्ण कामयाबी कही जा सकती है। इसके लिए डीएमआरसी ने कई कदम उठाए थे जिसके सकारात्मक नतीजे सामने आए और इन अवसरों पर मेट्रो की ओएचई ट्रिपिंग की घटनाओं में कमी दर्ज हुई। इस बारे में डीएमआरसी के प्रधान कार्यकारी निदेशक अनुज दयाल ने



बताया कि निरंतर सुधार का श्रेय दिल्ली मेट्रो की सक्रिय रणनीतियों, रखरखाव व विशेष सतर्कता अपनाने को जाता है। उन्होंने कहा कि डीएमआरसी ने ऐसी घटनाओं से निपटने के लिए एक समर्पित प्रतिक्रिया प्रणाली स्थापित की है। इन अवसरों पर सभी लाइनों पर 5-7 सदस्यों वाली रखरखाव टीमें तैनात की जाती हैं जो उलझे हुए तारों को हटाने के लिए तुरंत किसी भी प्रभावित स्थान पर पहुँचती हैं, जिससे मेट्रो सेवाओं की बहाली और समयबद्धता सुनिश्चित होती है। इसके अलावा, डीएमआरसी की ट्रैक्शन ऑपरेशन एंड मेंटेनेंस (ओ एंड एम) टीम ने कुछ निवारक उपाय भी लागू किए। जिनमें पक्षियों और पतंगों की बढ़ती गतिविधि वाले एलिवेटेड स्टेशनों पर कैटेनरी तारों पर इंसुलेशन स्लीव्स लगाए, ताकि उलझे हुए तारों से शॉर्ट सर्किट को रोका जा सके। अब तक 20 एलिवेटेड स्टेशनों पर स्लीव्स लगाई जा चुकी हैं। इसमें लाइन-1 पर 11, लाइन 3 और 4 पर 6, लाइन-6 पर 2 और लाइन-2 पर 1 - और फेज-तीन के स्टेशनों में पोर्टल संरचनाओं और कैंटिलीवर स्थानों के नीचे अतिरिक्त कवरेज प्रदान किया गया है। दयाल ने बताया कि अतिरिक्त इंसुलेटर का उपयोग करके प्रमुख बिंदुओं पर लाइव और अर्थेड तारों के बीच क्लीयरेंस बढ़ाने के लिए ओएचई में संशोधन किया। लाइव तारों के संपर्क के जोखिम को कम करने के लिए रिटर्न कंडक्टरों को स्थानांतरित किया गया। नियमित निरीक्षण और रखरखाव, जिसमें पतंग के मांझे और अन्य बाहरी वस्तुओं को तुरंत हटाने के लिए गैर-परिचालन घंटों के दौरान भी कैटनरी मेंटेनेंस वाहन (सीएमवी) तैनात किए गए। इन सभी उपायों के साथ, अगस्त के त्योहारी सीजन के दौरान मेट्रो के ओवरहेड तारों में पतंग के मांझे के उलझने से होने वाली सेवा बाधित होने की घटनाओं में पिछले कुछ वर्षों में, विशेष रूप से स्वतंत्रता दिवस के आसपास, काफी कमी आई है। डीएमआरसी के आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2021 में 102 से घटकर 2022 में 90, 2023 में 33, 2024 में 23 और 2025 में केवल 11 घटनाएं रह गईं। उन्होंने बताया कि इसके लिए डीएमआरसी ने एक जागरूकता अभियान भी चलाया है जिसमें जनता को मेट्रो के 25000 वोल्ट ओएचई तारों के पास पतंग उड़ाने से बचने की सलाह दी गई। क्योंकि यह खतरनाक, घातक साबित हो सकता है। जनता ने भी सक्रिय रूप से सहयोग किया है, जिसके परिणामस्वरूप इस वर्ष ट्रिपिंग के न्यूनतम मामले सामने आए हैं। दयाल ने बताया कि परंपरागत रूप से, पतंग की डोर खासकर धातु-लेपित मांझा इस अवधि के दौरान मेट्रो के ओवरहेड तारों में उलझकर ओएचई ट्रिपिंग का प्रमुख कारण रही हैं। जिसके परिणामस्वरूप अक्सर मेट्रो सेवाओं में देरी और व्यवधान पैदा होता है। स्वतंत्रता दिवस और जन्माष्टमी जैसे त्योहार पर दिल्ली-एनसीआर में पतंगबाजी का शौक बहुत ज्यादा होने के कारण, ऐसी घटनाओं का जोखिम अपने चरम पर होता है।

## खबर संक्षेप

### पीएम ने 2500 रुपए पर बात न कर महिलाओं को किया निराश: भारद्वाज

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) के दिल्ली प्रदेश संयोजक सौरभ भारद्वाज ने कहा कि पीएम ने रैली में 2500 रुपए पर बात न करके दिल्ली की महिलाओं को निराश किया है। दिल्ली चुनाव में पीएम ने 8 मार्च तक महिलाओं के खाते में 2500 रुपए डालने का वादा किया था, लेकिन ये पैसे आजतक नहीं आए। महिलाओं को उम्मीद थी कि पीएम वादा पूरा करेंगे, लेकिन उन्होंने इस पर एक शब्द नहीं बोला। इससे दिल्ली की महिलाओं में मोदी जी का सम्मान और कम हो गया है। सौरभ ने कहा कि आज से छह-सात महीने पहले प्रधानमंत्री मोदी दिल्ली आए थे। उन्होंने दिल्ली की करीब एक करोड़ महिलाओं से वादा किया था कि महिला दिवस (6 मार्च) से पहले उनके खातों में हर महीने 2,500 रुपये आने शुरू हो जाएंगे। आज दिल्ली की महिलाओं को उम्मीद थी कि प्रधानमंत्री अपना यह वादा पूरा करने आए हैं। लेकिन प्रधानमंत्री ने 2,500 रुपये के वादे के विषय में कुछ नहीं कहा।

### सफाई कर्मचारियों-शिक्षकों पर दबाव बना जुटाई गई भीड़ : आतिशी

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा में नेता विपक्ष आतिशी समेत आम आदमी पार्टी के नेताओं ने सोशल मीडिया पर कई वीडियो साझा कर बताया कि रैली में भाजपा की एमसीडी सरकार ने अपने कर्मचारियों को डरा-धमका कर जबरदस्ती बसों में भरकर भेजा। उन्हें ड्यूटी के बहाने बुलाया गया और जबरदस्ती रैली में भेज दिया गया। आतिशी ने कहा कि जिन सफाई कर्मचारियों की जिम्मेदारी शहर को साफ करने की है, उन्हें रैलियों में भेजकर भाजपा घटिया राजनीति कर रही है। अवकाश के दिन सफाई कर्मचारियों को ड्यूटी के बहाने बुलाकर रैली में भेजना सरकार और सत्ता का दुरुपयोग है। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार गरीब दलित सफाई कर्मचारियों से काम नहीं, राजनीति करवा रही है। आतिशी ने सीमापुरी, जनकपुरी, लक्ष्मी नगर समेत तमाम जगह से सफाईकर्मियों के वीडियो शेयर करते हुए कहा कि भाजपा इन कर्मचारियों को छुट्टी के दिन बुलाया तो लेकिन सफाई के लिए नहीं, बल्कि उन्हें भाजपा की रैली में ले जाने के लिए बुलाया।

### रैली में ताली बजाने के लिए भेजना शिक्षकों का अपमान : सिसोदिया

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और दिल्ली के पूर्व शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि पीएम की रैली में ताली बजाने के लिए शिक्षकों को भेजना उनका अपमान है और भाजपा को इसके लिए माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि 'आप' सरकार ने इन शिक्षकों को विदेशों में भेजकर ट्रेनिंग दिलाई थी, लेकिन अब भाजपा सरकार उनसे रैली में ताली बजवा रही है। सिसोदिया ने कहा कि रविवार को दिल्ली में प्रधानमंत्री ने सड़क का उद्घाटन किया। यह बहुत अच्छी बात है। लेकिन भाजपा की दिल्ली सरकार ने प्रधानमंत्री के फीता काटने के कार्यक्रम में दिल्ली के सारे शिक्षकों को सरकारी आदेश देकर ताली बजाने के लिए बुलाया, यह बहुत आश्चर्यजनक और शर्मनाक बात है। भाजपा को दिल्ली के शिक्षकों से इस बात के लिए माफी मांगनी चाहिए।

---

### 'केंद्र की मोदी सरकार ने दिल्ली को दी गति'

# द्वारका एक्सप्रेस-वे और यूईआर-दो का उद्घाटन

# दिल्ली की रफ्तार को मिलेंगे नए पंख : रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏩ नई दिल्ली

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लगभग 11 हजार करोड़ रुपये की लागत से निर्मित द्वारका एक्सप्रेसवे और अर्बन एक्सटेंशन रोड (यूईआर)-दो के उद्घाटन के अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि इससे दिल्ली की रफ्तार को नए पंख मिलेंगे। मुख्यमंत्री ने रेखा गुप्ता ने अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए दिल्लीवासियों की ओर से हृदय से धन्यवाद प्रकट किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि कभी किसी ने नहीं सोचा था कि सिंघु बॉर्डर से एयरपोर्ट तक का सफर महज 40 मिनट में पूरा होगा। कभी नहीं सोचा था कि मुकरबा चौक, धौला कुआं और एनएच-8 जैसे ट्रैफिक जाम के भयावह स्थल आसानी से पार किए जा सकेंगे। यह सब संभव किया है प्रधानमंत्री मोदी की दूरदर्शिता और संकल्प ने। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों ने दिल्ली को रोककर रखने की राजनीति की, परंतु केंद्र की मोदी सरकार ने दिल्ली को गति दी, रफ्तार दी और विकास की ओर अग्रसर किया। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आपने संकल्प से सिद्धि की तदबीर से इस देश की तकदीर में बदल दिया है। आपके अथक परिश्रम और नई सोच ने तरक्की की नई राहें खोली हैं। दिल्ली की रफ्तार, दिल्ली का गौरव और दिल्ली का भविष्य आपके हाथों में सुरक्षित है। आज दिल्ली का हर नागरिक दिल से आपको धन्यवाद दिया। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री ने दिल्ली की 2.5 करोड़ जनता को जो सौगात दी है, यह केवल सड़कों का जाल नहीं बल्कि दिल्ली की रफ्तार और दिल्ली के भविष्य की नई दिशा है। आपने यह सिद्ध कर दिया है कि राष्ट्रहित आपके लिए सर्वोपरि है और राजनीति से ऊपर उठकर आपने सदैव दिल्ली और देश की सेवा की है। मुख्यमंत्री प्रधानमंत्री को 'विकास पुरुष' और 'नए भारत के पथप्रदर्शक' की संज्ञा देते हुए कहा कि वह असंभव को संभव कर दिखाने की अदम्य क्षमता से भारत को आत्मविश्वास और गर्व से भर दिया है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले दस वर्षों में दिल्ली को अभूतपूर्व सहयोग मिला। इनमें अमृत योजना के तहत हर वर्ष 940 करोड़ रुपये की सहायता प्रदान करना, स्वच्छ भारत मिशन में कूड़े के पहाड़ हटाने के लिए 1500 करोड़ रुपये का प्रावधान,कोविड महामारी के दौरान दिल्ली के प्रत्येक नागरिक को सुरक्षा तंत्र की उपलब्धता,दिल्ली मेट्रो का विस्तार 400 किलोमीटर से अधिक लंबी रेल पटरियों तक, जिसमें पिछली राज्य सरकार का कोई सहयोग नहीं रहा, आरआरटीएस परियोजना के माध्यम से दिल्ली, मेरठ और गाजियाबाद का आपसी जुड़ाव,पीएम-एबीएचआईएम योजना के तहत 2700 करोड़ रुपये की सहायता और प्रधानमंत्री आवास योजना और विशेष सहायता योजना जैसी योजनाओं के लिए सैकड़ों करोड़ रुपये की मदद कर रही है।




#### पीएम के नेतृत्व में दिल्ली ने विकास की नई ऊंचाइयों को छुआ

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में दिल्ली ने विकास की नई ऊंचाइयों को छुआ है। भारत मंडपम और यशोभूमि जैसे अंतरराष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर, बिजवासन रेलवे स्टेशन का आधुनिक पुनर्निर्माण, मेट्रो के नए चरण, नई सड़कें और इंडस्ट्रियल कनेक्टिविटी ने राजधानी को वैश्विक स्तर पर सशक्त पहचान दिलाई है। मुख्यमंत्री ने उल्लेख किया कि किस प्रकार लाखों मीट्रिक टन कूड़े का पुनर्चक्रण कर एनएचएआई ने दिल्ली की नई सड़कों का निर्माण किया। उन्होंने केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी जी का विशेष धन्यवाद देते हुए कहा कि यह कार्य केवल सड़क निर्माण नहीं बल्कि दिल्ली को स्वच्छता की नई सीढ़ी पर चढ़ाने जैसा है।

#### पिछली सरकारों ने केंद्र की योजनाओं का लाभ नहीं पहुंचने दिया जनता तक : सीएम

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि पिछली सरकारों ने दिल्ली को बार-बार ठगा और तुच्छ राजनीति के कारण केंद्र द्वारा दी गई योजनाओं और सहयोग का लाभ जनता तक पहुंचने नहीं दिया। आयुष्मान योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन जैसी अनेक योजनाएं दिल्ली की जनता को नहीं मिल सकीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछली सरकारों ने अपने संकीर्ण स्वार्थ के लिए जनता से मुंह मोड़ा और विकास को जान-बूझकर रोके रखा। परंतु प्रधानमंत्री ने कभी दिल्ली से मुंह नहीं मोड़ा। आपने न कभी भेदभाव किया, न कभी किसी दबाव में आए। आपने बार-बार सिद्ध किया कि दिल्ली भारत की दिल की धड़कन है। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पिछले दस वर्षों में दिल्ली को किस प्रकार अभूतपूर्व सहयोग मिला।

#### प्रधानमंत्री ने की रेखा सरकार की सराहना

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अपने संबोधन में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता सरकार की सराहना की और कहा कि उनके नेतृत्व में यमुना को स्वच्छ बनाने का गंभीर प्रयास चल रहा है। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने ग्रीन-क्लीन दिल्ली पर भी बात की। प्रधानमंत्री ने कहा कि मुझे खुशी है कि रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली की भाजपा सरकार यमुना की सफाई में भी लगातार जुटी हुई है। मुझे बताया गया कि यमुना से इतने कम समय में सोलह लाख मीट्रिक टन सिल्ट हटाई जा चुकी है। इतना ही नहीं, बहुत कम समय में ही दिल्ली में साढ़े छह सौ देवी इलेक्ट्रिक बसें शुरू की गई हैं और इतना ही नहीं, भविष्य में भी इलेक्ट्रिक बसें बहुत बड़ी मात्रा में, करीब-करीब दो हजार का आंकड़ा पार कर जाएंगी। यह ग्रीन दिल्ली, क्लीन दिल्ली के मंत्र को और मजबूत करता है।

---

## यादव ने बुराड़ी में निकाली वन मेन, वन वोट अधिकार रैली, भाजपा व ईसी पर साधा निशाना

हरिभूमि न्यूज ⏩ नई दिल्ली




दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने रविवार को बुराड़ी विधानसभा में वन मेन वन वोट अधिकार रैली निकाली। रैली में यादव ने भाजपा व चुनाव आयोग (ईसी) पर जमकर निशाना साधा। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष आदेश भारद्वाज, पूर्व विधायक हसन अहमद, आब्र्जवर रमेश सब्बरवाल, डा० पी.के. मिश्रा, पूर्व पार्षद ईश्वर बागड़ी और विधानसभा प्रत्याशी रहे मंगेश त्यागी सहित भारी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता व स्थानीय जनता मौजूद थी। अपने संबोधन में यादव ने कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की बिहार में वोटर अधिकार यात्रा की प्रतीकात्मक यात्रा करावल नगर जिला दिल्ली में निकाली गई। उन्होंने कहा कि जहां कांग्रेस संविधान को बचाने के लिए लड़ रही है वहीं भाजपा और आरएसएस संविधान को मिटाने का प्रयास कर रहे-वोट चोरी करके सत्ता में बने रहने के लिए भाजपा लोगों का जनादेश चोरी कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा और चुनाव आयोग के षडयंत्र के कारण साबित हो चुका है कि ऐसा कोई गैर बीजेपी शासित राज्य नही है जहां भाजपा का वोट चोरी का दुष्चक्र न चल रहा हो। चिंता का विषय है कि चुनाव के दौरान जनता का भाजपा के खिलाफ स्पष्ट रुझान होने के बावजूद भाजपा लगातार चुनाव जीत रही है। मैं दिल्ली की जनता से अपील करता हुं कि अपने वोट की चोरी को बचाने के लिए कांग्रेस की वोटर अधिकार यात्रा को अपना समर्थन दें, क्योंकि यह सबसे बुनियादी लोकतांत्रिक अधिकार एक व्यक्ति एक वोट की रक्षा की लड़ाई है। वोट चोरी देश के नागरिक के सबसे मूल अधिकार पर चोट है।

### भीड़ का माहौल बनाने के लिए दिल्ली के सरकारी शिक्षकों को जबरन बुलाया गया : अंकुश

**नई दिल्ली।** भाजपा को बख़ूबी मालूम था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैली में जनता ख़ुद नहीं आने वाली है इसलिए भीड़ का माहौल बनाने के लिए दिल्ली के सरकारी शिक्षकों को जबरन बुलाया गया। दिल्ली नगर निगम में आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और नेता विपक्ष अंकुश नारंग ने भाजपा द्वारा रोहिणी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैली को लेकर रविवार को सोशल मीडिया एक्स पर निशाना साधते हुए यह आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि रैली में भीड़ दिखाने के लिए बाकायदा भाजपा शासित दिल्ली नगर निगम ने आदेश जारी किया है, जिसमें कहा गया है कि सभी अध्यापकों की रैली में उपस्थिति अनिवार्य होगी। शिक्षकों को रैली स्थल तक पहुँचाने के लिए विशेष बसों का इंतज़ाम भी किया गया है। उन्होंने कहा कि जनता से मिल रहे तिरस्कार को छुपाने के लिए अब भाजपा सरकारी कर्मियों की आड़ ले रही है। आरोप लगाते हुए नेता विपक्ष नारंग ने कहा कि 6 महीने भी पूरे नहीं हुए और हाल ये है कि जनता भाजपा से इतनी परेशान हो चुकी है कि अब उनकी रैलियों में ख़ुद जाना तो दूर, लोग देखना भी नहीं चाहते। भाजपा के पास न काम है, न जनता का विश्वास, सिर्फ़ झूठे दावे और ज़बरदस्ती की भीड़ ही बची है। नेता विपक्ष अंकुश नारंग ने कहा कि दिल्ली की जनता अब भाजपा सरकार से पूरी तरह ऊब चुकी है और पीएम मोदी की रैलियों का बहिष्कार करने लगी है।

## मुंडका और किराड़ी की जनता नारकीय जीवन जीने को मजबूर

हरिभूमि न्यूज ⏩ नई दिल्ली

- दिल्ली सरकार और दिल्ली नगर निगम बेपरवाह

दिल्ली देहात के मुंडका और किराड़ी विधानसभा क्षेत्र के लोग पिछले एक दशक से बदहाल जिंदगी जीने को मजबूर हैं। कर चुकाने के बावजूद उन्हें सुविधा तो दूर, नारकीय हालात झेलने पड़ रहे हैं। सबसे बड़ी समस्या जल निकासी की है। हर बरसात में सड़कों पर झील जैसे हालात बन जाते हैं। स्थानीय निवासी डॉ जे पी डबास ने रविवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि रोहतक रोड, कराला-मुंडका मार्ग और मदनपुर-नांगलोई मार्ग जैसी मुख्य सड़कें बारिश के चलते खंडहर बन चुकी हैं। मुंडका रेलवे अंडरब्रिज पिछले पंद्रह साल से जर्जर हालत में है, जहां हमेशा पानी भरा रहता है और लोग रोज़ाना जान जोखिम में डालकर गुजरते हैं।

गांवों में जलभराव से हजारों पेड़ सूख गए, खेती बर्बाद हो गई और बीमारियां फैल रही हैं। मदनपुर डबास-रानीखेड़ा सड़क पर तो सालभर पानी भरा रहता है। नालों की सफाई न के बराबर होती है और सर्विस रोड की हालत दयनीय है और देश और उसकी राजधानी दिल्ली के लिए शर्म का विषय है। स्थानीय लोग बार-बार शिकायत कर चुके हैं, मगर दिल्ली सरकार और नगर निगम सिर्फ लीपापोती में लगे हैं। नतीजा यह है कि समस्या हर साल विकराल रूप ले रही है। जनता सवाल पूछ रही है कि आखिर कब तक करदाताओं को इस लापरवाही का हर्जाना भरना पड़ेगा? अब वक्त आ गया है कि सरकार और निगम आंखें खोलें और ठोस कदम उठाएं, वरना जनता का गुस्सा सड़कों पर दिखना तय है।

### पीएम द्वारा द्वारका एक्सप्रेस-वे और यूईआर-दो के उद्घाटन पर प्रदेश कांग्रेस ने उठाए सवाल

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा द्वारका एक्सप्रेस वे अर्बन एक्सटेंशन रोड (यूईआर) 2 अलीपुर के लोकार्पण पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने सवाल उठाए है। यादव ने आरोप लगाते हुए कहा कि बीजेपी की भ्रष्ट नीतियों और दिल्ली के विकास के प्रति उदासीनता ने एक बार फिर अपना रंग दिखाया है। कांग्रेस ने दिल्ली में पहले ही दो रिंग रोड बनाए थे, लेकिन बीजेपी ने यूईआर 2 और द्वारका एक्सप्रेसवे सबसे महंगा और देरी से पूरा होने वाला प्रोजेक्ट बना दिया। उन्होंने आरोप लगाए कि कुल 54 किलोमीटर के यूईआर 2 पर 5580 करोड़ रुपये खर्च हुए, यानी प्रति किलोमीटर 103 करोड़ रूपए। उन्होंने कहा कि निसंदेह एक दिन इस परियोजना में भ्रष्टाचार निकलेगा। क्योंकि सीएजी (कैग) ने पहले ही द्वारका एक्सप्रेसवे में भ्रष्टाचार की पोल खोलकर रख दी थी। उन्होंने कहा कि यह सब बीजेपी का जनता को गुमराह करने का ढोंग मात्र है। बीजेपी की भ्रष्टाचार की लंबी फेहरिस्त को देखते हुए यूईआर 2 भी जल्द सवालों के घेरे में होगा। इसके अलावा यादव ने दिल्ली भाजपा व सीएम रेखा गुप्ता को भी घेरा। उन्होंने कहा कि भाजपा की खस्ता हालत का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि उद्घाटन अवसर पर लोगों की भीड़ नदारद रही। इसका पूर्व अंदाजा भाजपा का था, इसलिए ही प्रधानमंत्री मोदी की रैली में खाली कुर्सियों को भरने के लिए बीजेपी ने फ़रमान जारी किया था।

## हरीश चंद्र अस्पताल: 216 करोड़ की बड़ी परियोजना फंड की कमी से ठप

दया राम ⏩ नई दिल्ली

दिल्ली के स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करने के उद्देश्य से नरेला स्थित सत्यवादी राजा हरिश चंद्र अस्पताल में करीब 216 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली महत्वाकांक्षी परियोजना फंड की कमी के चलते अब अधर में हैं। बता दें कि इस परियोजना के तहत अस्पताल परिसर में कैंसर ब्लॉक, मातृत्व ब्लॉक और स्क्रीनिंग ओपीडी के अतिरिक्त एवं रीमॉडलिंग कार्य होना था। जानकारी के अनुसार इस परियोजना की शुरुआत 9 अगस्त 2020 को की गई थी। इस परियोजना की कुल लागत 216 करोड़ 71 लाख 51 हजार 437 है और काम का जिम्मा दिल्ली सरकार के लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) को सौंपा गया था। लोक निर्माण विभाग के सिविल हेल्थ मेंटेनेंस डिवीजन (नॉर्थ) के तहत चल रहे इस काम की निगरानी एक्सिक्यूटिव इंजीनियर कर रहे हैं। अस्पताल के सूत्रों ने बताया कि यह परियोजना अगस्त 2020 में शुरू हुई थी, लेकिन कोविड महामारी और प्रशासनिक अड़चनों के कारण कई बार काम की रफ्तार धीमी हुई। अब फंड जारी न होने के चलते यह पूरी तरह रुक चुका है।




#### क्यों रुका हुआ है यह विकास कार्य?

इस परियोजना के कार्य की गति जानने के लिए जब हरिभूमि संवाददाता ने मौके पर रिपोर्ट की तो पाया कि कई ओपीडी प्रवेश द्वार के सामने कई हिस्सों में निर्माण आधा-अधूरा पड़ा है। वहीं, इस संबंध में एक्सिक्यूटिव इंजीनियर पवन कुमार ने बताया कि फंड की कमी के कारण यह विकास कार्य फिलहाल ठप हो गया है। जब तक आवश्यक राशि जारी नहीं होती, ठेकेदार आगे काम नहीं कर सकता।

#### मरीजों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है असर

मातृत्व ब्लॉक का निर्माण कार्य अधर में होने से प्रसूति सेवाएं सीमित हैं, जिससे कई गर्भवती महिलाओं को निजी अस्पतालों या दूरस्थ सरकारी अस्पतालों में जाना पड़ता है। नई स्क्रीनिंग ओपीडी का काम अधूरा होने से रोगों की शुरुआती पहचान में बाधा आ रही है। इसके साथ ही वर्तमान में नरेला और आसपास के क्षेत्रों में कैंसर मरीजों को इलाज के लिए एम्स जैसे बड़े अस्पतालों में जाना पड़ रहा है।

#### स्थानीय लोगों की मांग

स्थानीय नागरिकों और सामाजिक संगठनों का कहना है कि दिल्ली सरकार और लोक निर्माण विभाग मंत्री को तुरंत हस्तक्षेप कर फंड जारी करना चाहिए। स्थानीय निवासियों का कहना है कि आम आदमी पार्टी के शासन काल में हमने सोचा था कि नया कैंसर ब्लॉक और मातृत्व ब्लॉक बनने से हमारे इलाके की तकदीर बदल जाएगी, लेकिन अब तो यह ढांचा कबाड़ बनता जा रहा है। और 27 साल बाद बनी भाजपा सरकार भी इस पर कोई विशेष ध्यान नहीं दे रही है।

---

### कई जगह हुआ जलभराव, न्यूनतम तापमान 25.6 हुआ दर्ज

# दिल्ली में झमाझम बारिश, मौसम हुआ सुहावना

हरिभूमि न्यूज ⏩ नई दिल्ली



- बारिश होने से दिल्लीवालों को उमस से मिली राहत

दिल्ली में इन दिनों लगातार झमाझम बारिश देखने को मिल रही है। इसी कड़ी में वीकेंड यानी रविवार को हुई झमाझम बारिश से मौसम सुहावना हो गया। छुट्टी का दिन हो और बारिश हो जाए तो लोग जमकर आनंद उठाने से नहीं चुकते। हालांकि हर बार की तरह रविवार को भी बारिश की वजह से कई क्षेत्रों में जलभराव से परेशानी हुई। लेकिन उमस से राहत मिली और पारा लुढ़कने से मौसम का मजा दो गुना हो गया। प्रादेशिक मौसम विज्ञान केंद्र दिल्ली (आईएमडी) ने बताया कि सुबह से ही मौसम सुहावना बना हुआ था। आसमान पर बादलों का जमावड़ा बता रहा था कि बारिश होगी। दिन में तेज हवाएं चली और उसके बाद दिल्ली के कई क्षेत्रों में हल्की व मध्यम बारिश देखने को मिली। बारिश के चलते न्यूनतम पारा लुढ़का है। जबकि अधिकतम तापमान में मामूली बढ़त देखने को मिली है। आईएमडी के अनुसार अधिकतम तापमान 34.2 रहा जो इस मौसम के सामान्य तापमान से 0.4 डिग्री सेल्सियस अधिक है। जबकि न्यूनतम तापमान 25.6 दर्ज हुआ जो इस मौसम के सामान्य तापमान से 0.9 डिग्री सेल्सियस कम है। आईएमडी के अनुसार अगले चार पांच दिन दिल्ली में हवाओं व मेघ गर्जना तथा आसमानी बिजली के साथ हल्की बारिश दर्ज होगी। तापमान में हल्की गिरावट देखने को मिल सकती है।

## अमित शाह करेंगे ऑल इंडिया स्पीकर्स कांफ्रेंस में डाक टिकट का विमोचन

हरिभूमि न्यूज ⏩ नई दिल्ली

- संसदीय दूरदर्शी विट्ठल भाई पटेल की विरासत को समर्पित होगा विशेष डाक टिकट : गुप्ता

दिल्ली में 24 अगस्त से आयोजित होने वाली ऑल इंडिया स्पीकर्स कांफ्रेंस में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह एक डाक टिकट का विमोचन करेंगे। इस बात की जानकारी रविवार को विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने दी। उन्होंने कहा कि हमारे संसदीय पुरोधाओं का सम्मान करना केवल इतिहास को याद करना नहीं है, बल्कि भविष्य के लिए प्रेरणा लेना है। इसी भावना के साथ, 1925 में केंद्रीय विधान सभा के पहले निर्वाचित अध्यक्ष (स्पीकर) बने विट्ठल भाई पटेल की शताब्दी के उपलक्ष्य में एक विशेष डाक टिकट केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह द्वारा जारी किया जाएगा। इस अवसर पर माननीय केंद्रीय संचार एवं मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। संचार मंत्रालय एवं इंडिया पोस्ट के सहयोग से जारी होने वाला यह विशेष डाक टिकट विट्ठल भाई पटेल की महान संसदीय विरासत और उनके असाधारण योगदान को राष्ट्र की ओर से शताब्दी श्रद्धांजलि स्वरूप प्रस्तुत करेगा।

यह विमोचन विट्ठलभाई झावेरभाई पटेल के दूरदर्शी संसदीय योगदान और राष्ट्र-निर्माण में उनकी ऐतिहासिक भूमिका के सम्मान में किया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### कंपनी कर्मी से 90 हजार रुपए ठगे




**गुरुग्राम।** साइबर क्राइम वेस्ट थाना एरिया में कंपनी कर्मी से बैटिंग ऐप के माध्यम से 90 हजार रुपए की ठगी करने का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में पवन कुमार निवासी कुहाड़वास जिला झुंझुनु राजस्थान ने बताया कि वह गुरुग्राम के सेक्टर-110 में रहकर जेबीएम प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में काम करता है।

### क्रेडिट कार्ड से लगाई ढाई लाख रुपए की चपत



**गुरुग्राम।** 17 अगस्त साइबर क्राइम वेस्ट थाना में जालसाज द्वारा एक व्यक्ति के क्रेडिट कार्ड से छह मोबाइल बिल के भुगतान कर 2.50 लाख रुपए की ठगी करने का मामला सामने आया है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि उसने कोई मोबाइल फोन नहीं खरीदा लेकिन उसके मोबाइल पर क्रेडिट कार्ड की डिटेल में तीन मोबाइल के बिल का भुगतान किया जाना सामने आया है।

### पुलिस व गोकश के बीच चली गोलियां, गोक्ष घायल



**गाजियाबाद** । उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जिले में शनिवार की देर रात पुलिस में गोकश के बीच गोलियां चली जिसमें गोक्ष घायल हो गया उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है खास बात यह है कि यह गोकश अमरोहा जिले के पुजारी का रहने वाला है और गाजियाबाद के देहात क्षेत्र में गोकशी कर रहा था घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया है कब्जे से एक तमंचा वह एक मोटरसाइकिल बरामद हुई एसीपी लिपि नगाइच ने रविवार को बताया कि थाना मसूरी पुलिस पाइप लाइन बंबे फ्लैटों के पास पुलिया पर चेकिंग कर रही थी।

# जिला प्रशासन ने जारी किया अलर्ट, बाढ़ के खतरे को हल्के में न लें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरीदाबाद

उपायुक्त विक्रम सिंह ने यमुना क्षेत्र के संवेदनशील इलाकों में अलर्ट जारी करते हुए कहा है कि ओखला बैराज क्षेत्र में जल स्तर रात तक बढ़ सकता है। अनुमान है कि कल प्रातः लगभग 4 बजे तक बैराज से 80 से 90 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा जा सकता है, जिसके चलते निचले क्षेत्रों में गंभीर बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो सकती है। इस गंभीर परिस्थिति को देखते हुए प्रशासन ने यमुना किनारे क्षेत्रों में रहने वाले सभी निवासियों को तुरंत सुरक्षित स्थानों पर जाने के निर्देश दिए हैं। डीसी ने साफ कहा है कि किसी भी प्रकार की लापरवाही जानलेवा साबित हो सकती है। इसलिए लोग प्रशासन के निर्देशों का पालन करें और निचले इलाकों से तत्काल बाहर निकल सुरक्षित स्थान पर पहुंचने में देरी न करें, इसके लिए प्रशासन के अधिकारी भी फील्ड में मौजूद रहेंगे।

डीसी विक्रम सिंह ने संबंधित अधिकारियों को आदेश दिया है कि सभी संवेदनशील क्षेत्रों में चौकसी बढ़ाएं और राहत व बचाव कार्यों के लिए पूरी तैयारी के साथ मैदान में डटे रहें। आपातकालीन सेवाओं को 24 घंटे अलर्ट मोड पर रखा गया है तथा सभी संसाधन उपलब्ध करा



दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि आज रात से ही पानी का स्तर तेजी से बढ़ेगा। प्रशासन ने स्पष्ट कर दिया है कि कोई भी व्यक्ति अनावश्यक रूप से निचले और संवेदनशील इलाकों में न जाए और परिवार सहित सुरक्षित स्थानों पर ही रहे। संवेदनशील क्षेत्रों में लगातार मुनादी कराई जा रही है और जागरूकता अभियान तेज कर दिए गए हैं।

प्रशासन ने चेतावनी दी है कि संवेदनशील समय में अफवाह फैलाने वालों पर कार्रवाई की जाएगी और नागरिक केवल आधिकारिक सूचनाओं पर ही विश्वास करें। प्रशासन ने आश्वस्त किया है कि राहत एवं बचाव कार्यों के लिए सभी टीमें हर समय तैयार हैं, लेकिन सुरक्षा की पहली जिम्मेदारी नागरिकों की सतर्कता और सहयोग पर निर्भर करती है। बाढ़ के खतरे को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने गांवों में चलाया जागरूकता अभियान उपायुक्त विक्रम सिंह के निर्देशन में स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने आज बसंतपुर, महावतपुर, लालपुर और दलेलपुर गांवों का दौरा किया। इस दौरान डॉ. राम भगत के नेतृत्व में स्वास्थ्य कर्मचारियों ने घर-घर जाकर ग्रामीणों को बढ़ते जल स्तर के कारण उत्पन्न होने वाले संभावित खतरों और बीमारियों से बचाव के उपायों की जानकारी दी। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने लोगों को बाढ़ के दौरान साफ और उबला हुआ पानी पीने, खाने-पीने की वस्तुओं को ढककर रखने तथा मच्छरों से बचाव के लिए मच्छरदानी एवं रिपेलेंट का प्रयोग करने की सलाह दी।

### गांव बडौली में चार करोड़ की लागत से बनी है नई इमारत

# खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री नागर ने सरकारी स्कूल की नई इमारत का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरीदाबाद

तिगांव विधानसभा क्षेत्र के गांव बडोली स्थित सरकारी स्कूल की नई इमारत का उद्घाटन रविवार को किया। प्रदेश के खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री व स्थानीय विधायक राजेश नागर ने किया। इस इमारत के निर्माण पर करीब 4 करोड़ रुपए की लागत आई है।

इस अवसर पर पहुंचे मंत्री राजेश नागर का स्थानीय लोगों ने जोरदार स्वागत किया। पांच गांव के लोगों ने उन्हें सम्मान की पगड़ी पहनाई। इस अवसर पर मंत्री राजेश नागर ने कहा कि वह अपने स्वागत से अभिभूत हैं। वह अपने समस्त क्षेत्र में विकास कार्य करवा



रहे हैं और इस कार्य में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का भरपूर आशीर्वाद उन्हें प्राप्त हो रहा है।

उन्होंने बताया कि गांव के लोगों द्वारा बताए जाने पर उन्होंने न केवल स्कूल का अपग्रेडेशन करवाया बल्कि नई इमारत की भी मंजूरी तत्कालीन शिक्षा मंत्री से करवाई थी, जिसका टेंडर भी करवा दिया गया था। आज इमारत बनकर तैयार है और इसमें बच्चे बैठकर शिक्षा लेंगे तो गांव वालों के चेहरे खुशी से खिल गए हैं, जिससे मुझे भी अच्छा लग रहा है।

मंत्री राजेश नागर ने कहा कि गांव और क्षेत्र में किसी प्रकार की समस्या बाकी नहीं रहने देंगे। आप लोगों की बस एक ही जिम्मेदारी है कि मुझे अपनी समस्याएं बताते रहें। नागर ने कहा कि मेरे तिगांव विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा और सड़कों पर विशेष काम किया जा रहा है। इसका लाभ जनता को मिल रहा है। हमने उन क्षेत्रों में भी पक्की कंक्रीट की सडक़ बनाई जहां कभी खड़ंजे भी नहीं डला करते थे। यह सब इसलिए संभव हो पा रहा है क्योंकि केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी जनता के दर्द को दिल में शामिल कर सरकार चला रहे हैं।

इस अवसर पर मास्टर हरिराम चंदीला, रणवीर नेताजी, पार्षद अनीता मनोज वशिष्ठ, पार्षद प्रदीप टोंगर, सरपंच रामपाल, डॉ सुखबीर चंदीला, अदल चंदीला, वीर सिंह चंदीला, सरपंच श्याम चंदीला, कृष्ण पंडित, साधुराम त्यागी, धीरी चंदीला, उधम मिर्जापुर, पहलवान नेहपाल, बीईओ डॉ कमल सिंह, प्रिंसिपल सुषमा, सतवीर सत्तू चंदीला, भाजपा मंडल अध्यक्ष सुधीर मेहता, कृष्ण हाडा, नेहपाल हवलदार, अशोक सरपंच, बाबूराम चंदीला, सुभाष चंदीला, हरकिशन नेताजी, महेंद्र चंदीला, जयवीर चंदीला, हितेश पंडित, दान सिंह हसला प्रेसिडेंट, लीलू चंदीला, तिलक चंदीला, संत राज चंदीला, करतार चंदीला आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## सुमेश कुमार गौड़ बने भाजपा जिला कार्यकारिणी के सदस्य

### गौड़ ने सभी का आभार जताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरीदाबाद

गांव हीरापुर के प्रमुख समाजसेवी सुमेश कुमार गौड़ को भारतीय जनता पार्टी ने जिला कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति समाजसेवा में उनके द्वारा किए गए कार्यो को लेकर की गई है।

अपनी नियुक्ति पर सुमेश कुमार गौड़ ने भाजपा शीर्ष व प्रदेश नेतृत्व सहित केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर, जिलाध्यक्ष पंकज पूजन रामपाल, सोहन पाल सिंह आदि का आभार जताते हुए कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेवारी उन्हें सौंपी है, उसे वह पूरी निष्ठा से निभाएंगे और संगठन को मजबूत करने का काम करेंगे।



सुमेश कुमार गौड़ पिछले काफी समय से समाजसेवा के कार्यो में सक्रिय रहे है। गांव हीरापुर व बल्लभगढ़ के अनेकों गांवों में वह अब तक हजारों पड़े लगाकर पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूक कर चुके है समय-समय पर स्वास्थ्य जांच शिविर लगाने इत्यादि जैसे सामाजिक कार्य उनकी उपलब्धियों में शुमार है। वर्ष 2022 में ब्लाक समिति में वह मेम्बर रहे और उन्होंने सदैव जनहित के कार्यो को प्राथमिकता दी और लोगों की समस्याओं को दूर करवाने के लिए प्रयासरत रहते है।

## हत्या के प्रयास के मामले में एक आरोपी पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरीदाबाद

हत्या के प्रयास के मामले में थाना छायंसा की टीम ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना छायंसा में हरिचंद वासी गढखेड़ा फरीदाबाद ने दी शिकायत में आरोप लगाया कि 7 अगस्त को जब वह अपने घर की बैठक में बैठा था तो दीपक नाम का लड़का उसे गाली देने लगा जिसके बाद वह उठ कर घर के अंदर चला गया।

तभी कुछ देर बाद उसके भाई दुलीचंद ने दीपक से पूछा की गाली गलौच क्यों कर रहा है तो दीपक ने चाकू निकाल कर उसके पेट में मार दिया। जिस शिकायत पर थाना छायंसा में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि मामले में कार्रवाई करते हुए दीपक निवासी गढ़खेड़ा फरीदाबाद को गिरफ्तार किया है।



पूछताछ में सामने आया कि दोनों पड़ोसी है और चुनाव को लेकर इनकी रंजिश थी। जब शिकायतकर्ता का भाई दुलीचंद गाली-गलौच सुन कर घर से बाहर आया तो दीपक ने उस पर चाकू से वार कर दिया। आरोपी को माननीय अदालत में पेश कर जेल भेजा गया है।

पुलिस ने मामला दर्ज किया

## घर पर कब्जा करने और मारपीट करने के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरीदाबाद

घर पर कब्जा करने और मार पिटाई करने के मामले में थाना कोतवाली पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना कोतवाली में गुरूचरन निवासी एनआईटी फरीदाबाद ने शिकायत दी जिसमें आरोप लगाया कि 13 अगस्त को उसके पास एक कॉल आया जिसमें उसके पड़ोसी ने बताया की कुछ लोग उसके घर का ताला तोड़ रहे है जब वह अपनी दुकान पर काम करने वाले दो लड़को के साथ घर पहुंचा तो देखा 5-6 लोग उसके घर में घुसे हुए थे और जब उसने उनसे बात करने की कोशिश उन्होंने उस पर हमला कर दिया। जिस शिकायत पर थाना कोतवाली में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि कार्रवाई करते हुए थाना कोतवाली की टीम ने दीपक निवासी भगत कॉलोनी फरीदाबाद को गिरफ्तार किया है।



## अवैध हथियार रखने के मामले में आरोपी दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरीदाबाद

क्राईम ब्रांच बॉर्डर की टीम ने अवैध हथियार रखने के मामले में आरोपी राजू राय को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि क्राईम ब्रांच बॉर्डर की टीम ने राजू राय निवासी नलवारी गोल गोविंदपुर असम को वेदराम कॉलोनी फरीदाबाद के पास से काबू कर एक देसी कट्टा बरामद किया गया है। जिसके खिलाफ थाना पल्ला, फरीदाबाद में अवैध हथियार रखने की धाराओं में मामला दर्ज किया गया है।



पूछताछ में सामने आया कि आरोपी ने देशी कट्टा किसी अंजान व्यक्ति से 3000 रुपए में दिल्ली से खरीदा था। आरोपी नशा करने का आदी है और पूर्व में भी आपराधिक रिकॉर्ड है। आरोपी को माननीय न्यायलय में पेश कर जेल भेजा गया है।

# बल्लभगढ़ के गांव मोहना में लैंड पूलिंग का विरोध, किसानों की पंचायत

### सरकार को दिया 22 अगस्त तक का अल्टीमेटम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरीदाबाद

बल्लभगढ़ के गांव मोहना में भूमि के सर्किल रेट को बाजार दर के अनुसार 4.50 करोड़ रुपये प्रति एकड़ करने की मांग को लेकर पंचायत की जा रही है। जिसमें किसानों से लैंड पूलिंग योजना का विरोध कर रहे है। किसानों ने कहा कि वह लैंड पूलिंग योजना के पोर्टल पर अपनी जमीन का रजिस्ट्रेशन नहीं कराएगा।

हरियाणा राज्य औद्योगिक विकास निगम और शहरी विकास प्राधिकरण फरीदाबाद और पलवल में विकास परियोजनाएं शुरू करेंगे। एक्सप्रेसवे के किनारे औद्योगिक शहर बसाने के लिए नौ गांवों से नौ हजार एकड़ जमीन ली जाएगी। ग्रेटर फरीदाबाद के 18 गांवों से भी जमीन ली जाएगी। किसानों को ई-भूमि पोर्टल पर 31 अगस्त 2025 तक आवेदन करना होगा। लेकिन किसान सरकार की इस भूमि-अधिग्रहण नीति से खुश नही है।

#### 4.50 करोड़ रुपए प्रति एकड़ करने की मांग

किसान भूमि के सर्किल रेट को बाजार दर के अनुसार 4.50 करोड़ रुपए प्रति एकड़ करने की मांग कर रहे है। जिसको लेकर किसान लगातार पंचायत कर रहे है। इससे पहले भी आस-पास के 15 गांव के किसान सर्किल रेट बढ़ाने को लेकर तहसीलदार को ज्ञापन सौंप चुके है और गांव बागपुर में पंचायत कर चुके है। किसानों से सरकार को 22 अगस्त तक सर्किल रेट बढ़ाने का समय दिया हुआ है। किसानों का कहना है कि उसके बाद बड़े स्तर पर आन्दोलन किया जाएगा। ईश्वर नंबरदार, पूर्व सरपंच किशन, मास्टर गिर्राज का कहना है कि जब उनके गांव में 4.80 करोड़ की रजिस्टरी हो चुकी है तो फिर सर्किल रेट तय करने में क्या परेशानी है।

#### नौ हजार एकड़ जमीन ली जाएगी

दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे से नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट तक बन रहे ग्रीन फील्ड एक्सप्रेसवे किनारे औद्योगिक शहर बसाने के लिए एचएसआईआईडीसी फरीदाबाद और पलवल के 9 गांव की नौ हजार एकड़ जमीन को लेगा। यह औद्योगिक शहर एचएसआईआईडीसी बसाएगा। इसके अलावा हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण भी अपने सेक्टरों का दायरा बढ़ाने जा रहा है। एचएसवीपी ग्रेटर फरीदाबाद के 18 गांव की साढ़े चार हजार एकड़ जमीन ली जाएगी। किसानों को सरकार के आवेदन करना होगा। आवेदन की अंतिम तिथि 31 अगस्त 2025 है। फरीदाबाद के छांयसा और मोहना गांव हैं। जबकि पलवल के मोहियापुर, बागपुर कलां, बागपुर खुर्द, बहरौला, हंसापुर, सोलड़ा, थंथरी हैं।

## स्क्वाड्रन लीडर सिद्धांत सिंह को ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर वीर चक्र हेतु नामित होने पर बधाई दी



फरीदाबाद। पूर्व कैबिनेट मंत्री विधायक पंडित मूलचंद शर्मा के बड़े भाई के टिपरचंद शर्मा ने भारतीय वायु सेना में स्क्वाड्रन लीडर सिद्धांत सिंह को ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर वीर चक्र हेतु नामित होने पर उनके निवास सैक्टर-65 पर जाकर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित कीं। ओर कहा की यह सम्मान आपके साहस, पराक्रम और समर्पण की अमूल्य पहचान है। आप जैसे योद्धाओं पर सम्पूर्ण देश गर्व करता है। आप और आपके परिवार को हार्दिक बधाई एवं मंगलकामनाएं। आपका जीवन सदैव स्वस्थ, सफल और गौरवपूर्ण रहे, यही कामना है। इस मौके पर उनके साथ जिला अध्यक्ष सोहनपाल, चेयरमैन हुकम सिंह भाटी, पार्षद योगेश शर्मा, स्वराज भाटी मौजूद रहे।

## इंदिरापुरम में कैंसर केयर शिविर का आयोजन

### लोगो को जीवनशैली में नियमित जांच के महत्व पर जानकार दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गाजियाबाद

यशोदा मेडिसिटी, इंदिरापुरम ने रविवार को समर्पित कैंसर केयर शिविर आयोजित किया। इस शिविर में आधुनिक स्क्रीनिंग, विशेषज्ञ डॉक्टरों की परामर्श सेवाएं और स्वास्थ्य शिक्षा एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई गई। आसपास के इलाकों के लोगों ने भाग लिया और परामर्श, स्क्रीनिंग और स्वास्थ्य चर्चाओं में सक्रिय रूप से हिस्सा लिया। डॉ. गगन सैनी, वाइस चेयरमैन, रेडिएशन ऑन्कोलॉजी, डॉ. अभिषेक यादव, डायरेक्टर, मेडिकल ऑन्कोलॉजी, डॉ. संजय सिंह नेगी, प्रिंसिपल कंसल्टेंट और हेड सर्जरी, ऑन्कोलॉजी, लैप्रोस्कोपिक और लिवर ट्रांसप्लांट, डॉ. रश्मि शुक्ला, प्रिंसिपल कंसल्टेंट, रेडिएशन ऑन्कोलॉजी, और डॉ. सुमंथ



बोल्लू, कंसल्टेंट, सर्जिकल ऑन्कोलॉजी (हेड & नेक) शामिल थे। लोगों को निःशुल्क परामर्श, स्तन, मुँह और गले की जांच, विस्तृत स्वास्थ्य मूल्यांकन और व्यक्तिगत परामर्श दिया गया। मैमोग्राम, पीएसए रक्त परीक्षण आदि सहित प्रमुख नैदानिक परीक्षण, शीघ्र पहचान और समय पर हस्तक्षेप को बढ़ावा देने के लिए रियायती दरों पर उपलब्ध कराए गए। इस शिविर में एक विशेष स्वास्थ्य वार्ता भी आयोजित की गई, जिसमें कैंसर जागरूकता, उन्नत तकनीकों, जीवनशैली में बदलाव और नियमित जाँच के महत्व पर व्यावहारिक जानकारी प्रदान की गई। स्वास्थ्य सेवाओं को आसानी से उपलब्ध कराने और निवारक स्वास्थ्य की संस्कृति को बढ़ावा देने का प्रयास कर रही है डॉ. पी.एन. अरोड़ा, चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर, यशोदा मेडिसिटी ने कहा, कैंसर की देखभाल के लिए जागरूकता, समय पर जांच और रोकथाम अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।

### सट्टा प्रमोट कर कई घरों को बर्बाद करने पर दिया अंजाम

# यूट्यूबर एल्विश के घर पर ताबड़तोड़ फायरिंग, भाऊ गैंग ने ली जिम्मेदारी

धर्मेंद्र कौशिक ▶▶| गुरुग्राम

यूट्यूबर और बिग बॉस ओटीटी विनर एल्विश यादव के गुरुग्राम स्थित मकान पर रविवार की सुबह बाइक सवार बदमाशों द्वारा ताबड़तोड़ फायरिंग करने का मामला सामने आया है। वारदात के दौरान एल्विश यादव घर पर नहीं थे। घर में उनकी मां-पिता व केयर टेकर थे। गोलियां घर की बालकनी, दीवारों और खिड़की व दरवाजों पर लगीं। वहीं वारदात को अंजाम देकर आरोपी फरार हो गए। इस वारदात की जिम्मेदारी भाऊ गैंग ने लेते हुए कहा कि एल्विश यादव ने सट्टा प्रमोट कर कई घरों को बर्बाद किया है। अपनी पोस्ट में इस गैंग ने बाकी सोशल मीडिया कीड़ों को भी वॉर्निंग दी। वहीं सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और कार्रवाई शुरु कर दी।

जानकारी अनुसार, सेक्टर-56 थाना एरिया स्थित एक मकान की सेकेंड फ्लोर पर एल्विश यादव अपने पिता रामअवतार यादव, मां सुषमा



यादव के साथ रहता है। बताया जा रहा है कि वह एक शूटिंग के सिलसिले से भोपाल गया हुआ है। जबकि उसके माता-पिता रविवार की सुबह सो रहे थे। इसी बीच सुबह करीब 5.30 बजे बाइक सवार तीन बदमाश हेलमेट पहने हुए आए और एल्विश यादव के घर पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसाने लगे। बदमाशों ने करीब डेढ़ दर्जन से ज्यादा राउंड चलाए। गोलियों की तड़तड़ाहट से इलाके में दहशत फैल गई। गोलियों की आवाज सुनकर एल्विश के पिता रामअवतार ने घर के बाहर आकर देखा तो बाइक सवार तीन बदमाश भागते नजर आए। पूरा घटनाक्रम सीसीटीवी में कैद हो गया। एल्विश के पिता की सूचना मिलते ही गुरुग्राम पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई। पुलिस ने जांच के लिए सीसीटीवी फुटेज के डीवीआर को अपने कब्जे में ले लिया है। पुलिस ने मौके पर गोलियों के खाली खोल भी बरामद किए हैं। एल्विश यादव के घर पर एक दर्जन से ज्यादा गोलियों के निशान मिले हैं। गोली लगने से शीशे का दरवाजा टूट गया है। छत की सीलिंग और दीवार, दरवाजों पर भी गोलियों के निशान मिले हैं। पुलिस के मुताबिक जिस तरीके से फायरिंग की गई है, उससे हमलावरों के प्रोफेशनल शूटर होने का शक है।

#### भाऊ गैंग ने ली जिम्मेदारीः

वहीं इस वारदात की जिम्मेदारी भाऊ गैंग ने ली है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रही पोस्ट में गैंगस्टर नीरज फरीदपुर और भाऊ रितौलिया ने इस फायरिंग की जिम्मेदारी ली है। पोस्ट में कहा गया है कि एल्विश ने बैटिंग एप प्रमोट कर कई घर बर्बाद किए हैं, इसलिए उस पर फायरिंग की गई। इसको हमने अपना परिचय दिया है। सट्टे का प्रमोशन कर इसने कई घर बर्बाद कर दिए। सोशल मीडिया के कीड़ों को वॉर्निंग है कि जो सट्टे का प्रमोशन करते मिल गया, उसके पास गोली या कॉल कभी भी आ सकती है। जो भी सट्टे वाले हैं, वे तैयार रहें।

#### एल्विश के पिता का कहना

एल्विश यादव के पिता राम अवतार यादव ने बताया कि घटना के समय हमारा परिवार घर के अंदर ही था। आरोपियों ने 25 से 30 राउंड की फायरिंग की है। सीसीटीवी फुटेज में तीन बदमाश दिख रहे हैं। उन्होंने घर के बाहर खड़े होकर पहले फायरिंग की है। जिसके बाद वह मौके से फरार हो गए।

## काम करते वक्त करंट लगने से सहारनपुर के युवक की मौत

### पुलिस जांच में जुटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरीदाबाद

सेक्टर-85 स्थित कपंनी में बिजली का करंट लगने से कर्मचारी की मौत हो गई। मृतक यूपी के सहारनपुर जिला का रहने वाला था और कंपनी में पिछले कई सालों से वेल्डर का काम कर रहा था। उसका रोका हो चुका था और दो महीने बाद शाही होनी थी।

मृतक के परिजन मुस्तीक ने बताया किए सालिम पिछले कई साल से फरीदाबाद में रहकर नौकरी कर रहा था। वह सेक्टर-85 की एक निजी कंपनी में वेल्डर का काम कर रहा था। मुस्तीक ने कहा कि शनिवार शाम 5 बजे उनको ठेकेदार की तरफ से सूचना दी गई कि सालिम को बिजली का करंट लग गया है। शुरूवात में ठेकेदार ने उनको बताया कि सालिम अस्पताल में है। लेकिन बाद में उनको बताया गया कि उसकी मौत हो गई है। ठेकेदार उसके शव को गांव लाने की बात कहता रहा, लेकिन जब देर रात कर कोई नहीं आया तो वह फरीदाबाद पहुंचे है। जहां पता चला है कि सालिम का शव अस्पताल में पोस्टमॉर्टम के लिए रखवाया गया है। परिजनों ने बताया कि सालिम का रोका हो चुका था और 2 महीने बाद ही उसकी शादी होने वाली थी। सामिल के पिता मजदूरी का काम करते है।

परिजनों का आरोप है 2 साल से सालिम ने ठेकेदार से वेतन नहीं लिया था। सालिम का करीब 4 लाख रुपए ठेकेदार पर बकाया है। परिजनों का यह भी आरोप है कि ठेकेदार ने सालिम को मारा है। मामले की जांच कर रही पुलिस पुलिस प्रवक्ता यशपाल ने बताया कि परिजनों की तरफ से पुलिस को शिकायत दी गई है।

## खबर संक्षेप

### सदन में पूजा पाल की आत्मा से निकली आवाज



**गोंडा।** यहां कैसरगंज से पूर्व भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने सपा विधायक पूजा पाल के निष्कासन पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि यह समाजवादी पार्टी का स्वयं का मामला है, खुद का निर्णय है। वर्तमान समय में समाजवादी पार्टी में रहकर कोई भी अगर मुख्यमंत्री और भाजपा शासन की तारीफ करेगा तो स्वाभाविक है कि पार्टी को अच्छा नहीं लगेगा। उन्होंने कहा कि पूजा पाल ने जो कहा, वह उनकी आत्मा की आवाज थी।

### सेप्टिक टैंक में उतरे तीन लोगों की दर्दनाक मौत



**सीतापुर।** गांव सुकेठा में सेप्टिक टैंक में गिरे बालक को बचाने में 3 की मौत हो गई। रविवार सुबह विवेक गुप्ता उम्र 10 वर्ष अनिल के घर के सामने बने टैंक में गिर गया। उसे बचाने अनिल 40 वर्ष टैंक में उतरे और बच्चे को बाहर कर दिया। इसके बाद वह डूबने लगे। राज कुमार, 45 वर्ष उन्हें बचाने का प्रयास किया तो वह भी डूबने लगे। इतने में रंगीलाल, 45 वर्ष ने बचाने का प्रयास किया लेकिन तीनों टैंक में डूब गए।

### शिबू सोरेन की अस्थियां दामोदर नदी में विसर्जित



**रांची।** झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन रविवार को दिशोम गुरु शिबू सोरेन के अस्थि-कलश को लेकर अपने पैतृक गांव नेमरा से रजरप्पा स्थित दामोदर नदी घाट पर पहुंचे। यहां पूरे पारंपरिक विधि-विधान से अपने पिता स्मृति शेष दिशोम गुरु की अस्थियों को नदी में विसर्जित किया। हेमंत सोरेन के साथ उनके छोटे भाई बसंत सोरेन समेत अन्य पारिवारिक सदस्य और नेमरा वासी मौजूद रहे।

गोकुल में मच गयो हल्ला, जसोदा जायो लल्ला

# मथुरा में लल्ला की छीछी के साथ श्रद्धालुओं ने जमकर लूटे उपहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मथुरा

श्रीकृष्ण के जन्म की खुशियां गोकुल में धूमधाम से मनाई गई। मथुरा में भगवान के अवतरण के साक्षी बने श्रद्धालु सुबह गोकुल में भगवान के जन्मोत्सव की खुशियों में शामिल हुए।

श्रद्धालुओं ने रात को ही गोकुल की ओर कूच कर दिया। भोर होते ही गोकुल का नजार कुछ अलग ही था। नंदोत्सव की गोकुल में ऐसी धूम मची कि श्रद्धालु उल्लास, उमंग और उत्साह की त्रिवेणी में गोते लगाते नजर आए। गोकुल की गलियां में नंद घर आनंद भयो जै कन्हैया लाल की, गोकुल में मच गयो हल्ला, जसोदा जायो लल्ला के स्वरों से गूंज उठीं।

नंद घर जन्मे लाल कन्हाई, गोकुल में बजत बधाई के स्वरों पर श्रद्धालु जमकर थिरकते नजर आए। कन्हैया के जन्म की खुशी में भक्तों ने फल, मेवा, कपड़े, खेल, खिलौने लुटाए। गोकुल में नंदोत्सव के तहत नंदभवन पर तड़के ही कान्हा के जयकारे गूंजने लगे।

# अयोध्या राम मंदिर में रविवार को मनाया गया जन्माष्टमी

## आरती के बाद बधाई गायन व भजनों से गूंजे मंदिर परिसर

अयोध्या स्थित राम मंदिर में जन्माष्टमी पर्व रविवार को मनाया गया। यहां रामलला के दरबार में आरती के बाद बधाई गायन व भजनों से गूंजे मंदिर परिसर।

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

यूपी के मथुरा सहित प्रदेशभर में भले ही जन्माष्टमी 16 अगस्त को मनाई गई हो, लेकिन अयोध्या स्थित रामलला के दरबार में जन्माष्टमी का पर्व 17 अगस्त को मनाया गया। यह दुर्लभ अवसर था, जब राम और कृष्ण के अवतारों का संगम अयोध्या में हुआ। राम जन्मभूमि मंदिर रविवार को अद्भुत संयोग का साक्षी बना।

यहां श्रीकृष्ण जन्मोत्सव रोहिणी नक्षत्र में मनाया गया, जो परंपरागत रूप से भगवान कृष्ण के प्रकट होने का शुभ क्षण माना जाता है। रामलला के दरबार में वंशीधर की गूंज सुनाई दी। राम और कृष्ण दोनों अवतारों का यह संगम मंदिर परिसर में अद्भुत आध्यात्मिक वातावरण बना।



राम जन्मभूमि परिसर में धूमधाम से भगवान श्रीकृष्ण की जन्माष्टमी मनाई गई। आरती के बाद भगवान के सामने संगीत का कार्यक्रम रखा गया था। इसके साथ ही बधाई गायन और भजन की प्रस्तुति देर रात 12 बजे तक की गई। इस दौरान विशिष्ट और वरिष्ठ संत महंतों को राम मंदिर परिसर में आमंत्रित किया गया था, जहां पर भगवान की आरती के बाद प्रसाद भी वितरित किया गया।

रामलला के दरबार को फूलों से विशेष रूप से सजाया गया था। जन्म के समय दोनों मंदिरों रामलला और राजा राम के दरबार में विशेष आरती की गई।

गोरखपुर में रीजेंसी हॉस्पिटल का लोकार्पण

# सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा- इलाज के लिए सुविधा व पैसे की कोई कमी नहीं होगी

एजेंसी ▶▶ गोरखपुर

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गोरखपुर में उच्च स्तरीय इलाज के लिए अब न तो स्पेशलिटी सुविधाओं की कमी है और न ही पैसे की। यहां सुपर स्पेशलिटी सुविधाएं हैं और आम नागरिक को उसका लाभ दिलाने की प्रधानमंत्री-मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना (आयुष्मान) भी है।

यदि किसी के इलाज में आयुष्मान योजना की राशि कम पड़ेगी तो मुख्यमंत्री राहत कोष और जनप्रतिनिधियों की निधि से उसकी भरपूर मदद की जाएगी।सीएम योगी रविवार को रीजेंसी हॉस्पिटल के लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने अस्पताल का निरीक्षण कर सुविधाओं का जायजा लिया और हॉस्पिटल के पेशेंट एप 'रीजेंसी माई केयर' को भी लांच किया।

### बिना भेदभाव सुविधाएं देना सरकार का लक्ष्य



### मल्टी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल का शुरू होना बड़ी उपलब्धि

मुख्यमंत्री ने कहा कि ढाई सौ बीएड का अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त मल्टी सुपर स्पेशलिटी का शुरू होना गोरखपुर और पूर्वी उत्तर प्रदेश के लिए बड़ी उपलब्धि है। एक ही छत के नीचे यहां सारी सुविधाएं मिलेंगी। इसका लाभ पूर्वी उत्तर प्रदेश, पश्चिमोत्तर बिहार और नेपाल के लोगों को भी मिलेगा। यहां 80 बेडेड आईसीयू की भी सुविधा है।उन्होंने कहा कि की कानपुर में रीजेंसी हॉस्पिटल चिकित्सा सेवा के बैक बोन के रूप में है और यूपी में इसकी श्रृंखला शुरू हो रही है। इस हॉस्पिटल को गोरखपुर में स्थापित कराने के लिए सीएम योगी ने इसके साझीदार तनमय मोदी की मुक्त कंठ से सराहना की।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि यूपी सरकार ने साढ़े पांच करोड़ लोगों को आयुष्मान योजना के तहत पांच लाख रुपए तक का निशुल्क उपचार उपलब्ध कराया है। इसके आलावा जिन लोगों के पास आयुष्मान योजना या मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना का लाभ नहीं है, उनके लिए मुख्यमंत्री राहत कोष से है। विधायकों को भी उनकी निधि से पचीस लाख तक की सहायता इलाज के लिए देने का अधिकार दिया गया है। सीएम योगी ने बताया कि मुख्यमंत्री राहत कोष से भी पिछले एक वर्ष में 1100 करोड़ रुपए इलाज के लिए दिए गए हैं। सरकार का लक्ष्य है कि जनता को बिना भेदभाव के सभी सुविधाएं प्राप्त हों। उन्होंने कहा कि इलाज के लिए प्रधानमंत्री राहत कोष से भी पैसा मिलता है। आज हर एक स्तर पर यह सुविधा मिल रही है। पिछले 11 वर्ष में विकासपरक परिवर्तन के फलस्वरूप व्यक्ति की आर्थिक क्षमता भी बढ़ी है। व्यक्ति पैसा खर्च कर सकता है बस उसको सुविधाओं की आवश्यकता रहती है।

### ...जब रविकिशन को तोड़ना पड़ा अपना अतिक्रमण

*इस दौरान अपने संबोधन में सीएम योगी ने बताया कि इस हॉस्पिटल के लैंड को देखकर ही रविकिशन को अपना घर तोड़ना पड़ा था। पहले रविकिशन के घर के सामने केवल सिंगल लेन सड़क थी। अब फोर लेन सड़क है। कहा कि पहले यह स्थिति थी कि कोई ट्रक उस सड़क से गुजर जाए तो रविकिशन के घर का कोई न कोई ग्लास टूट सकता था। अब वही फोर लेन से महाराजगंज और कुशीनगर के लिए रोड जाती है। सीएम योगी ने कहा कि यहां अस्पताल के लैंड को देखकर ही सांसद जी (रविकिशन) ने अपने घर का अतिक्रमण हटा दिया था। उन्होंने पहले ही कहा कि पब्लिक को आवागमन की सुविधा उपलब्ध होनी चाहिए। रविकिशन ने खुद से ही कहा कि अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलना चाहिए और इसकी शुरुआत मैं करूंगा।*

हर दिन 14 विधानसभाओं में सम्मेलन

# एनडीए के मिशन बिहार का 23 अगस्त से होगा आगाज



एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार में महागठबंधन की वोट अधिकार यात्रा के बीच एनडीए ने भी चुनाव की तैयारियां तेज कर दी है। जिसके मद्देनजर एनडीए का विधानसभा सम्मेलन 23 अगस्त से शुरू होगा। हर दिन 14 विधानसभाओं में कार्यक्रम होगा। जिसके लिए 14 टीमें बनाई गई है। एनडीए सम्मेलन की जानकारी देते हुए बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि विधानसभावार कार्यकर्ता सम्मेलन 23 अगस्त से 24 सितंबर तक चलेगा। यह सम्मेलन सात चरणों में पूरा होगा, जिसमें पहले चरण में 42 विधानसभाओं और दूसरे चरण में भी 42 विधानसभाओं को कवर किया जाएगा।

### 243 विधानसभाओं में आयोजन किया जाएगा

*243 विधानसभाओं में यह आयोजन किया जाएगा जिसमें प्रतिदिन औसतन 14 सभाएं आयोजित होंगी। एक महीने में 18 दिन सम्मेलन होंगे। वहीं 14 सम्मेलन को 14 टीमों में बांटा गया है। जिसका नेतृत्व एनडीए के वरिष्ठ नेता करेगें। हर टीम में 7 सदस्य होंगे, टीमों के नेतृत्वकर्ता संजय झा, अशोक चौधरी, विजय चौधरी, उमेश कुशवाहा, श्रवण कुमार, रामनाथ ठाकुर, रत्नेश सदा, दिलीप जायसवाल, सम्राट चौधरी, शीला मंडल, विजय सिन्हा, मंगल पांडे, नित्यानंद राय, गिरिराज सिंह, राज भूषण निषाद, राधा मोहन सिंह, रवि शंकर प्रसाद और पांचों घटक दलों के प्रदेश अध्यक्ष करेंगे। इस अभियान की घोषणा जेडीयू कार्यालय में हुई संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में की गई। जिसमें जेडीयू, भाजपा, एलजेपी (रामविलास), हम और रालोमो—पांचों घटक दलों के प्रदेश अध्यक्ष एक मंच पर नजर आए।*

## पेज एक का शेष

### आतंकवाद अस्पृश्यता...

का पदभार ग्रहण किया। इससे पहले, उन्होंने 18 फरवरी, 2023 से 30 जुलाई, 2024 तक झारखंड के राज्यपाल के रूप में कार्य किया। उन्होंने मार्च से जुलाई 2024 तक तेलंगाना के राज्यपाल और मार्च से अगस्त 2024 तक पुडुचेरी के उपराज्यपाल का अतिरिक्त प्रभार भी संभाला। उन्होंने 1998 और 1999 में दो बार लोकसभा के लिए चुने जाने के बाद कोयंबटूर का प्रतिनिधित्व किया। भाजपा के भीतर, उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) और भारतीय जनसंघ के साथ अपनी राजनीतिक यात्रा शुरू की।

### ढोल-नगाड़ों व भारत...

की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, केंद्रीय राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह, इसरो के वैज्ञानिक, छात्रों का समूह और बड़ी संख्या में लोगों ने उनका भव्य स्वागत किया। शुभांशु के साथ उनकी पत्नी कामना शुक्ला और बेटा भी मौजूद रहे। इस दौरान वहां मौजूद लोगों ने भारत माता के जयकारे लगाए और तालियां बजाई। लोग हाथों में तिरंगा लेकर शुभांशु का ग्रैंड वेलकम किया। शुभांशु आने वाले दिनों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी मिलेंगे और अपने होमटाउन लखनऊ जाएंगे। 22-23 अगस्त को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के मौके पर दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में वह हिस्सा लेंगे।

### शुभांशु की भारत...

के लिए अंतरिक्ष कार्यक्रम की महत्वपूर्ण भूमिका' विषय पर विशेष चर्चा का प्रस्ताव रखा।

### न तो चुनाव ....

रास्ता नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि सात दिन में हलफनामा नहीं दिया तो आरोप निराधार मान लिए जाएंगे। मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि देश में जितने भी राजनीतिक दल हैं, सभी का जन्म चुनाव आयोग में पंजीकरण से होता है। ऐसे में चुनाव आयोग राजनीतिक दलों के साथ भेदभाव कैसे कर सकता है? चुनाव आयोग के लिए सभी राजनीतिक दल समान हैं। चाहे कोई भी किसी भी राजनीतिक दल से संबंधित हो, चुनाव आयोग के लिए समान है। चुनाव आयोग अपने संवैधानिक कर्तव्य से पीछे नहीं हटेगा।

### तीन लाख लोगों ....

लिस्ट में होता है और उसका एपिक नंबर अलग-अलग होता है। उन्होंने कहा कि 2003 से पहले अगर आपको पुरानी जगह से अपना नाम हटवाना होता था, तो चुनाव आयोग की कोई वेबसाइट नहीं थी, जिसमें सारा डेटा एक ही जगह पर होता था। चूंकि 2003 से पहले तकनीकी सुविधाएं उपलब्ध नहीं थीं, तो बहुत से ऐसे लोग जो अलग-अलग जगहों पर चले गए, उनके नाम कई जगहों पर जोड़ दिए गए। फिर सवाल उठा कि आज वेबसाइट है, अगर आप कंप्यूटर पर हैं, तो आप उसे चुनकर हटा सकते हैं।

### सिर पर संविधान...

कैसे दगा देते थे, मैं वो सच्चाई आपको बताने जा रहा हूं। दिल्ली में मेरे सफाईकर्मी भाई-बहन काम करते हैं, उनके लिए यहां एक खतरनाक कानून था। दिल्ली म्युनिसिपल कारपोरेशन एक्ट में एक बात लिखी थी कि यदि को सफाई मित्र बिना बताए काम पर नहीं आता, तो उसे एक महीने के लिए जेल में डाला जा सकता था। आज जो सामाजिक न्याय की बड़ी-बड़ी बातें करते हैं, उन्होंने ऐसे कई नियम कानून देश में बना रखे थे। ये मोदी है, जो ऐसे गलत कानूनों को खोज-खोजकर खत्म कर रहा है और ये अभियान लगातार जारी है।

### देशवासियों को डबल...

मिलने वाला है। हमारा प्रयास जीएसटी को और आसान बनाने और टैक्स दरों को रिवाइज करने का है। इसका फायदा हर परिवार को होगा, गरीब और मीडिल क्लास को होगा, छोटे बड़े हर उधमी को होगा, हर व्यापारी-कारोबारी को होगा।

### हरियाणा बनेगा औद्योगिक...

वाले द्वारका एक्सप्रेस-वे और यूईआर-2 राष्ट्रीय राजमार्ग सड़क परियोजनाओं का उद्घाटन किया गया, जिनमें 2000 करोड़ रुपये की दो परियोजनाएं हरियाणा को सीधा लाभ देंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा, जो उत्तर भारत का औद्योगिक और कृषि केंद्र है, इन परियोजनाओं से सबसे बड़ा लाभार्थी होगा । उन्होंने कहा कि इन महत्वपूर्ण परियोजनाओं से कुंडली, सोनीपत, बहादुरगढ़, गुरुग्राम और मानेसर की दिल्ली एयरपोर्ट तक सीधी कनेक्टिविटी से न केवल निर्यात, आयात और निवेश को नई गति मिलेगी, बल्कि क्षेत्र को लंबे समय से चली आ रही ट्रैफिक जाम की समस्या से भी राहत मिलेगी। सैनी ने इसे "विकसित भारत – विकसित हरियाणा" के लक्ष्य की ओर बढ़ता एक और मील का पत्थर बताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी सोच, निर्णायक नेतृत्व और विकास के प्रति अटूट प्रतिबद्धता ने देश में आधारभूत ढांचा निर्माण को नई ऊंचाइयों पर पहुंचा दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना है और अब तेजी से तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि देशभर में आधारभूत ढांचे का निर्माण मिशन मोड में हो रहा है। चाहे मेट्रो परियोजनाएं हों, फ्रेट कॉरिडोर, एक्सप्रेसवे, बड़े पुल या बंदरगाहों का विकास, हर क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य हो रहा है। प्रधानमंत्री मोदी डिफेंस कॉरिडोर से लेकर फ्रेट कॉरिडोर तक, भारतमाला से सागरमाला तक रोडवेज, रेलवेज और एयरवेज कनेक्टिविटी का विशाल नेटवर्क खड़ा कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त, पी.एम. गतिशक्ति योजना के माध्यम से देश की आधारभूत परियोजनाओं को और अधिक संगठित, आधुनिक और प्रभावी बनाया जा रहा है। हरियाणा को विकास की बड़ी-बड़ी परियोजनाओं की सौगात देने के लिए प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि नरेंद्र मोदी ने हरियाणा प्रदेश को कई महत्वाकांक्षी और दूरगामी परियोजनाओं से समृद्ध किया है। इनमें वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर, रेल कोच रिपेयर फैक्ट्री, कुण्डली-मानेसर-पलवल व कुण्डली-गाजियाबाद-पलवल एक्सप्रेसवे, गुरुग्राम-सिकंदरपुर और फरीदाबाद-बल्लभगढ़ मेट्रो लिंक, रोहतक में देश का पहला एलिवेटेड रेलवे ट्रैक, रोहतक-महम-हांसी रेलवे लाइन, एम्स झज्जर में राष्ट्रीय कैंसर संस्थान और रेवाड़ी में एम्स जैसी परियोजनाएं शामिल हैं। उन्होंने बताया कि हाल ही में रिठाला से कुंडली तक मेट्रो कॉरिडोर की सौगात भी हरियाणा को मिली है।

### किसानों की जली...

विभाग के अधिकारियों की मौजूदगी में स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कृषि मंत्री शिवराज सिंह ने पाया कि खेतों में सोयाबीन की जगह खरपतवार खड़े हैं और पूरी फसल जल चुकी है। किसानों ने आरोप लगाते हुए कहा कि यह नुकसान एचपीएम कंपनी की दवा डालने से हुआ है। उन्होंने कहा कि यह समस्या सिर्फ एक खेत तक सीमित नहीं है, बल्कि कई किसानों ने ऐसी शिकायतें की हैं। कृषि मंत्री ने कहा कि इस मामले में की जांच के लिए एक उच्चस्तरीय वैज्ञानिकों का दल प्रभावित खेतों का निरीक्षण करेगा और जांच कर दोषी कंपनी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। शिवराज सिंह के निर्देश पर भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा तत्काल जांच समिति गठित कर दी गई है। इस समिति में आईसीएआर के खरपतवार अनुसंधान निदेशालय , जबलपुर के निदेशक डॉ. जे.एस. मिश्रा को चेयरमैन बनाया गया है। साथ ही, अटारी जोन 9 के निदेशक डॉ. एस.आर.के. सिंह, रायसेन- विदिशा जिले के कृषि उप संचालक एवं कृषि विज्ञान केंद्र के प्रमुख को सदस्य बनाया गया है । यह समिति कल 18 अगस्त को मौके पर जाएगी। शिवराज सिंह चौहान ने यह भी साफ किया कि केवीके रायसेन के वैज्ञानिक द्वारा दिया गया प्रतिवेदन सही नहीं है, इसलिए इस मामले की जांच यह नई टीम करेगी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि किसानों को पूरा न्याय मिलेगा और नकली कीटनाशक, खाद-बीज बनाने वाली कंपनियों के खिलाफ पूरे देश में व्यापक अभियान चलाया जाएगा जो नकली और खतरनाक दवाइयाँ बेचकर किसानों के साथ धोखा करती हैं।

### किश्तवाड़ के बाद ...

के जिला विकास आयुक्त राजेश शर्मा वरिष्ठ प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों के साथ बचाव और राहत अभियान की निगरानी के लिए घटनास्थल पर पहुंच गए।

अधिकारियों ने बताया कि बादल फटने से प्रभावित जोध घाटी में जहां पांच लोगों की जान चली गई, वहां गांव तक पहुंचने का रास्ता बंद हो गया और कुछ घरों को नुकसान पहुंचा है। वहीं जंगलोट इलाके में बारिश के कारण हुए भूस्खलन में दो लोगों की जान चली गई। उन्होंने बताया कि जोध घाटी से पांच लोगों को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां पुलिस, राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) और स्थानीय स्वयंसेवकों द्वारा संयुक्त बचाव अभियान जारी है।

### राहुल गांधी की...

जिंदाबाद का नारा ऐसा बुलंद हुआ कि कुछ पल के लिए रैली का संचालन ठिठक गया। लोग लालू को सुनने इतने उतावले हो गए की खरगे का भाषण लंबा हुआ तो हूटिंग शुरू केआर दी। खरगे बिदक गए । उन्होंने कहा जिनको सुनना हा सुने जो नहीं सुनना चाहते पंडाल से चले जाएं । भीड़ कहाँ मानने वाली थी। पप्पू यादव ने हाथ जोड़ कर सभी से शांत रहने का आह्वान किया। असर हुआ। लोग चुप हुए । लालू यादव ने माइक संभाली। लोकतंत्र के रक्षा की अपील करते जोरदार अंदाज़ में कहा, "चोरों को हटाइए, बीजेपी को भगाइए।" लोगों की जबरदस्त प्रतिक्रिया देखते हुए लालू यादव ने दो लाइन अपने भोजपुरी अंदाज में कही, "लागल-लागल झुलनिया में धक्का, बलम कलकत्ता चला" लालू के इस अंदाज़ के मुरीद लोगों ने देर तक जिंदाबाद का नारा बुलंद किया। राहुल गांधी ने लालू यादव के रैली में आने पर विशेष रूप से धन्यवाद दिया। ससाराम के बड़े से मैदान को महागठबंधन समर्थकों ने तब खचाखच भर दिया जब ठठा के धूप थी। भारी गर्मी थी। और तीन किमी विपरीत परिस्थितियों में कार्यकर्ताओं को पैदल चल कर रैली स्थल पर पहुँचना था। बिहार प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष रुचि सिंह ने कहा , बिहार सरकार ने पहले रैली में लोग न पहुंच पायें इसके लिए चौतरफा बंद रखा हुआ है। न गाड़ी आने दे रहे न पैदल। फिर भी देर सबसे बड़ी संख्या में लोग आये। कांग्रेस नेता एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने आज बिहार के सासाराम से अपनी 16-दिनों और लगभग 1 हज़ार किलोमीटर लंबी वोटर अधिकार यात्रा की धमाकेदार शुरुआत की। यह अभियान करीब 20-25 जिलों से होकर गुजरेगा और 1 सितंबर को पटना में एक बड़ी रैली के साथ समापन होगा।

रैली में तेजस्वी यादव ने सरकार पर निशाना साधा और कहा, आपके वोट की चोरी नहीं हो रही, बल्कि डकैती हो रही है। हम ऐसा होने नहीं देंगे। बिचौलिए मत बनिए। वीआईपी नेता मुकेश सहनी, सीपीआई नेता दीपांकर भट्टाचार्य, सहित छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम भूपेश बघेल, तेजतर्रार युवा नेता कन्हैया कुमार सहित दर्जन भर नेताओं ने मंच से विपक्षी एकता की रैली को लोकतंत्र की रक्षा का प्रतीक बताया।

**पोस्टर फाड़े ले गई महिलायें :** रैली जैसे ही ख़त्म हुआ महिलाओं में पोस्टर फाड़ कर लूटने की होड़ मच गई । कौतूहलता जगी तो पूछा पोस्टर के लिए इतना मारा मारी क्यों ? चंपावती ने कहा, घर खप्पर पोस का है। बरसात में चूता है। छत पर ढँकने के काम आयेंगे पोस्टर । प्लास्टिक का ख़र्चा बच जाएगा । जिन महिलाओं को सशक्त करने के नारे के साथ नीतीश सरकार बीस साल से सत्ता में है उस बिहार की गरीबी का एक सच ये भी है।

**पप्पू यादव आये पर बोलने का नहीं मिला मौक़ा:** राहुल गांधी की पिछली रैली में पप्पू यादव को मंच पर चढ़ने का मौक़ा नहीं मिला था। सासाराम में उन्हें अग्रिम पंक्ति में मौक़ा दिया हुआ, लेकिन मंच से संबोधित करने का उन्हें मौक़ा नहीं दिया गया।

**रोहतास जिले का सासाराम से शुरुआत क्यों :** रोहतास की सात विधानसभा सीटों में छह विधायक महागठबंधन से हैं। चार राजद से, एक कांग्रेस, एक सीपीआई के विधायक जीत कर पहुंचे । इंडिया गठबंधन के लिए सासाराम क्षेत्र राहुल गांधी के कार्यक्रम के लिए मुफीद माना हुआ।

बर्ड फ्लू के खतरे को लेकर शासन अलर्ट

# उत्तराखंड से यूपी आने वाले मुर्गे व अंडे की सप्लाई पर लगी रोक

एजेंसी ▶▶ मुरादाबाद

रामपुर के बिलासपुर तहसील क्षेत्र के सिरोहा गांव स्थित पोल्ट्री फार्म में बर्ड फ्लू (एच-5 एन-1) की पुष्टि के बाद मुरादाबाद प्रशासन सतर्क हो गया है। शासन ने एहतियातन उत्तराखंड से आने वाले मुर्गे और अंडे की सप्लाई के आवागमन पर रोक लगा दी है। इसका सीधा असर रिटेल बाजार पर दिखाई देने लगा है। एक ओर अंडों की बिक्री में कमी आई तो वहीं कीमतों में एक रुपए तक की बढ़ोतरी हो गई। शासन की रोक व प्रशासनिक सतर्कता से दहशत का माहौल है।



### शहर के झीलों की निगरानी कराई जा रही

शहर के आसपास की झीलों की निगरानी कराई जा रही है। पोल्ट्री फार्म संचालकों और रिटेल में मुर्गे का मांस बेचने वालों को गाइड लाइन का पालन करने का आदेश जारी कर दिया गया है। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा. सुनील दत्त ने बताया कि रामपुर में बर्ड फ्लू का केस मिलने के बाद से अब तक 135 नमूने जांच के लिए आइवीआरआइ (इज्जतनगर) बरेली भेजे गए हैं।इससे पहले 95 नमूने भेजे गए थे जिनकी रिपोर्ट निगेटिव आई थी। नए नमूनों की जांच रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति साफ हो सकेगी हालांकि बर्ड फ्लू का मामला रामपुर में सामने आने के बाद जिले में एहतियात और सतर्कता की स्थिति और कड़ी कर दी गई है। उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ठाकुरद्वारा को आवश्यक सामग्री और उपकरणों की उपलब्धता की समीक्षा कर त्वरित रिपोर्ट देने के निर्देश दिए गए हैं।

### चिकन और अंडे खरीदने से बच रहे उपभोक्ता

उपभोक्ता जहां चिकन और अंडे खरीदने से बच रहे हैं, वहीं विक्रेता भी सप्लाई रुकने से परेशान हैं। हालांकि स्वास्थ्य विभाग ने आश्वस्त किया है कि सावधानी और सतर्कता से बर्ड फ्लू का खतरा टाला जा सकता है। डीएम अनुज सिंह ने पशुपालन, स्वास्थ्य, पंचायती राज और वन विभाग समेत सभी संबंधित विभागों को सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि यदि कहीं भी कुक्कुट पक्षियों की अस्वाभाविक बीमारी या मृत्यु होती है तो उसकी तत्काल सूचना दी जाए। सैंपल समय रहते नेशनल इंस्टीट्यूट आफ हाई सिक्योरिटी एनिमल डिजीज, भोपाल या आइवीआरआइ, इज्जतनगर (बरेली) में जांच के लिए भेजे जा रहे हैं। वन विभाग को भी अपने क्षेत्र में पक्षियों की आकस्मिक मौत पर नजर रखने को कहा गया है।

पुराने अंदाज में लौटे लालू यादव

# पीएम मोदी 22 अगस्त को करेंगे बिहार के पहले सिक्स लेन पुल का उद्घाटन

एजेंसी ▶▶ बेगूसराय



पीएम नरेन्द्र मोदी आगामी 22 अगस्त को बेगूसराय के सिमरिया गंगा नदी पर बने एशिया का सबसे अधिक चौड़ा एक्स्ट्रा डोजेज स्टे केबल सिक्स लेन सड़क पुल का उद्घाटन करेंगे। करीब 1161 करोड़ की लागत से बने 1.865 किलोमीटर लंबे ब्रिज और इसके दोनों ओर औंटा-सिमरिया साइड में एप्रोच पथ मिलाकर कुल 8.15 किलोमीटर लंबे ब्रिज के चालू हो जाने बिहार को काफी फायदा होगा।

पीएम के 22 अगस्त को बेगूसराय आगमन को लेकर तैयारी भी शुरू कर दी गई है। 16 अगस्त की रात केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह के साथ डीएम तुषार सिंगला, एसपी मनीष के साथ अधिकारियों की टीम ने सिक्स लेन पुल पर पहुंच कर संभावित दौरे को लेकर तैयारी का जायजा लिया। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि 22 अगस्त की दोपहर में पीएम नरेंद्र मोदी गयाजी से चलकर बेगूसराय आएंगे। यहां औंटा-सिमरिया ब्रिज का उद्घाटन करेंगे। यह ब्रिज बिहार का पहला सिक्स लेन ब्रिज होगा अभी तक यहां कोई सिक्स लेन ब्रिज नहीं बना था।

एशिया के सबसे अधिक चौड़े पुल का पूरा लोड केबल पर ही रहेगा। नई तकनीक से बने इस पुल की चौड़ाई 34 मीटर रहने से आवागमन में सुविधा होगी। पुल पर दोनों साइड 13-13 मीटर चौड़ी तीन-तीन लेन की सड़क है।

# लागल-लागल झुलनिया में धागा...

**सासाराम।** महागठबंधन की वोट अधिकार यात्रा का आगाज रविवार सासाराम से हुआ। आरजेडी के राष्ट्रीय लालू यादव इस यात्रा में शामिल हुए। इस दौरान उनका ठेट अंदाज दिखा। भोजपुरी गाने की लाइने कहकर उन्होने भाजपा पर हमला बोला। लालू ने कहा कि 'लागल-लागल झुलनिया में धागा, बलम कलकत्ता चला' ।





# द बैड्स ऑफ बॉलीवुड की पहली झलक आई सामने

**मुंबई।** बॉलीवुड के किंग खान यानी शाहरुख खान के बड़े बेटे आर्यन खान भी अब ओटीटी पर डेब्यू करने के लिए तैयार हैं। हालांकि, आर्यन पिता की तरह एक्टिंग में नहीं, बल्कि निर्देशक के तौर पर बॉलीवुड में अपना डेब्यू करने जा रहे हैं। आर्यन अपना डेब्यू ओटीटी से कर रहे हैं। रविवार को उनके डेब्यू शो 'द बैड्स ऑफ बॉलीवुड'की पहली झलक सामने आ गई है। 1 मिनट 26 सेकंड के इस वीडियो में आर्यन खान सबसे पहले नजर आते हैं। वो अपने इस शो के बारे में बताते हैं। आर्यन अपने पिता शाहरुख खान की फिल्म 'मोहब्बतें'का सुपरहिट डायलॉग 'एक लड़की थी दीवानी सी...' बोलते हैं।

## लाइफ Style


# निधि

## 300 लड़कियों को हराकर किया डेब्यू

एजेंसी ▶▶ मुंबई

रश्मिका मंदाना, श्रीलीला, उर्वशी रौतेला समेत कई ऐसी यंग एक्ट्रेसेज हैं, जिन्होंने अपनी डबल उम्र के सुपरस्टार संग बड़े पर्दे पर काम किया है। यहां हम आपको एक ऐसी एक्ट्रेस के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसने 22 साल बड़े एक्टर संग रोमांस किया।

बॉलीवुड डेब्यू के लिए इस एक्ट्रेस ने 300 लड़कियों को हराकार रोल हासिल किया। श्रीलीला 'पुष्पा 2' से लाइमलाइट में आई। रश्मिका मंदाना ने सलमान खान संग सिकंदर में काम किया।उर्वशी रौतेला ने नंदमुरी बालाकृष्ण और सनी देओल संग काम किया। इन सभी जोड़ियों में काफी एज गैप था। इंडस्ट्री में एक और ऐसी एक्ट्रेस जिसने 22 साल बड़े सुपरस्टार संग रोमांस किया। अब तक एक भी ब्लॉकबस्टर नहीं दे पाई है, लेकिन बॉलीवुड से लेकर साउथ तक इसका जलवा है। इसकी कई पैन इंडिया फिल्म रिलीज हुईं हैं। प्रभास के अपॉजिट भी दिखाई देंगी। इस एक्ट्रेस का नाम निधि अग्रवाल है। निधि का सफर एक छोटे शहर की लड़की से बड़े स्क्रीन की चमकदार हीरोइन बनने तक इंस्पिरेशन से भरा है। उन्होंने 2017 में रिलीज हुई फिल्म 'मुन्ना माइकल' के जरिए फिल्मी दुनिया में कदम रखा था. निधि को इस रोल के लिए 300 से ज्यादा लड़कियों के बीच से चुना गया था। निधि अग्रवाल की बचपन से ही डांस में रुचि थी। बैले से लेकर कथक और बेली डांस तक, निधि ने हर स्टेप को बड़ी मेहनत और लगन से सीखा। ये डांस का हुनर बाद में उनके अभिनय में जान डालता गया।



## हॉलीवुड मसाला



# द गॉडफादर ने बनाया इंटरनेशनल स्टार

**लॉस एंजिल्स।** जब भी हॉलीवुड के सबसे बेहतरीन अभिनेताओं की बात होती है, तो रॉबर्ट डी नीरो का नाम सम्मान के साथ लिया जाता है। डी नीरो सिर्फ एक अभिनेता नहीं, बल्कि एक ऐसा नाम हैं, जिन्होंने अपने अभिनय से सिनेमा को एक नई पहचान दी। उन्होंने सिर्फ किरदार नहीं निभाए, बल्कि उन्हें जिया, उनमें सांस ली और दर्शकों को यह यकीन दिला दिया कि पर्दे पर जो दिख रहा है, वह अभिनय नहीं, हकीकत है। डी नीरो का फिल्मी का1रियर 1968 की फिल्म 'ग्रीटिंग्स' से शुरू हुआ। लेकिन, 1974 में आई 'द गॉडफादर पार्ट II' ने उन्हें इंटरनेशनल लेवल पर स्टार बना दिया।



# बीमार एक्ट्रेस को डॉक्टर की बजाय झाड़-फूंक करवाने ले गई टीम

**लॉस एंजिल्स।** एक्ट्रेस झाओ लुसी के साथ कुछ ऐसा हुआ है, जो आपका दिल दहला देगा। 26 साल की एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर कर अपनी दर्दनाक आपबीती सुनाई है। रोजी झाओ के नाम से फैंस के बीच पॉपुलर एक्ट्रेस ने बताया है कि वह डिप्रेशन की बीमारी से जूझ रही हैं। लेकिन, हैरान करने वाली बात ये है कि उनकी इस मानसिक हालत में भी उनकी टैलेंट एजेंसी टीम ने उनका इलाज किसी एक्ट्रेस से करवाने की बजाय झाड़-फूंक का सहारा लिया है। झाओ ने आरोप लगाया है कि टैलेंट एजेंसी उनकी हालत के लिए 'भूत-प्रेत' को जिम्मेदार मानती है और इसे भगाने के लिए उन्हें मजबूर किया गया। मुझे एक होटल में बंद कर दिया और एक ओझा को बुलाकर मेरा भूत भगाने के लिए कह गया। 'द रोमांस ऑफ टाइगर एंड रोज' और 'हिडन लव' जैसी पॉपुलर सीरीज में काम कर चुकी झाओ लुसी को साल 2016 में 'वैरायटी' के सुपरहिट शो 'मार्स इंटेलिजेंस एजेंसी' में डेब्यू के साथ ही सफलता मिली थी।



# भारत माता की जय का लगाया नारा

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर एक बार फिर सोशल मीडिया की हैडिंग में छा गई हैं। जन्माष्टमी उत्सव से उनका एक वीडियो सामने आया है। जहां वह दही हांडी फोड़ती दिख रही हैं। इस दौरान वह भारत माता की जय का नारा भी लगाती हैं। मगर इस वीडियो के देखने के बाद कुछ लोग उन्हें ट्रोल भी करने लगे। उनकी फिल्म परमसुंदरी 29 अगस्त को रिलीज हो रही है। जाह्नवी कपूर घाटकोपर के एक दही हांडी कार्यक्रम में शामिल हुईं। इस दौरान वह ट्रेडिशन अवतार में पहुंचीं। वह कलश उठाती हैं फूलों से भरी मटकी को फोड़ती हैं। उनके इर्द-गिर्द काफी भीड़ भी नजर आ रही हैं। इस कार्यक्रम के बाद जान्हवी कपूर का एक वीडियो भी इंस्टाग्राम पर काफी वायरल हुआ। दही हांडी फोड़ते हुए जाह्नवी कपूर भारत माता की जय का नारा भी लगाती हैं।



# कंगना के विवादित बयान पर छिड़ी बहस

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री से राजनेता बनीं कंगना रनौत अपने बेबाक बयानों के लिए जानी जाती हैं। इस बार उन्होंने निशाना साधा है भारत में बढ़ती डेटिंग ऐप कल्चर पर। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान उन्होंने डेटिंग एप्स को समाज का गटर बताते हुए कहा कि ये प्लेटफॉर्म 'असफल लोगों' के लिए हैं, न कि असली 'अचीवर्स' के लिए। कंगना के इस बयान के बाद सोशल मीडिया पर बहस छिड़ गई है। कई लोग जहां उनके विचारों से सहमत नजर आए, वहीं बहुतों ने उन्हें पुरानी सोच वाली और एकतरफा बताया। कंगना के इस बयान पर सोशल मीडिया दो हिस्सों में बंट गया है। कुछ लोगों ने कहा कि वो सही कह रही हैं और आज के रिश्तों में गहराई की कमी है। वहीं बाकी यूजर्स ने उन्हें जजमेंटल बताया और कहा कि डेटिंग एप्स से उन्होंने अपने सच्चे जीवनसाथी को पाया है।

## टीवी मसाला



# 7.50 लाख के सवाल पर ली 2 लाइफ लाइन! फिर भी हार गईं कल्याणी

**नई दिल्ली।** 'कौन बनेगा करोड़पति 17' के चौथे एपिसोड में दो कंटेस्टेंट को हॉटसीट पर बैठने का मौका मिला। पहली कंटेस्टेंट कल्याणी ने शानदार खेल दिखाया, लेकिन 7.50 लाख रुपए के लिए पूछे गए सवाल से न सिर्फ उन्हें दुविधा हुई, बल्कि ऑडियंस का अंदाजा भी गलत साबित हुआ। सवाल जितना आसान लगता है, उतना है नहीं। कल्याणी ने 5 लाख के सवाल पर पहली लाइफ लाइन इस्तेमाल की. सवाल था- लगातार 16 सालों तक भुवनेश्वरी कुमारी ने किस खेल में राष्ट्रीय महिला एकल खिताब जीता है? विकल्प हैं- बैडमिंटन, टेबल टेनिस, स्क्वाश और टेनिस. कंटेस्टेंट ने विकल्प सी. स्क्वाश चुनकर 5 लाख रुपएजीते. उन्होंने बताया कि वे मां-बाप को भारत-भ्रमण के लिए 5 लाख रुपए देना चाहती हैं। उन्होंने आगे सुपर संदूक में 70 हजार जीते, जिससे एक लाइफ लाइन जिंदा कर ली।कल्याणी 7.50 लाख के सवाल पर अटक गईं। सवाल है- तुर्कमेनिस्तान में 'नर्क का द्वार'उपनाम वाले एक गैस क्रेटर का स्थानीय नाम क्या है, जहां लगभग आधी सदी से लगातार आग जल रही है?ए. दोजख, बी. जहन्नम, सी. कुआं, डी. दरवाजा। कंटेस्टेंट ने सवाल का सही जवाब देने के लिए पहले '50-50 लाइफ लाइन का इस्तेमाल किया। दो गलत जवाब हटने के बाद उन्हें 'जहन्नम-दरवाजा'विकल्प मिला। उन्होंने एक और लाइफ लाइन ऑडियंस पोल का इस्तेमाल किया। ज्यादातर ऑडियंस ने विकल्प 'जहन्नम'चुना। वे जनता के साथ जाती हैं और विकल्प बी को चुनती हैं, मगर यहां जनता गलत साबित होती है। 'दरवाजा'सही जवाब है। वे 5 लाख रुपए जीतकर घर लौटीं। वे काफी निराश थीं।

## फिर से निभाना चाहते हैं श्रीकृष्ण का किरदार

**नई दिल्ली।** टीवी धारावाहिक 'महाभारत' में जब नितीश भारद्वाज ने श्रीकृष्ण का किरदार निभाया, तब उन्होंने केवल एक भूमिका नहीं निभाई, बल्कि करोड़ों लोगों के दिलों में कृष्ण को जगा दिया। आज भी जब लोग उन्हें देखते हैं तो सहज ही उन्हें कृष्ण कहकर पुकारते हैं। उन्होंने कहा कि अब मेरी समझ और गहरी हो गई है। अगर मौका मिला तो मैं कृष्ण को पहले से भी बेहतर निभाऊंगा। नितीश भारद्वाज कहते हैं कि मेरे लिए जन्माष्टमी कोई बाहरी त्योहार भर नहीं है। मेरे लिए यह दिन अपने अंदर झांकने का होता है। मैं ध्यान करता हूं, गुरु से मिले मंत्र का जाप करता हूं और आत्मचिंतन करता हूं। पूजा-पाठ और परंपराएं जरूरी हैं, लेकिन असली कृष्ण हमें अपने अंदर ही मिलते हैं। बचपन की यादों को ताजा करते हुए अभिनेता बताते हैं कि तब दही हांडी केवल खेल नहीं था, बल्कि समाज को जोड़ने वाला त्योहार था। कृष्ण की माखन चोरी की लीला यही सिखाती है कि समाज के सभी लोग मिल-जुलकर रहें।



# कभी कुश्ती करते थे सुरेश वाडेकर प्रतियोगिता जीतकर बने गायक

**नई दिल्ली।** भारतीय संगीत जगत में कुछ आवाजें ऐसी होती हैं जो सीधे दिल को छू जाती हैं। सुरेश वाडेकर की आवाज उन्हीं में से एक है। एक ऐसा नाम, जो शास्त्रीय गायकी की गहराई से लेकर फिल्मी संगीत के हर रंग में निखरकर सामने आया। लेकिन, क्या आप जानते हैं कि सुरेश वाडेकर पहले पहलवान बनना चाहते थे? कुश्ती के दांव-पेंच से लेकर माइक के सामने सुर साधने का उनका सफर बेहद प्रेरणादायक रहा है।

**प्रारंभिक जीवन :** सुरेश ईश्वर वाडेकर का जन्म 7 अगस्त 1955 को महाराष्ट्र के कोल्हापुर में एक मध्यमवर्गीय मराठी परिवार में हुआ था। उनके पिता ईश्वर वाडेकर मुंबई के लावर पड़ेरेल के गिरगांव इलाके में स्थित कपड़ा मिल में वर्कर थे, वहीं उनकी माता जी मजदूरों के लिए खाना बनाती थीं। परिवार जल्द ही गिरगांव में बस गया, जहां सुरेश का बचपन बीता।



### कुश्ती की प्रतियोगिताओं में लेते थे हिस्सा

बचपन से ही उनका रुझान शारीरिक खेलों की तरफ था। खासकर कुश्ती में उनकी गहरी दिलचस्पी थी। स्कूल और कॉलेज में वो अक्सर प्रतियोगिताओं में भाग लेते और अव्वल आते। उनका सपना था कि वो एक दिन पहलवान बनें, लेकिन किस्मत ने उनके लिए कुछ और ही सोच रखा था। सुरेश को खेलों के रुचि के साथ-साथ छोटी उम्र से ही भजन और संगीत सुनने का भी शौक था। पिता भी भजन गाया करते थे, जिससे घर में संगीत के संस्कार पनपने लगे। कम उम्र में ही उनके पिता ने उनकी गायकी में प्रतिभा देख ली और प्रारंभिक संगीत शिक्षा शुरू कर दी।

### पहलवान से कैसे बन गए गायक?

8 वर्ष की उम्र में सुरेश वाडेकर की संगीत प्रतिभा परंपरागत गुरु अचायरी जियालाल वसंत ने पहचानी और उन्हें ट्रेन करना शुरू किया। उन्होंने गुरुकुल पद्धति में शास्त्रीय संगीत की शिक्षा दी एवं गुरु के संरक्षण में स्कूली पढ़ाई भी की। बाद में प्रयाग संगीत समिति, इलाहाबाद से उन्होंने साल 1968 में प्रभाकर प्रमाणपत्र प्राप्त किया। इसके बाद वो मुंबई के आर्य विद्या मंदिर में संगीत शिक्षक के रूप में जुड़े और पेशेवर रूप में शिक्षा देना शुरू किया। कॉलेज के दिनों में उन्होंने संगीत प्रतियोगिता में भाग लिया और वहीं से उनके जीवन की दिशा बदल गई। जिस प्रतियोगिता में उन्होंने भाग लिया था, वो प्रतिष्ठित 'संगीत नाटक अकादमी' द्वारा आयोजित की गई थी। प्रतियोगिता में जीत दर्ज करने के बाद उन्हें संगीत को कॅरियर बनाने की प्रेरणा मिली।

# बेहद खूबसूरत हीरोइन, सिर्फ 5 फिल्मों में किया था काम, शादी के बाद छोड़ा कॅरियर

**मुंबई।** बॉलीवुड की दुनिया फिल्मी के साथ-साथ चकाचौंध से भरी हुई है। यहां कई कलाकारों ने कॅरियर के पीक पर आकर रिस्क लिया। कुछ के लिए ये फायदेमंद साबित हुआ और कुछ की नैया डूब गई। आज हम आपको एक ऐसी ही अदाकारा के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसने एक्ट्रेस तब्बू के साथ डेब्यू किया था। फिर ए-लिस्टर एक्टर के साथ शादी की और पीक पर करियर छोड़ दिया। मगर रिश्ता ज्यादा दिन चला नहीं और इनका तलाक हो गया। पति को भी जेल हो गई। और मौत भी ठीक वैसे हुई, जैसे इनकी सास ने इस दुनिया को अलविदा कहा था। आइए जानते हैं कि ये कौन हैं।

### देव आनंद की हीरोइन थीं

इस अदाकारा ने 1985 में आई 'हम नौजवान' से डेब्यू किया था। इसमें तब्बू और देव आनंद भी थे। इसके बाद इन्होंने सफलता के कदम चूम और इंसाफ की आवाज (1986), सड़क छाप (1987) और अनुभव (1987) में काम करने का मौका मिला। इनका नाम ऋचा शर्मा था, जो संजय दत्त की पहली पत्नी थीं।



### ऋचा शर्मा की डेब्यू मूवी

ऋचा शर्मा का जन्म 1964 में दिल्ली में हुआ था। लेकिन, बाद में वह फैमिली के साथ न्यूयॉर्क चली गई थीं। वह देव आनंद की बहुत बड़ी फैन थीं। अमेरिका में उनसे मिलीं तो हीरोइन बनने की इच्छा जता दी। हालांकि, वह 13-14 साल की थीं। जिस कारण देव आनंद फिल्मों में लेने से उन्हें कतरा रहे थे। मगर बाद में उन्होंने 1985 में आई मूवी में कास्ट कर लिया।

## खाने की खुशबू और मिठास भी दिखी 'लंच बॉक्स' में

# कुकिंग और खानपान पर बनी हैं ये बॉलीवुड फिल्में

*मुंबई। फिल्म 'हीर एक्सप्रेस' की रिलीज डेट आगे बढ़ गई है। यह फिल्म हीर (दिविता जुनेजा) पर आधारित है, जिसका सपना है शेफ बनना। अपने कुकिंग स्किल्स के जरिए भारतीय व्यंजनों को वह विदेश में पहुंचाने की कोशिश करती है। कुकिंग और खानपान की थीम पर और भी कई फिल्में काफी चर्चित हैं।*

**बावर्ची :** साल 1972 में रिलीज हुई फिल्म बावर्ची में अभिनेता राजेश खन्ना को बावर्ची के रूप में दिखाया। फिल्म में राजेश खन्ना एक संयुक्त परिवार के लिए काम करने वाले बावर्ची की भूमिका में नजर आए। खानपान की थीम पर बनी इस फिल्म में भारतीय संस्कार, परंपराओं और पारिवारिक ढांचे को भी बड़ी खूबसूरती से दिखाया गया है। फिल्म का निर्देशन ऋषिकेश मुखर्जी ने किया।

**चीनी कम :** हिंदी सिनेमा के मेगा स्टार अमिताभ बच्चन की फिल्म चीनी कम की अनोखी प्रेम कहानी भी खाने से जुड़ी हुई है। यह फिल्म साल 2007 में रिलीज हुई। इस फिल्म में अमिताभ बच्चन ने 64 साल के शेफ का किरदार निभाया था। फिल्म में शेफ बने अमिताभ बच्चन को खुद से 30 साल छोटी तब्बू से प्यार हो जाता है। उनके बीच प्यार पनपने की वजह हैदराबादी पुलाव है, जो अमिताभ बहुत अच्छा बनाते हैं। फिल्म में अमिताभ बच्चन के इसी खूबी से तब्बू उनकी फैन बन जाती है।

### स्टेनली का डब्बा

यह फिल्म साल 2011 में रिलीज हुई। स्टेनली का डब्बा एक ऐसे बच्चे स्टेनली की कहानी है, जो अपने स्कूल कभी भी टिफिन बॉक्स नहीं लेकर इसलिए नहीं आता है, क्योंकि स्कूल के खड़ूस प्रिंसिपल को अपने स्टूडेंट्स के टिफिन बॉक्स खाने की गंदी आदत है। स्टेनली जब स्कूल में टिफिन नहीं लाता है, तो प्रिंसिपल उससे खार खाने लगता है। अमोल गुप्ते के निर्देशन में बनी इस फिल्म दिव्या दत्ता, पार्थ गुप्ते, दिव्या जगदाले, राज जुत्शी की मुख्य भूमिकाएं थी। इस फिल्म को कई इंटरनेशनल अवॉर्ड भी मिल चुके हैं।








**लंच बॉक्स :** खाने की खुशबू और मिठास इरफान खान की फिल्म 'लंच बॉक्स' में भी दिखी। यह फिल्म साल 2013 में रिलीज हुई। फिल्म में बहुत खूबसूरत और प्यारी सी लव स्टोरी को पेश किया गया था। फिल्म में निम्रत कौर और दिवंगत एक्टर इरफान खान लीड रोल में हैं।

**शेफ :** फिल्म 'शेफ' (2017) की कहानी एक पिता और बेटे के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसमें पिता अपनी जॉब की वजह से बेटे और परिवार की तरफ ध्यान नहीं दे पाता है। इसकी वजह से दोनों के रिश्तों में कड़वाहट आने लगती है। लेकिन इसके बाद वो अपनी नौकरी को छोड़कर परिवार के पास वापस आ जाता है और अपना खुद का फूड ट्रक बिजनेस खोलता है। इस फिल्म में सैफ अली खान ने शेफ की भूमिका निभाई थी।

*__शर्मा जी नमकीन__ : दिवंगत अभिनेता ऋषि कपूर ने अपनी आखिरी फिल्म 'शर्माजी नमकीन' (2022) में एक ऐसे व्यक्ति शर्मा जी की भूमिका निभाई थी, जिसे कंपनी से सेवानिवृत होने के बाद घर में खाली बैठना पसंद नहीं है। टाइमपास के लिए शर्मा जी किट्टी पार्टी में खाना बनाने का काम शुरू कर देते हैं। शर्मा जी के हाथ का बना खाना सभी को बहुत पसंद आता है। खाना बनाने का काम शर्मा जी अपने बच्चों से छुपाकर रखते हैं, लेकिन एक दिन उनकी पोल खुल जाती है।*

*__तरला__ : यह फिल्म 07 जुलाई 2023 को ओटीटी पर रिलीज हुई। यह खाने पर बनी फिल्म है। इसमें हुमा कुरैशी लीड रोल में हैं। दरअसल फिल्म, शेफ तरला दलाल की बायोपिक है और हुमा ने लीड रोल किया है। तरला दलाल भारत की पहली महिला शेफ थी, जिन्हे पाक कला के लिए पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।*



# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा, स्वदेशी के प्रति समर्पण के साथ हम बनाएंगे आत्मनिर्भर और विकसित भारत

**मुख्यमंत्री ने भोपाल के लाल परेड ग्राउंड पर ध्वजारोहण कर ली सलामी**

**देशभक्ति की भावना के साथ उत्साह से मनाया 79वां स्वतंत्रता दिवस**

**पहली बार मुख्यमंत्री के संदेश का पूरे प्रदेश में हुआ लाइव टेलीकास्ट**

» मप्र सरकार गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी कल्याण के लिए संकल्पबद्ध

» परेड में सशस्त्र दलों ने किया हर्ष फायर, जिलों में भी हुए आयोजन





हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने स्वतंत्रता दिवस पर अपने संदेश में कहा कि आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत का रास्ता स्वदेशी के प्रति समर्पण से ही संभव होगा। स्वदेशी के प्रति समर्पण के साथ हम आत्मनिर्भर और विकसित भारत बनाएंगे। देशवासियों को बस अपनी शक्ति और सामर्थ्य पहचानने की जरूरत है। मप्र सरकार गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी (जीवायएएन) कल्याण के लिए संकल्पबद्ध होकर कार्य कर रही है।

मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने भोपाल के लाल परेड ग्राउंड पर राज्य स्तरीय समारोह में ध्वजारोहण कर परेड का निरीक्षण किया और परेड सलामी ली। परेड में सशस्त्र दलों ने तीन चरणों में हर्ष फायर किया। मुख्यमंत्री ने स्वतंत्रता दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने प्रदेश की जनता के नाम संदेश दिया। प्रदेश में पहली बार मुख्यमंत्री के संदेश का लाइव टेलीकास्ट किया गया। सभी जिला मुख्यालयों पर आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में प्रसारित हुआ। कार्यक्रम में मुख्य सचिव अनुराग जैन, डीजीपी कैलाश मकवाना, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, जनप्रतिनिधि, छात्र-छात्राओं सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

### एक लाख किमी सड़क और 500 रेल ओवरब्रिज-फ्लाईओवर का निर्माण

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा किआगामी पांच वर्ष में प्रदेश में नर्मदा प्रगति पथ, विंध्य एक्सप्रेस-वे, मालवा-निमाड़ विकास पथ, अटल प्रगति पथ, बुंदेलखंड विकास पथ एवं मध्य भारत पथ का निर्माण करवाया जाएगा। प्रदेश में एक लाख किमी सड़क और 500 रेल ओवरब्रिज-फ्लाईओवर का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जल जीवन मिशन के माध्यम से प्रदेश के ग्रामीण अंचलों में 78 लाख से अधिक परिवारों और 19 हजार से अधिक गांवों के प्रत्येक घर तक नल से जल की आपूर्ति सुनिश्चित की गई है।

### खिलाड़ियों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन कियाः मुख्यमंत्री डॉ. मोहन

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में 18 खेलों की 11 अकादमियां सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में संचालित हैं। इनमें 80 प्रतिशत खिलाड़ी प्रदेश से और 20 प्रतिशत अन्य राज्यों से लिए जाते हैं, जिससे एक भारत-श्रेष्ठ भारत की भावना को बढ़ावा मिले। वर्ष 2025-26 में हमारे खिलाड़ियों ने खेल के मैदान में शानदार प्रदर्शन किया है। खिलाड़ियों ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर 6 स्वर्ण, 9 रजत, 6 कांस्य और राष्ट्रीय स्तर पर 82 स्वर्ण, 65 रजत, 57 कांस्य पदक जीते हैं।

### अगले चार वर्ष में बजट को दोगुना करना राज्य सरकार का लक्ष्यः मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपने संदेश में कहा कि मप्र का वर्ष 2025-26 का बजट प्रदेश के विकास और समृद्धि के लिए तैयार किया गया है, जिसमें कोई नया कर नहीं लगाया गया। राज्य सरकार का लक्ष्य अगले चार वर्ष में बजट को दोगुना करना है। प्रति व्यक्ति आय एक लाख 39 हजार वार्षिक से बढ़कर वर्ष 2024-25 में एक लाख 52 हजार हो गई है। प्रदेश के निर्यात में 6 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई है ।

## विधानसभा अध्यक्ष तोमर ने किया ध्वजारोहण



मप्र विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने 79 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विधानसभा में ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर उन्होंने विधानसभा सुरक्षा बल (मार्शल्स ) की परेड की सलामी ली। स्वतंत्रता दिवस समारोह में विधानसभा सचिवालय के प्रमुख सचिव एपी सिंह, अन्य वरिष्ठ अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित थे। इससे पूर्व अध्यक्ष ने अपने शासकीय आवास पर ध्वजारोहण किया।

## राज्यपाल पटेल ने राजभवन में किया ध्वजारोहण



राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने स्वतंत्रता दिवस के पावन पर्व पर पचमढ़ी स्थित राजभवन में ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर राज्यपाल पटेल ने सभी को स्वतंत्रता दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने स्थानीय स्कूल के विद्यार्थियों, प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों, राजभवन सचिवालय के कर्मचारियों से भेंट की।

## आयुक्त जनसम्पर्क डॉ. खाड़े ने किया ध्वजारोहण



आयुक्त जनसम्पर्क डॉ. सुदाम खाड़े ने 79वें स्वतंत्रता दिवस पर जनसम्पर्क संचालनालय परिसर में ध्वजारोहण किया। उन्होंने विभागीय अधिकारी-कर्मचारियों के साथ सभी को स्वतंत्रता दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। डॉ. खाड़े ने ध्वजारोहण के बाद समारोह में शामिल हुए बच्चों को मिठाई भी वितरित की। ध्वजारोहण समारोह में अपर संचालक जीएस वाधवा और संजय जैन सहित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पुलिस कमिश्नर ने किया ध्वजारोहण

स्वतंत्रता दिवस पर पुलिस आयुक्त हरिनारायणाचारी मिश्र ने आयुक्त कार्यालय परिसर में ध्वजारोहण कर तिरंगे झंडे को सलामी दी। इसके बाद स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अवधेश गोस्वामी, पुलिस उपायुक्त श्रद्धा तिवारी, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त मंजू लता खत्री आदि उपस्थित रहे।



## कलेक्टोरेट में कलेक्टर ने किया ध्वजारोहण



शहर के संभाग कमिश्नर और कलेक्टोरेट कार्यालय में स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। संभागायुक्त कार्यालय में संभागायुक्त संजीव सिंह ने तिरंगा फहराया। जबकि कलेक्टोरेट में कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने तिरंगा फहराकर देश के लिए काम करने की नसीहत दी।

## स्वतंत्रता दिवस पर खाद्य मंत्री राजपूत ने प्रदेशवासियों को दी बधाई



प्रदेश के खाद्य मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने 79वें स्वतंत्रता दिवस और श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने सभी से आजादी का अमृत महोत्सव उत्साहपूर्वक मनाने और हर घर तिरंगा, घर-घर तिरंगा अभियान के तहत अपने घरों, प्रतिष्ठानों और दुकानों पर तिरंगा फहराने की अपील की।

# नन्हें परिंदों ने मनाया आजादी का महापर्व



**फरीदाबाद।** स्वतंत्रता दिवस की 79 वीं वर्षगांठ पर अरुणाभा वेलफेयर सोसाइटी और अजय साहित्यिक मंच के संयुक्त तत्वावधान में आज़ादी का महापर्व सेक्टर 31, फरीदाबाद में मनाया गया।जिसमें स्कूली छात्रों की काव्य प्रतियोगिता ,नृत्य और संगीत का आयोजन हुआ । नन्हें बच्चों की देशप्रेम से ओत-प्रोत कविताओं , नृत्य और संगीत ने माहौल को देशभक्ति के रंग में रंग दिया। कार्यक्रम की शुरूआत माँ सरस्वती के सामने दीप प्रज्ज्वलित करके की गई। तत्पश्चात वेलफेयर की संस्थापिका और राष्ट्रीय अध्यक्षा प्रणीता प्रभात ने सभी उपस्थित गणमान्य लोगों का स्वागत करते हुए उनका आभार व्यक्त किया।मंच का संचालन संजय गुप्ता जी ने अपने खूबसूरत अंदाज में किया। नन्हें समाज सेवी श्रेयस श्रीवास्तव ने फौजियों के जीवन पर कविता सुनाकर उपस्थित दर्शकों का दिल जीत लिया ।सरस्वती वंदना आत्रेई पाल ने अपनी सुरीली आवाज में की।वेलफेयर की ब्रांड एम्बेसडर सृष्टि गुलाटी, सुजीत और सुरूचि द्वारा शानदार नृत्य की प्रस्तुति दी गई। अंकित, आशु, अश्वनी, वैशाली, तुलसी, निशिका, पलक, पायल, दीपांशु और बेबी द्वारा अपनी शिक्षिका प्रणीता प्रभात द्वारा लिखी देशप्रेम की कविताओं का पाठ जोशीले और सुरीले स्वरों में किया गया। जिसने दर्शकों को बांधें रखा और बच्चों ने उपस्थित लोगों की खूब तालियाँ बटोरी।

## मप्र राजपत्रित अधिकारी संघ कार्यालय में हुआ ध्वजारोहण

स्वतंत्रता दिवस पर मप्र राजपत्रित अधिकारी संघ के प्रांतीय कार्यालय तुलसी नगर में प्रांताध्यक्ष डीके यादव ने ध्वजारोहण कर स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर संघ के संरक्षक एसएस दांगी, महामंत्री डॉ. सरोज यादव, संजीव कुमार शाक्य, डॉ. बीके चौरसिया, डॉ. राजेंद्र परमार, धर्मेंद्र जोशी, अनिल पाठक, एचएस भदौरिया सहित अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।



## मुख्य आरोपी सहित सात लोग गिरफ्तार

# पूर्व प्रेमिका के पति को मारने का प्लान फेल



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ में एकतरफा प्यार और आशिकी के सनकपन के चलते खैरागढ़ जिले के गंडई थाना क्षेत्र में एक युवक ने बम बनाकर युवक के घर भेज दिया। पुलिस ने सनसनीखेज़ मामले का भंडाफोड़ किया है। दरअसल एक युवक ने अपनी पूर्व प्रेमिका के पति को मारने की नीयत से होम थिएटर स्पीकर के भीतर दो किलो बारूद छिपाकर पार्सल बम तैयार किया और उसे गिफ्ट कर दिया।

किस्मत ने साथ दिया वरना पूरा इलाका एक बड़े धमाके से हिल जाता। मामला तब उजागर हुआ जब गंडई निवासी अफसार खान के पास एक पार्सल पहुंचा। बाहर से वह बिल्कुल नया होम थिएटर लग रहा था,लेकिन उसे उठाते ही अफसार को शक हुआ। स्पीकर असामान्य रूप से भारी था और पावर पिन टूटा हुआ दिख रहा था। पेशे से इलेक्ट्रिशियन अफसार की नज़र तुरंत खतरे पर गई। उसने सावधानी से पार्सल खोला तो उसके पैरों तले ज़मीन खिसक गई। स्पीकर के भीतर से जिलेटिन की छड़ें और तारों से जुड़ा डिटोनेटर निकला। उसने तुरंत पुलिस को खबर दी। सूचना मिलते ही पुलिस और बम निरोधक दस्ते ने मौके पर पहुँचकर पूरे क्षेत्र को सील कर दिया। जांच में पता चला कि स्पीकर के अंदर छिपाया गया विस्फोटक इस तरह डिज़ाइन किया गया था कि जैसे ही उसे बिजली के स्त्रोत से जोड़ा जाता करंट सीधे डिटोनेटर तक पहुँचकर जोरदार धमाका कर देता। विस्फोट की स्थिति में स्पीकर का आवरण ही घातक छर्रों में बदल जाता। यह पूरा आईडिया किसी फिल्मी सीन जैसा था,लेकिन हकीकत कहीं ज्यादा खतरनाक। पुलिस की पड़ताल ने इस मामले के पीछे की गुत्थी खोली। मास्टरमाइंड विनय वर्मा ने इंटरनेट से ट्यूटोरियल देखकर आईईडी तैयार किया था, उसका मकसद अपनी प्रेमिका के पति अफसार खान की हत्या करना था, लेकिन इस साजिश का एक और बड़ा पहलू सामने आया।

विनय अकेला नहीं था,उसके साथ कई लोग शामिल थे जिन्होंने कई तरह से उसकी मदद की। जांच में यह भी खुलासा हुआ कि इस बम में इस्तेमाल जिलेटिन दुर्ग जिले की पत्थर खदानों से अवैध रूप से लाया गया था,पुलिस ने इस केस में सात आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। इनमें आईईडी तैयार करने वाला, फाइनेंसर, डिलीवरी में मददगार,सप्लायर और यहां तक कि फर्जी इंडिया पोस्ट लोगो बनाने वाला भी शामिल है। आरोपियों के ठिकानों से 60 जिलेटिन स्टिक और दो डिटोनेटर बरामद हुए। पुलिस अधीक्षक लक्ष्य विनोद शर्मा ने इस कार्रवाई को बड़ी सफलता बताया। उनके अनुसार यह केवल एक नियोजित हत्या की साजिश को नाकाम करने भर की बात नहीं है, बल्कि अवैध विस्फोटक आपूर्ति के एक पूरे नेटवर्क को उजागर करने वाली घटना है। सभी आरोपियों पर हत्या की साजिश,विस्फोटक अधिनियम और आर्म्स एक्ट समेत गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया गया है।

**महिला समेत पांच आरोपी गिरफ्तार, प्रेमी के साथ मिलकर की वारदात**

# मौसी ने बच्चे को सात लाख में बेचा, पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

छोटी बहन के बच्चे का अपहरण कर लाखों रुपये में बेचने के मामले में पुलिस ने महिला समेत पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सभी आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है। दुर्ग कसारीडीह की रहने वाली पीड़िता सुखारिंग बाई ने अपने 8 माह के बच्चे के अपहरण की शिकायत महिला थाने में दर्ज कराई, जिसके बाद पुलिस ने मामले को गंभीरता से देखते हुए विशेष टीम बनाकर खोजबीन की।

पीड़िता ने पुलिस को जानकारी दी कि उसकी बड़ी बहन संगनी पटना में आर्केस्टा में डांस करती है, उसने जून महीने में उसे बेटे के साथ पटना घूमने के लिया बुलाया था, जहां वह पांच दिन तक रुकी रही। जुलाई माह में छोटी बहन संगनी और उसके प्रेमी ने पीड़िता को ट्रेन का टिकट देकर दानापुर स्टेशन तक छोड़ने आए थे और स्टेशन पर



दोनों पीड़िता के 8 माह के बच्चे को गोद में लेकर खाना लाने का बहाना बनाकर गायब हो गए। इसी दौरान ट्रेन छूट गई। पीड़िता को बच्चे के अपहरण की आशंका हुई। उसने घर लौटने पर घटना की जानकारी अपने पति को दी, जिसके बाद महिला थाना में मामला दर्ज कराया।

### लोकेशन ट्रेस कर आरोपियों तक पहुंची पुलिस

*पुलिस ने इस मामले में जांच पड़ताल शुरू की। आरोपी संतोष पाल के मोबाइल नंबर के लोकेशन को खंगाला गया और आरोपी संतोष पाल को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, जिसके बाद पुलिस ने संगनी बाई, प्रदीप कुमार, डॉ. बादल और गौरी महतो को भी हिरासत में लिया गया। पुलिस के पूछताछ में सभी आरोपियों ने बताया कि आरोपिया संगनी बाई ने अपनी ही छोटी बहन के बेटे को प्लानिंग के तहत पटना बुलाकर अपहरण किया और आरोपी प्रदीप को सौंप दिया। प्रदीप ने बच्चे को डॉ. बादल के हवाले किया। इसके बाद डॉ. प्रदीप ने 7 लाख में गौरी महतो को बेच दिया। आरोपी गौरी महतो की कोई संतान नहीं है, पारिवारिक विवाद में संपति के वारिस की जरूरत पड़ रही थी। इस कारण से उसने अपने परिचित डॉ. बादल से संपर्क किया और बच्चा गोद दिलाने को कहा।*

**29 गांवों में पहली बार लाल झंडा नहीं, फहराया गया राष्ट्रीय ध्वज**

# सरकार के संकल्प का परिणाम जगह-जगह फहराया तिरंगा:सीएम साय

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

आजादी के 78 साल बाद बस्तर के उन गांवों में तिरंगा शान से लहराया, जहां अब तक नक्सलियों का लाल झंडा ही ताकत और खौफ का प्रतीक माना जाता था। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बीजापुर, नारायणपुर और सुकमा जिलों के 29 गांवों में पहली बार राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि यह उपलब्धि हमारी सरकार के उस संकल्प का परिणाम है, जिसमें नक्सल प्रभावित इलाकों में शांति और विकास की नई धारा प्रवाहित करने का लक्ष्य रखा गया है। बस्तर अब भय और हिंसा से बाहर निकलकर प्रगति, समृद्धि और विश्वास की ओर बढ़ रहा है।

बस्तर के गांवों में तिरंगे का फहराया जाना केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि बदलते बस्तर की ऐतिहासिक तस्वीर है। उपमुख्यमंत्री



विजय शर्मा ने इसे सुरक्षा बलों की मेहनत और स्थानीय समुदायों के धैर्य का परिणाम बताया। उन्होंने कहा कि आज जिन गांवों में तिरंगा फहराया गया, वहां दशकों तक लाल झंडे का खौफ छाया रहा। यह बस्तर में नई सुबह का प्रतीक है। केंद्र और राज्य सरकार मिलकर बस्तर के विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

### मुख्य धारा में लौट रहे उग्रवादी

*पिछले कुछ वर्षों में सुरक्षा बलों की नई रणनीति, शिविरों की स्थापना और लगातार दबाव के चलते नक्सली कैडर कमजोर हुआ है। आत्मसमर्पण नीतियों ने बड़ी संख्या में उग्रवादियों को मुख्यधारा में लौटाया है। वहीं सरकार ने यह स्पष्ट किया है कि केवल सुरक्षा उपाय ही नहीं, बल्कि विकास ही स्थायी समाधान है। इसी कारण नियद नेल्ला नार योजना सहित सड़क, बिजली, स्वास्थ्य और शिक्षा की सुविधाओं का तेजी से विस्तार हो रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा और अन्य योजनाओं से ग्रामीणों को प्रत्यक्ष लाभ मिलने लगा है।*

### ग्रामीणों को यकीन है सरकार उनके साथ है

*सरकारी योजनाओं के माध्यम से ग्रामीणों का भरोसा जीतना इस ऐतिहासिक बदलाव का सबसे बड़ा आधार रहा है। स्वास्थ्य शिविर, शिक्षा और रोजगार के नए अवसर तथा प्रशासन का संवेदनशील रवैया ग्रामीणों को यह संदेश दे रहा है कि सरकार उनके साथ खड़ी है। बस्तर की यह नई तस्वीर पूरे देश को यह संदेश देती है कि जब इच्छाशक्ति, रणनीति और जनभागीदारी एक साथ आते हैं, तो कोई भी चुनौती असंभव नहीं रहती।*

## चिंतन

# परवान नहीं चढ़ रहीं रूस-यूक्रेन के बीच युद्ध विराम की कोशिशें

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का बड़बोलापन अमेरिका को ही भारी पड़ रहा है। टैरिफ वार की सनक के चलते जहां अमेरिका की वैश्विक प्रतिष्ठा धूमिल हो रही है, वहीं अमेरिकियों को महंगाई की आंच सहन करनी पड़ रही है। ब्याज के मुद्दे पर ट्रंप की अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेड रिजर्व से ठनी हुई है, तो रूस व यूक्रेन के बीच जारी जंग को खत्म कराने के उनके वादे खोखले साबित हो रहे हैं। राष्ट्रपति ट्रंप की रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात पर दुनिया की नजरें थीं, लेकिन इस मुलाकात से कुछ निकला नहीं। रूस व यूक्रेन के बीच युद्ध विराम को लेकर कोई समझौता नहीं हो सका। बैठक से पहले ट्रंप अपने सोशल मीडिया ट्रूथ सोशल अकाउंट पर बड़े दावे कर रहे थे कि वह यूक्रेन में युद्धविराम देखना चाहते हैं और यदि इस पर सहमति नहीं बनी तो वह खुश नहीं होंगे, लेकिन मंझे हुए नेता पुतिन के साथ उनकी दाल नहीं गली। यूक्रेन का भूगोल बदलने की रूसी मंशा किसी भी नतीजे पर पहुंचने की राह में सबसे बड़ी बाधा है। इस बैठक को लेकर यूक्रेन पहले से सशंकित था और चाहता था कि उनकी उपस्थिति के बिना रूस के साथ कोई निर्णायक बात न हो और ट्रंप कुछ भी एकतरफा वादा न करें। ऐसे में ट्रंप व पुतिन की अलास्का वार्ता के बेनतीजा रहने से यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने राहत की सांस ली होगी। इस वार्ता से पहले जेलेंस्की ने कहा था कि यूक्रेन की भागीदारी के बिना रूस के साथ कोई भी वार्ता नहीं होनी चाहिए व जमीन अदला-बदली को यूक्रेन नहीं मानेगा। यूरोपीय संघ भी यूक्रेन के साथ है और वह भी चाहता था कि वार्ता सभी संबंधित पक्ष की मौजूदगी में हो। आज सोमवार को राष्ट्रपति ट्रंप यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की के साथ यूरोपीय संघ के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में बैठक करेंगे, इसमें युद्ध विराम के लिए रूपरेखा पर बात होगी। ट्रंप पुतिन की मंशा को केंद्र में रखकर अगर यूक्रेन व ईयू से बात करेंगे, तो इसमें भी कुछ नतीजा की उम्मीद नहीं है। रूस यूक्रेन के चार सीमाई क्षेत्र पर कब्जे को लेकर अडिग है, यूक्रेन किसी भी स्थिति में अपना क्षेत्र गंवाना नहीं चाहता है। यूक्रेन को ईयू का शह भी प्राप्त है। अमेरिका के पास भी रूस व यूक्रेन दोनों को मान्य कोई योजना नहीं है, यह अब तक साफ हो चुका है। ट्रंप दबाव डाल कर युद्ध विराम चाहते हैं, पर यह कोई कूटनीतिक तरीका नहीं है। ट्रंप का रूस पर दबाव बनाने के लिए टैरिफ दांव भी काम करता नहीं दिख रहा है, इसलिए यूक्रेन व ईयू के साथ ट्रंप की बैठक में किसी बिंदु पर सहमति बनने की संभावना कम प्रतीत हो रही है। हालांकि इस बैठक के बाद ट्रंप पुतिन के साथ मास्को में बैठक कर सकते हैं, लेकिन यह इस वार्ता पर निर्भर करेगा। बेशक ट्रंप चाहते हैं कि यूक्रेन व रूस के बीच जारी जंग खत्म हो जाए, पर इसके लिए वार्ता ही काफी नहीं है। अमेरिका व ईयू का जब तक रणनीतिक रवैया नहीं बदलेगा, तब तक सुलह की उम्मीद नहीं कर सकते। सबसे पहले अमेरिका और ईयू यूक्रेन को सामरिक व आर्थिक मदद देना बंद करें, यूक्रेन को नाटो में शामिल कराने का भूत छोड़ दें और यूक्रेन के कंधे से रूस के विनाश का स्वप्न देखना छोड़ दें। यूक्रेन सोवियत संघ से अलग हुआ देश है, इसलिए उसकी आत्मा कभी भी यूएस व ईयू के साथ घुलमिल नहीं सकेगी। यह बात यूक्रेन को भी समझनी चाहिए और यूएस-ईयू को भी। भारत ने हमेशा शांति की वकालत की है और यूक्रेन व रूस के बीच वार्ता के जरिये जंग खत्म करने की चाहत प्रकट की है। पीएम नरेन्द्र मोदी अभी पुतिन से मिले हैं और जेलेंस्की से फोन पर बात की है। इन प्रयासों से जंग खत्म होने का रास्ता निकलना चाहिए।

# भारत के विभाजन के दोषी कौन



एनसीईआरटी
प्रमोद भार्गव

एनसीईआरटी द्वारा विभाजन की विभीषिका स्मृति दिवस के मौके पर जारी एक विशेष पाठ में भारत के बंटवारे के लिए मोहम्मद अली जिन्ना, कांग्रेस और तत्कालीन ब्रिटिश वायसराय लार्ड माउंटबेटन को जिम्मेदार ठहराया गया है। यह भी उल्लेख है कि विभाजन के बाद कश्मीर नई समस्या के रूप में पेश आया। इसने देश की विदेश नीति के लिए चुनौती बनाए रखी। नतीजतन कुछ देश पाकिस्तान को सहायता देते रहते हैं और कश्मीर मुद्दे के नाम पर भारत पर दबाव बनाते रहते हैं। भारत और पाकिस्तान के बीच हुआ विभाजन तो आधा सच है, पूरा सच तो देश के 652 टुकड़े कर देने का बन गया था, जिसे पटेल ने संभाला और रियासतों का विलय भारतीय गणतंत्र में हो पाया।

भारत में राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) द्वारा विभाजन की विभीषिका स्मृति दिवस के मौके पर जारी एक विशेष पाठ में भारत के बंटवारे के लिए मोहम्मद अली जिन्ना, कांग्रेस और तत्कालीन ब्रिटिश वायसराय लार्ड माउंटबेटन को जिम्मेदार ठहराया गया है। पाठ में यह भी उल्लेख है कि विभाजन के बाद कश्मीर नई समस्या के रूप में पेश आया। भारत में यह समस्या पहले कभी मौजूद नहीं थी। इसने देश की विदेश नीति के लिए चुनौती बनाए रखी। नतीजतन कुछ देश पाकिस्तान को सहायता देते रहते हैं और कश्मीर मुद्दे के नाम पर भारत पर दबाव बनाते रहते हैं। वस्तुतः 'भारत का विभाजन गलत विचारों के कारण हुआ। भारतीय मुसलमानों की पार्टी मुस्लिम लीग ने 1940 में लाहौर में एक सम्मेलन आयोजित किया। इसमें जिन्ना ने कहा कि हिंदू और मुसलमान दो अलग-अलग धार्मिक दर्शन, सामाजिक रीति-रिवाज से संबंधित हैं। अतएव एक साथ नहीं रह सकते।' एनसीईआरटी के विशेष पाठ में 'विभाजन के अपराधी' शीर्षक वाले खंड में कहा है कि 'अंततः 15 अगस्त 1947 को भारत का बंटवारा हुआ। किंतु यह किसी एक व्यक्ति का काम नहीं था। इसके लिए तीन कारण जिम्मेदार थे, एक जिन्ना, जिन्होंने बंटवारे की मांग की। दूसरे कांग्रेस, जिसने बंटवारे को स्वीकार किया और तीसरे माउंटबेटन जिन्होंने इस पर अमल किया। माउंटबेटन एक बड़ी भूल के दोषी साबित हुए।'

एनसीईआरटी ने उक्त दो पार्ट छापे हैं। इनमें छठी कक्षा से आठवीं के लिए और नौवीं कक्षा से बारहवीं के लिए एक-एक पाठ हैं। ये अंग्रेजी और हिंदी में पूरक पाठ हैं, नियमित पाठ्य पुस्तकों में नहीं हैं। इसलिए इनका प्रयोग परियोजनाओं, पोस्टरों और वाद-विवादों के माध्यम से किया जाना है। ये दोनों पाठ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 2021 में दिए गए संदेश के साथ शुरू होते हैं, जिसमें विभाजन की विभीषिका स्मृति दिवस मनाने की घोषणा की गई थी। साफ है, ये पाठ पूरे देश में वाद-विवाद का ऐसा हिस्सा बनें, जिससे लोग जान सकें कि वास्तव में विभाजन के अपराधी कौन हैं। केंद्र सरकार इस उद्देश्य की पूर्ति में सफल होती दिख रही है। दरअसल स्वतंत्रता संघर्ष के बीच महात्मा गांधी ने आत्मविश्वास से कहा था कि 'अगर कांग्रेस बंटवारे को स्वीकार करना चाहती है तो उसे मेरी लाश के ऊपर से गुजरना होगा। जब तक मैं जीता हूं, मैं कभी भी हिन्दुस्तान का बंटवारा स्वीकार नहीं करूंगा और जहां तक मेरा वश चलेगा, कांग्रेस को भी स्वीकार नहीं करने दूंगा।' अलबत्ता ऐसा एकाएक क्या हुआ कि जवाहरलाल नेहरू और सरदार वल्लभ भाई पटेल को बंटवारे के समर्थन में खड़े होना पड़ गया। लार्ड माउंटबेटन से पहली मुलाकात में ही गांधी उनके वाग्जाल की गिरफ्त में ऐसे आए कि उनकी प्राण जाए, पर वचन न जाए, की वचनबद्धता भंग हो गई। कांग्रेस मुस्लिम अलगाववाद के आगे घुटने टेकती चली गई। नतीजतन भारत और पाकिस्तान स्वतंत्रता अधिनियम पर ब्रिटिश संसद में मोहर लगा दी गई। ब्रितानी हुकूमत में औपनिवेशिक दासता झेल रहे अखंड भारत को विभाजित कर दो स्वतंत्र देश बनाकर पृथक-पृथक सत्ता का हस्तांतरण करने का निर्णय ले लिया। संपूर्ण सत्ता सौंपने का दिन 14 अगस्त 1947 निश्चित किया। यह दिन भी एक तरह से दोनों देशों के स्वतंत्रता सेनानियों को चिढ़ाने की दृष्टि से मुकर्रर किया



गया, क्योंकि इसी दिनांक को जापान मित्र देशों के समक्ष आत्मसमर्पण करने को मजबूर हुआ था। अंग्रेजों द्वारा अपनी सत्ता कायम रखने की दृष्टि से बंगाल विभाजन एक ऐसा षड्यंत्रकारी घटनाक्रम रहा जो भारत विभाजन की नींव डाल गया। इस बंटवारे के फलस्वरूप अंग्रेजों के विरुद्ध ऐसी उग्र जनभावना फूटी की बंग-भंग विरोध में एक बड़ा आंदोलन खड़ा हो गया।

दरअसल जब गोरी पलटन ने समूचे भारत को अपनी अधीनता में ले लिया, तब क्रांतिकारी संगठनों और विद्रोहियों के साथ कठोरता बरतने के लिए 30 सितंबर 1898 को भारत की धरती पर वाइसराय लॉर्ड कर्जन के पैर पड़े। कर्जन को 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम से प्रेरणा ले रहे क्रांतिकारियों के दमन के लिए भेजा गया था। इस संग्राम पर नियंत्रण के बाद फिरंगी इस बात को लेकर चिंतित व सतर्क थे कि कहीं इसकी राख में दबी चिंगारी फिर न सुलग पड़े। क्योंकि अंग्रेज भली भांति जान गए थे कि 1857 का सिलसिला टूटा नहीं है। अंग्रेजों को यह भी शंका थी कि कांग्रेस इस असंतोष को पनपने के लिए खाद-पानी देने का काम कर रही है। कर्जन ने अंग्रेजी सत्ता के संरक्षक बने मुखबिरों से ज्ञात कर लिया कि इस असंतोष को सुलगाए रखने का काम बंगाल से हो रहा है। वाकई स्वतंत्रता की यह चेतना बंगाल के जनमानस में एक बेचैनी बनकर तैर रही थी। यह बेचैनी 1857 के संग्राम जैसे रूप में फूटे, इससे पहले कर्जन ने कुटिल क्रूरता के साथ 1905 में बंगाल के दो टुकड़े कर दिए। जबकि इस बंग-भंग का विरोध हिंदू और मुसलमानों ने अपनी जान की बाजी लगाकर किया था। इस बंटवारे का मुस्लिम बहुल क्षेत्र को पूर्वी बंगाल और हिंदू बहुल इलाके को बंगाल कहा गया। अर्थात जिस भूखंड पर हिंदू-मुस्लिम संयुक्त भारतीय नागरिक के रूप में रहते चले आ रहे थे, उनका मानसिक रूप से सांप्रदायिक विभाजन कर दिया। इस विभाजन से सांप्रदायिक भावना की एक तरह से बुनियाद डाल दी गई, वहीं दूसरा इसका सकारात्मक परिणाम यह निकला कि पूरे भारत में अंग्रेजों के खिलाफ संघर्ष तेज हो गया। लेकिन कर्जन ने इसे कुटिल चतुराई से मुस्लिम लीग की स्थापना में बदल दिया। यही नहीं, कर्जन ने अपने वाकचातुर्य से ढाका के नवाब सलीमुल्ला को बंगाल विभाजन का समर्थन और अचानक उदय हुए स्वदेशी आंदोलन का बहिष्कार करने के लिए राजी कर लिया। सलीमुल्ला कर्जन से इतने प्रभावित हुए कि उन्होंने सक्रिय होकर कुछ नवाबों को बरगलाकर दिसबंर 1906 में मुस्लिम लीग संगठन खड़ा कर दिया। स्वदेशी आंदोलन को विफल करने के लिए अंग्रेज अधिकारियों ने सलीमुल्ला के साथ मिलकर हिंदू-मुस्लिमों के बीच संप्रदाय के आधार पर दंगे भड़काने का काम भी शुरू कर दिया। यहीं से हिंदुओं की हत्या करने और उनकी संपत्ति लूटने व हड़पने का सिलसिला शुरू हो गया।

नतीजतन मुस्लिम नेता पूरी ताकत से बंटवारे के समर्थन में आ खड़े हुए। लॉर्ड माउंटबेटन इतना चतुर निकला कि उसने विभाजन के लिए जिन्ना, नेहरू, पटेल और यहां तक की गांधी को भी मना लिया। भारत को दो स्वतंत्र राष्ट्रों में भारत और पाकिस्तान में विभाजित कर दिया गया। यही नहीं पंजाब और बंगाल को भी कपड़े की तरह दो टुकड़ों में चीर दिया गया,जिससे भारत हमेशा गृह कलह की आंच से सुलगता रहे। ब्रिटिश अधिकारियों ने जानबूझ कर 652 भारतीय रियासतों की प्रभुसत्ता उन्हें वापस सौंप दी। उन्हें भारत या पाकिस्तान मिल जाने की छूट तो थी ही, स्वतंत्र राष्ट्र बने रहने की छूट भी दे दी गई थी। अर्थात भारत और पाकिस्तान के बीच हुआ विभाजन तो आधा सच है, पूरा सच तो देश के 652 टुकड़े कर देने का बन गया था। जिसे पटेल ने संभाला और रियासतों का विलय भारतीय गणतंत्र में हो पाया। यह ऐतिहासिक सत्य है, जो स्वतंत्रता आंदोलन की इतिहास पुस्तकों में पूर्व से ही दर्ज है।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## आर्थिकी

सतीश सिंह




# मजबूत होती बैंकिंग इंडस्ट्री

वैश्विक रेटिंग एजेंसी एसएंडपी ने 15 अगस्त को भारत के 10 बैंकों की रेटिंग का उन्नयन किया, जिनमें भारतीय स्टेट बैंक, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक,एक्सिस बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया और इंडियन बैंक शामिल हैं। इसके अलावा, बजाज फाइनेंस, टाटा कैपिटल और एलएंडटी फाइनेंस की रेटिंग का भी उन्नयन किया गया। रेटिंग उन्नयन यह दर्शाता है कि बैंकों और वित्तीय संस्थानों कीवित्तीयस्थितिबेहतरहुईहैऔरवे बेहतरी के सभी पैमानों पर बेहतर कार्य कर रहे हैं। इससे बैंकों के ब्रांड इमेज में भी बेहतरी आयेगी, जिसका फायदा लंबी अवधि में बैंकों और वित्तीय संस्थानों को मिलेगा। गौरतलब है कि 14 अगस्त को वैश्विक रेटिंग एजेंसी एसएंडपी ने भारत की सॉवरेन क्रेडिट रेटिंग में 18 सालों के बाद उन्नयन किया था। नई रेटिंग "बीबीबी"दर्शाता है कि देश के पास अपने कर्ज दायित्वों को आसानी से पूरा करने की क्षमता में सुधार हुआ है। अब भारत की रेटिंग मैक्सिको, इंडोनेशिया और ग्रीस के समान स्तर पर आ गई है। एजेंसी ने भारत की आर्थिक मजबूती, बेहतर राजकोषीय नीतियों और सार्वजनिक खर्च की गुणवत्ता में सुधार को इस उन्नयन का आधार बताया है।वैसे,भारत की मजबूत मौद्रिक नीतियां और नियंत्रित मुद्रास्फीति ने भी इस उन्नयन में अहम भूमिका निभाई है। कुछ दिनों पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने भारतीय उत्पादों पर 27 अगस्त से 50 प्रतिशत टैरिफ आरोपित करने की घोषणा की थी साथ ही साथ भारतीय अर्थव्यवस्था को मृतप्राय कहा था। बहरहाल, रेटिंग में उन्नयन से ट्रंप के बयान को करारा जबाव मिला है। पुनश्चः एजेंसी के अनुसार, ट्रंप के बयान से भारतीय अर्थव्यवस्था को महज अल्प अवधि के लिए नुकसान हो सकता है, वह भी आशिंक स्तर पर।लंबे समय में भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत बनी रहेगी। इतना ही नहीं,इस रेटिंग उन्नयन से देसी और अंतरराष्ट्रीय निवेशक दोनों भारत में निवेश करने के लिए प्रेरित होंगे का भी अनुमान है। वैश्विक रेटिंग एजेंसी एसएंडपी के अनुसार भारतीय अर्थव्यवस्था के लगातार मजबूत बने रहने से बैंकिंग इंडस्ट्री को लाभ हो रहा है।सरकार और भारतीय रिजर्व बैंक की समीचीन मौद्रिक नीति से महंगाई नियंत्रण में है और बैंकों के क्रेडिट ग्रोथ में इजाफा हो रहा है।साथ ही, इससे निवेश, खर्च और आर्थिक गतिविधियों में तेजी आ रही है। गुलाबी अर्थव्यवस्था से भारतीय बैंकों को विदेश में अपने कारोबार को बढ़ाने में मदद मिल रही है।बैंकों के गैर निष्पादित आस्तियों (एनपीए) में कमी आ रही है और उनके कारोबार और मुनाफे में मुसलसल इजाफा हो रहा है। साथ ही, देश की अर्थव्यवस्था को भी मजबूत बने रहने में मदद मिल रही है।इसतरह,बैंक और अर्थव्यवस्था के बीच अन्योन्याश्रय संबंध है और दोनों के मजबूत रहने से देश के विकास को रफ़्तार मिल रही है। वित्त वर्ष 2024-25 में भारत के सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों ने 1.78 लाख करोड़ रुपए का मुनाफा अर्जित किया था,जो वित्त वर्ष 2023-24 की तुलना में 26 प्रतिशतअधिक है।इससे पहले वित्त वर्ष 2023-24 में सभी 12 सरकारी बैंकों का कुल मुनाफा 1.41 लाख करोड़ रुपए रहा था।इसतरह, बैंकों के मुनाफे में विगत वित्त वर्ष में लगभग 37,100 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी हुई.इस रिकॉर्ड लाभ में सबसे बड़ा योगदान देश के सबसे बड़े बैंक भारतीय स्टेट बैंक का रहा, जिसने अकेले 70,901 करोड़ रुपए का मुनाफा अर्जित किया, जो बीते वर्ष की तुलना में 16 प्रतिशत अधिक है और कुल सरकारी बैंकों के मुनाफे के 40 प्रतिशत से अधिक है।वहीं,प्रतिशत में सबसे अधिक लाभ पंजाब नेशनल बैंक ने अर्जित किया, जो 102 प्रतिशत है और यह राशि में 16,630 करोड़ रुपए है।इसके बाद पंजाब एंड सिंध बैंक के मुनाफे में 71 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो राशि में 1,016 करोड़ रुपये है। इसके अतिरिक्त,सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, यूको बैंक और बैंक ऑफ इंडिया ने 40 प्रतिशत से अधिक की वार्षिक वृद्धि दर्ज की, जबकि बैंक ऑफ महाराष्ट्र और इंडियन बैंक ने क्रमशः 36.1 प्रतिशत और 35.4 प्रतिशत की वृद्धि मुनाफे में दर्ज की।यह उपलब्धि इसलिएमहत्वपूर्ण है, क्योंकि वित्त वर्ष 2017-18 में सरकारी बैंकों को सामूहिक रूप से 85,390 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ था। सार्वजनिक बैंकों को मजबूत बनाने के लिए सरकार ने एनपीए की पहचान, समाधान, वसूली, बैंकों का पुनर्पूंजीकरण और वित्तीय पारिस्थितिकी में सुधार करने की रणनीति अपनाई थी, जिसके तहत वित्त वर्ष 2016-17 से 2020-21 तक सरकारी बैंकों में 3.10 लाख करोड़ रुपए का पूंजी निवेश किया गया। सरकार ने बीते कुछ सालों में बुनियादी ढांचे और समावेशी विकास में बड़े निवेश के साथ-साथ राजकोषीय अनुशासन को संतुलित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किये हैं।

(लेखक एसबीआई में एजीएम हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# गलत सोच का चश्मा जल्दी उतार देना चाहिए



संकलित
**दर्शन**

जब सोच निषेधात्मक या गलत होती है, तब वह सुख को भी दुख में परिवर्तित कर देती है। गलत सोच का चश्मा जितनी जल्दी हो, उतार देना चाहिए। बुरे विचार जितना दूसरों का नुकसान करते हैं, उतना ही स्वयं का भी करते हैं। कारण अपनी ही सुरक्षा को लेकर डरा दिमाग ढंग से नहीं सोच पाता। हम स्वार्थी हो जाते हैं, केवल अपने बारे में ही सोचते हैं। कहा गया है कि आपके विचार वहां तक ले जाते हैं, जहां आप जाना चाहते हैं। पर कमजोर विचारों में दूर तक ले जाने की ताकत नहीं होती। हम जो हैं वह सब विचारों का फल है। जो हम सोचते हैं, वही बन जाते हैं। मनुष्य अपने कार्यों से दूसरों को नुकसान पहुंचाता है और अपने विचारों से स्वयं को। गलत सोच एवं अनैतिक कार्यों में लिप्त लोगों को धनवान और प्रतिष्ठित होते देख आदमी में नकारात्मक चिंतन जागता है। अपनी ईमानदारी उसे मूर्खतापूर्ण लगती है। वह पुनर्चिंतन करता है-क्या मिला मुझे आदर्शों पर चलकर? यह नकारात्मक चिंतन उसे भी गलत सोच के दलदल में उतार देता है। समाज में भ्रष्ट और बेईमान लोगों की उत्पत्ति इसी तरह के गलत विचारों के संक्रमण से हुई। इस तरह का गलत सोच हमारी दुनिया को छोटा कर देता है। भीतर और बाहरी दोनों ही दुनिया सिमट जाती हैं। तब हमारी छोटी-सी सफलता अहंकार बढ़ाने लगती है। थोड़ा-सा दुख अवसाद का कारण बन जाता है। कुल मिलाकर सोच ही गड़बड़ हो जाता है। अपने ही बोले हुए को सुनते रहना ज्यादा सीखने नहीं देता। हमारा चिंतन गुणों की ओर केंद्रित रहना चाहिए।

# अपनी गठरी टटोलें



संकलित
**प्रेरणा**

दो आदमी यात्रा पर निकले! दोनों की मुलाकात हुई, दोनों का गंतव्य एक था तो दोनों यात्रा में साथ हो चले। सात दिन बाद दोनों के अलग होने का समय आया तो एक ने कहाः भाई साहब! एक सप्ताह तक हम दोनों साथ रहे क्या आपने मुझे पहचाना? दूसरे ने कहाः नहीं, मैंने तो नहीं पहचाना। पहला यात्री बोलाः महोदय मैं एक नामी ठग हूँ परन्तु आप तो महाठग हैं। आप मेरे भी गुरू निकले। दूसरा यात्री बोलाः कैसे? पहला यात्रीः कुछ पाने की आशा में मैंने निरंतर सात दिन तक आपकी तलाशी ली, मुझे कुछ भी नहीं मिला। इतने दिन साथ रहने के बाद मुझे यह पता है आप बहुत धनी व्यक्ति हैं और इतनी बड़ी यात्रा पर निकले हैं तो ऐसा कैसे हो सकता है कि आपके पास कुछ भी नहीं है? बिल्कुल खाली हाथ हैं! दूसरा यात्रीः मेरे पास एक बहुमूल्य हीरा है और थोड़ी-सी रजत मुद्राएं भी है। पहला यात्री बोलाः तो फिर इतने प्रयत्न के बावजूद वह मुझे मिले क्यों नहीं? दूसरा यात्रीः मैं जब भी बाहर जाता, वह हीरा और मुद्राएं तुम्हारी पोटली में रख देता था और तुम सात दिन तक मेरी झोली टटोलते रहे। अपनी पोटली सँभालने की जरूरत ही नहीं समझी। तो फिर तुम्हें कुछ मिलता कहाँ से! ईश्वर नित नई खुशियाँ हमारी झोली में डालते हैं परन्तु हमें अपनी गठरी पर निगाह डालने की फुर्सत ही नहीं है, यही सबकी मूलभूत समस्या है। जिस दिन से इंसान दूसरे की ताकझाख बंद कर देगा उस क्षण सारी समस्या का समाधान हो जाएगा। अपनी गठरी टटोलें! जीवन में सबसे बड़ा गूढ मंत्र है स्वयं को टटोले और जीवन-पथ पर आगे बढ़े सफलताएं आप की प्रतीक्षा में है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### साइबर क्राइम के बढ़ते कदम रोकने होंगे

जिस गति से साइबर क्राइम बढ़ रहा है, यह आम आदमी के लिए एक मुसीबत बन गई है और लुटेरों के लिए जैसे मनोरंजन और लॉटरी लगी है। हैरानी इस बात की है कि इस मर्ज की दवा किसी के पास नहीं। किसी को जब चाहें, अपराधी बंधक बना कर सब कुछ लूट लेते हैं और उनका कुछ भी बिगाड़ नहीं सकते। देश में बड़ी संख्या में लोग इस क्राइम के शिकार हो रहे हैं। यह अत्यंत गंभीर समस्या है और इससे आंख नहीं फेरी जा सकती। जहां डिजिटलाइजेशन के अनेक लाभ हैं, इससे कई गुणा हानियां भी हैं। द्वंद्व यह है कि इसे अपनाएं या नहीं? इस पर सभी को गंभीरता एवं शीघ्रता से समाधान निकालना होगा। आज नहीं तो कल हर कोई इसका शिकार होगा। यह एक चुनौती भी है। सभी को सचेत रहना होगा।

*-प्रवीण वर्मा, गरियाबंद*

## करंट अफेयर

# एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल से नहीं घटता वाहनों का माइलेज

पेट्रोल में 20 प्रतिशत एथेनॉल मिश्रण वाले ईंधन ''ई-20'' के इस्तेमाल से वाहनों का माइलेज घटने की चर्चाओं के बीच पेट्रोलियम मंत्रालय ने कहा कि ईंधन दक्षता में भारी गिरावट आने की आशंकाएं निराधार हैं और इस ईंधन से वाहन बेहतर प्रदर्शन भी देता है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि गन्ना या मक्का से निकाले गए 20 प्रतिशत एथेनॉल और 80 प्रतिशत पेट्रोल के मिश्रण का राष्ट्रीय कार्यक्रम प्रदूषण कम करने और किसानों की आमदनी बढ़ाने के उद्देश्य से है, जिसे कुछ लोग गलत सूचना फैलाकर पटरी से उतारने की कोशिश कर रहे हैं। मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि ई-20 ईंधन के इस्तेमाल से वाहनों के बीमा की वैधता पर भी कोई असर नहीं पड़ता है और कुछ सोशल मीडिया पोस्ट में इस संबंध में फैलाया गया डर बेबुनियाद है। पिछले कुछ समय से सोशल मीडिया पर कई पोस्ट में ई-20 ईंधन को लेकर गंभीर आशंकाएं जताई गई हैं। कुछ लोगों ने कहा है कि इसके इस्तेमाल से वाहन के माइलेज में करीब सात प्रतिशत की गिरावट आई है जबकि कुछ लोगों ने इससे ई-10 वाहनों में रबर, धातु कलपुर्जों के जल्द खराब होने की आशंका जताई है। मंत्रालय ने कहा, यह कहना कि ई 20 ईंधन से वाहन की दक्षता में 'भारी' कमी आती है, गलत है।



## ऑफ बीट

# कुत्ते पढ़ सकते हैं आपका दिमाग और चेहरा

जब आप रोते हैं तो आपका कुत्ता अपना सिर झुका लेता है, जब आप तनाव में होते हैं तो इधर-उधर टहलता है, और आपके सबसे बुरे पलों में किसी न किसी तरह आपके पास होता है। यह महज संयोग तो नहीं हो सकता। हजारों सालों के सह-विकास ने कुत्तों को हमारी आवाजों, चेहरों और यहां तक कि मस्तिष्क के रसायन विज्ञान को समझने के खास तरीके दिए हैं। हमारी बातचीत को समझने वाले मस्तिष्क के क्षेत्रों से लेकर हमारी नजरें मिलाने पर बढ़ने वाले 'लव हार्मोन' या ऑक्सीटोसिन तक, आपके कुत्ते का दिमाग आपकी भावनाओं को समझने के लिए पूरी तरह से तैयार है। इस असाधारण भावनात्मक बुद्धिमत्ता का प्रमाण मस्तिष्क में ही शुरू होता है। कुत्तों के मस्तिष्क में आवाज के प्रति संवेदनशील क्षेत्र होते हैं, जो इंसानों के समान होते हैं। एक 'ब्रेन इमेजिंग' अध्ययन में, अनुसंधानकर्ताओं ने पाया कि कुत्तों के 'टेम्पोरल कॉर्टेक्स' में आवाज को समझने वाले क्षेत्र होते हैं, जो ध्वनियों के जवाब में सक्रिय हो जाते हैं। कुत्ते न केवल किसी भी ध्वनि पर, बल्कि आपकी आवाज के भावनात्मक स्वर पर भी प्रतिक्रिया देते हैं। कुत्तों के मस्तिष्क के अध्ययन से पता चलता है कि भावनात्मक ध्वनियां, मसलन हंसी, रोना, गुस्से से चीखना उनके श्रवण और भावनाओं को समझने से संबंधित मस्तिष्क के एक हिस्से को सक्रिय करती हैं।



## ट्रेंड

### राहत और बचाव कार्य जारी



कठुआ में बादल फटने की घटना के संबंध में जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री से बात की। स्थानीय प्रशासन द्वारा राहत और बचाव कार्य जारी हैं और एनडीआरएफ की टीमें भी घटनास्थल पर पहुंच गई हैं। हम जम्मू-कश्मीर वासियों के साथ मजबूती से खड़े हैं।

-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

### मूल्यानुगत शिक्षा



जब हम आंतरिक शांति की बात करते हैं तो मूल्यानुगत शिक्षा को देखना भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। आज की तनावभरी ज़िंदगी में मानवीय मूल्यों से जुड़ी शिक्षा का होना अत्यंत आवश्यक है।

-जेपी नड्डा, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री

### वोट चोरी की साज़िश



ग़रीब की ताक़त है उसका वोट - यही उसका हक़, उसकी आवाज़, उसकी पहचान है। आज वही ताक़त छीनी जा रही है, एसआईआर के ज़रिए देश में वोट चोरी की साज़िश चल रही है। हम हर कीमत पर वोट चोरी रोकेंगे !

-राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

### आमूलचूल परिवर्तन



चुनाव आयोग को सुधार हीं नहीं, आमूलचूल परिवर्तन की अपरिहार्यता है। आज लोकतंत्र को बचाने का ऐतिहासिक दायित्व उनके कंधों पर है। माना उनके ऊपर कई प्रकार के अवांछित दबाव काम कर रहे हैं लेकिन वो ये न समझें कि वो अकेले हैं।

-अखिलेश यादव, सांसद, सपा

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## बिहार एसआईआर विवाद के बीच मुख्य चुनाव आयुक्त की खरी-खरी

# हमारे लिए सभी दल समान, विपक्ष कर रहा अपमान

### हम संवैधानिक कर्तव्य से पीछे नहीं हटेंगे, पारदर्शिता रख रहे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

चुनाव आयोग ने रविवार को नेशनल मीडिया सेंटर में एक प्रेस वार्ता की। इस दौरान मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा कि भारत के संविधान के अनुसार 18 वर्ष की आयु प्राप्त करने वाले भारत के प्रत्येक नागरिक को मतदाता बनना चाहिए और मतदान भी करना चाहिए। कानून के अनुसार प्रत्येक राजनीतिक दल का जन्म चुनाव आयोग में पंजीकरण के माध्यम से होता है। फिर चुनाव आयोग समान राजनीतिक दलों के बीच भेदभाव कैसे कर सकता है? चुनाव आयोग के लिए न तो कोई विपक्ष है और न ही कोई पक्ष। सभी समान हैं। चाहे कोई किसी भी राजनीतिक दल से संबंधित हो, चुनाव आयोग अपने संवैधानिक कर्तव्य से पीछे नहीं हटेगा।

**मसौदा सूची में सभी दलों से हस्ताक्षर कर सत्यापित कराया**

भेदभाव करने की बातें निर्मूल निराधार



### 1.6 लाख बीएलए ने मसौदा सूची तैयार की, प्रक्रिया पारदर्शी

मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि पिछले दो दशकों से लगभग सभी राजनीतिक दल मतदाता सूची में त्रुटियों को सुधारने की मांग कर रहे हैं। इसके लिए चुनाव आयोग ने बिहार से एक विशेष गहन पुनरीक्षण की शुरुआत की है। एसआईआर की प्रक्रिया में सभी मतदाताओं, बूथ स्तर के अधिकारियों और सभी राजनीतिक दलों द्वारा नामित 1.6 लाख बीएलए ने मिलकर एक मसौदा सूची तैयार की है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया में एक करोड़ से ज्यादा कर्मचारी, 10 लाख से ज्यादा बूथ लेवल एजेंट, उम्मीदवारों के 20 लाख से ज्यादा पोलिंग एजेंट काम करते हैं। इतने सारे लोगों के सामने इतनी पारदर्शी प्रक्रिया में क्या कोई मतदाता वोट चुरा सकता है?

**त्रुटियों को सुधारने 15 दिन का समय बाकी**

सीईसी ने कहा कि बिहार में मसौदा सूची जब से तैयार की जा रही थी, तभी से इसे सभी राजनीतिक दलों के बीएलए से हस्ताक्षर करा सत्यापित कराया गया। इसमें आने वाली त्रुटि को ठीक करने के लिए सभी राजनीतिक दल और मतदाता अहम योगदान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि एसआईआर में त्रुटि हटाने के लिए अभी भी 15 दिन का समय बाकी है।

### विश्वसनीयता पर प्रश्नचिह्न लगाना पूरी तरह से गलत

ईसी ने कहा कि आयोग के दरवाजे सभी के लिए समान रूप से सदैव खुले हैं। सभी मतदाता, राजनीतिक दल और बूथ स्तरीय अधिकारी मिलकर पारदर्शी तरीके से काम कर रहे हैं। सत्यापन कर रहे हैं। हस्ताक्षर कर रहे हैं। यह गंभीर चिंता का विषय है कि राजनीतिक दलों के जिला अध्यक्षों और उनकी ओर से नामित बीएलओ के सत्यापित दस्तावेज, प्रशंसापत्र या तो उनके अपने राज्य स्तरीय या राष्ट्रीय स्तर के नेताओं तक नहीं पहुंच रहे हैं।

**मशीन-पठनीय सूची मतदाता की निजता का उल्लंघन**

उन्होंने कहा कि जहां तक मशीन-पठनीय मतदाता सूची का सवाल है तो सुप्रीम कोर्ट 2019 में ही कह चुका है कि यह मतदाता की निजता का उल्लंघन हो सकता है।

**किसी बहू-बेटी की फुटेज जारी करनी चाहिए?**

### ईसी का राहुल गांधी को जवाब

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा कि न तो मेरे के लिए कोई पक्ष है, ना ही विपक्ष। मेरे लिए सभी एक समान है। इस दौरान मुख्य चुनाव आयुक्त ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की ओर से लगाए गए वोट चोरी के आरोपों को पूरी तरह खारिज कर दिया। साथ ही मां-बेटी की तस्वीरों पर भी सवाल उठाए और पूछा कि क्या ऐसा करना चाहिए?

**कांग्रेस ने कहा- मुझसे हलफनामा क्यों मांग रहे?**

कांग्रेस के आधिकारिक एक्स अकाउंट के वीडियो कोलाज पोस्ट करते हुए लिखा गया कि आयोग ने फिर झूठ बोला। इसमें पहले मुख्य निर्वाचन आयुक्तकहते हुए सुनाई दे रहे हैं कि हमारे लिए न तो कोई पक्ष है, न कोई विपक्ष है, सब समकक्ष है। इसके बाद राहुल का वीडियो प्ले होता है, जिसमें वो यह कहते सुनाई दे रहे हैं कि कुछ दिनों पहले भाजपा के लोग प्रेस कॉफ्रेंस करते हैं, उनसे कोई एफिडेविट नहीं मांगा। उन्हीं का डेटा है।

---

**खबर संक्षेप**

### पीएमके में डॉ. रामदास संस्थापक-अध्यक्ष घोषित



**चेन्नई।** तमिलनाडु की राजनीतिक दल पट्टाली मक्कल कच्ची (पीएमके) में खींचतान के बीच पार्टी की विशेष महासभा की बैठक में सर्वसम्मति से यह तय किया गया कि पार्टी के संस्थापक डॉ. एस. रामदास आगे भी संस्थापक अध्यक्ष बने रहेंगे। डॉ. रामदास और उनके बेटे डॉ. अंबुमणि रामदास में विवाद था।

### रनौत ने अब डेटिंग एप्स के खिलाफ खोला मोर्चा



**मुंबई।** कंगना रनौत अक्सर ही अपने बयानों की वजह से चर्चा में रहती हैं। लिव इन को महिलाओं के लिए नुकसानदायक बताने के बाद अब उन्होंने डेटिंगएप्स के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। एक्ट्रेस ने कहा इस तरह के एप पर समाज के सबसे फ्रस्टेटेड लोग रहते हैं। ये एप समाज की गंदगी हैं और कुछ नहीं।

### पंजाब में ड्रग्स तस्करों की संपति होगी फ्रीज



**चंडीगढ़।** पंजाब में ड्रग्स मनी से बनी तस्करों की संपत्तियों को फ्रीज करना आसान हो गया है। केंद्र सरकार के केंद्रीकृत आनलाइन पोर्टल ने इसे सरल बना दिया है। इसके जरिए अब एनडीपीएस अधिनियम के तहत संपत्तियों को फ्रीज करना कानून-प्रवर्तन एजेंसियों के लिए आसान हो गया है। प्रक्रिया एक हफ्ते में पूरी होगी।

### शिवकुमार बनेंगे सीएम विधायक को नोटिस



**नई दिल्ली।** कांग्रेस की राज्य अनुशासन समिति ने चन्नगिरी के विधायक बसवराजू वी शिवगंगा को उनके बयान के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया है। उन्होंने दावा किया था कि उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार कर्नाटक के अगले मुख्यमंत्री होंगे। इसने नेतृत्व परिवर्तन को हवा दी है।

---

### प्रधानमंत्री ने दिल्ली में 11,000 करोड़ की 2 प्रमुख राजमार्ग परियोजनाओं का तोहफा दिया

# पहले कागजों में ही होता था विकास और आज जमीन पर दिखाई दे रहा

द्वारका एक्सप्रेसवे यूईआर-2 का किया उद्घाटन

*आज विकास की प्रगति की गवाह बन रही दिल्ली, राजधानी और एनसीआर में लोगों का आवागमन होगा और आसान*

*सड़क परिवहन मंत्री गडकरी भी कार्यक्रम में शामिल रहे*



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने रविवार को दिल्ली में 11,000 करोड़ रुपए की दो प्रमुख राजमार्ग परियोजनाओं का तोहफा दिया है। इस दौरान प्रधानमंत्री ने दिल्ली के रोहिणी से यूईआर-2 (अर्बन एक्सटेंशन रोड-2) के दिल्ली सेक्शन और द्वारका एक्सप्रेसवे का उद्घाटन किया। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और कई अन्य गणमान्य लोग भी मौजूद रहे। इससे पहले प्रधानमंत्री ने बक्करवाला गांव टोल प्लाजा इलाके में रोड शो करते हुए कार्यक्रम स्थल तक पहुंचे। गुप्ता और सैनी ने कार्यक्रम में प्रधानमंत्री का स्वागत किया। द्वारका एक्सप्रेसवे का दिल्ली खंड और शहरी विस्तार सड़क-2 (यूईआर-2) राजधानी को भीड़भाड़ से मुक्त करने की सरकार की व्यापक योजना के तहत विकसित की गई है। इसका उद्देश्य कनेक्टिविटी में व्यापक सुधार, समय में कमी और आसपास के क्षेत्रों में यातायात में कमी लाना है। पीएम ने कहा कि पहले कागजों में काम होता था, आज धरातल पर दिखाई दे रहा है।

**मजदूरों से मिले मोदी, रोड शो किया**

कार्यक्रम में पहुंचने से पहले पीएम मोदी द्वारका एक्सप्रेसवे पर पहुंचे। वहां उन्होंने मजदूरों से बात कर उनके अनुभव जाने। इसके बाद अधिकारियों से प्रोजेक्ट की जानकारी ली। इसके बाद रोहिणी से लेकर बक्करवाला तक रोड शो किया।

**'मेक इन इंडिया' और 'वोकल फॉर लोकल' को अपनाने को कहा**



**दिल्ली विकास की क्रांति की साक्षी बनी**

पीएम मोदी ने कहा कि इससे दिल्ली के, गुरुग्राम के और पूरे एनसीआर के लोगों की सुविधा बढ़ेगी। दफ्तर आना-जाना, फैक्ट्री आना-जाना और आसान होगा, सभी का समय बचेगा। हमारे व्यापारी, कारोबारी और किसानों को विशेष लाभ होने वाला है। नए एक्सप्रेसवे का सभी को लाभ मिलेगा। पूरे एनसीआर के लोगों को फायदा होगा। दिल्ली विकास की क्रांति की साक्षी बनी। आज का भारत क्या सोच रहा है, उसके सपने और संकल्प क्या हैं? ये सब कुछ आज पूरी दुनिया अनुभव कर रही है।

पीएम ने कहा कि हाल ही में स्वतंत्रता दिवस पर लालकिले से उन्होंने आत्मनिर्भर भारत और मजबूत अर्थव्यवस्था की बात की थी और आज दिल्ली उसी दिशा में तेजी से बढ़ते भारत की गवाह बन रही है। उन्होंने लोगों से 'मेक इन इंडिया' और 'वोकल फॉर लोकल' को अपनाने को कहा। आज मेट्रो नेटवर्क दुनिया के सबसे बड़े नेटवर्क क्षेत्रों में से एक है। नमो भारत जैसी रैपिड रेल सेवा की शुरुआत हो चुकी है। इससे दिल्ली-एनसीआर में आना-जाना पहले की तुलना में काफी आसान हो गया है।

**सैनी ने प्रधानमंत्री को दिया धन्यवाद**

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि आज का दिन हरियाणा के साथ-साथ पूरे उत्तर भारत के लिए ऐतिहासिक और यादगार दिन है। यह दिन हरियाणा और विशेषकर एनसीआर के विकास के इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय के रूप में दर्ज होगा। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के करकमलों द्वारा दिल्ली और हरियाणा में 11,000 करोड़ रुपए की लागत की 6 सड़क परियोजनाओं का उद्घाटन हो रहा है। मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का इन परियोजनाओं के लिए बहुत धन्यवाद करता हूं।

**कुछ लोग जनता के आशीर्वाद को अभी भी पचा नहीं पा रहे**

पीएम मोदी ने कहा कि ये संयोग भी पहली बार बना है कि दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और राजस्थान में चारों तरफ भाजपा सरकार है। ये दिखाता है कि इस पूरे क्षेत्र का कितना आशीर्वाद भाजपा पर और हम सभी पर है। हालांकि, कुछ राजनीतिक दल हैं, जो जनता के इस आशीर्वाद को अभी भी पचा नहीं पा रहे हैं।

**सीएम रेखा ने पीएम को सच्चाई के धरातल पर विकास पुरुष बताया**

उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने प्रधानमंत्री मोदी की नेतृत्व क्षमता और देशहित में लिए गए फैसलों की सराहना की। गुप्ता ने प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत करते हुए कहा कि सिर्फ नारों और जयकारों में नहीं, आप सच्चाई के धरातल पर इस देश के विकास पुरुष हैं। आप एक ऐसे नेता हैं, जिन्होंने विपक्ष की घटिया राजनीति के बावजूद दिल्ली की जनता को कभी भी ओछी राजनीति का शिकार नहीं बनने दिया। आप ऐसे दूरदर्शी नेता हैं जिनकी सोच में भारत का हर नागरिक शामिल है, जिनकी नीतियों में हर राज्य की समान भागीदारी है, और जिनके संकल्प में हर व्यक्ति खुद को सुरक्षित महसूस करता है। आपकी नीति में भारत का हर प्रदेश बराबरी का हिस्सेदार है। जिनके संकल्प में भारत का हर नागरिक अपने आप को सुरक्षित महसूस करता है। आप वह शक्ति हैं जिसने राजनीति से ऊपर उठकर राष्ट्र हित को सर्वोपरि रखा।

---

**प्रियांक ने आंबेडकर के बयान का दिया हवाला**

### जिन्ना से पहले सावरकर ने दिया था द्वि-राष्ट्र विचार



आज के भारत को एकात्मक और समरूप राष्ट्र नहीं माना जा सकता

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

कर्नाटक सरकार के मंत्री प्रियांक खरगे ने दावा किया है कि द्वि-राष्ट्र सिद्धांत की अवधारणा मोहम्मद अली जिन्ना और मुस्लिम लीग द्वारा दिए जाने से पहले विनायक दामोदर सावरकर द्वारा दी गई थी। एक्स पर साझा एक पोस्ट में, सूचना प्रौद्योगिकी और जैव प्रौद्योगिकी मंत्री ने कहा कि द्वि-राष्ट्र का विचार सबसे पहले वीर सावरकर ने रखा था और उनके टुकड़े-टुकड़े गिरोह ने इसका समर्थन किया था।प्रियांक खरगे ने सावरकर के लेखों और भाषणों का हवाला देते हुए सोशल मीडिया पोस्ट में बताया 'एसेंशियल्स ऑफ हिंदुत्व (1922 में लिखी गई) में, सावरकर हिंदुत्व को धर्म से नहीं, बल्कि मातृभूमि से परिभाषित करते हैं, भारत को 'पितृभूमि और पवित्रभूमि' दोनों के रूप में परिभाषित करते हैं। खरगे ने बताया कि 1937 में अहमदाबाद में हिंदू महासभा के 19वें अधिवेशन के दौरान, सावरकर ने कहा था, भारत में दो विरोधी राष्ट्र एक साथ रह रहे हैं। आज के भारत को एकात्मक और समरूप राष्ट्र नहीं माना जा सकता। बल्कि भारत में मुख्य तौर पर दो देश हैं, जिनमें हिंदू और मुसलमान हैं।

**आंबेडकर ने भी दिया था बयान**

प्रियांक ने 1943 में सावरकर द्वारा नागपुर में की गई टिप्पणी का हवाला दिया। मुझे जिन्ना के द्वि-राष्ट्र सिद्धांत से कोई आपत्ति नहीं है। हम हिंदू, अपने आप में एक राष्ट्र हैं, और यह एक ऐतिहासिक तथ्य है कि हिंदू और मुसलमान दो राष्ट्र हैं। खरगे ने अपने दावे के समर्थन में संविधान निर्माता डॉ. बीआर आंबेडकर की टिप्पणी का हवाला भी दिया, जिसमें आंबेडकर ने कहा था कि यह अजीब लग सकता है, लेकिन सावरकर और जिन्ना एक राष्ट्र बनाम दो राष्ट्र के मुद्दे पर एक-दूसरे के विरोधी होने के बजाय, इस पर पूरी तरह सहमत हैं। दोनों न केवल सहमत हैं, बल्कि इस बात पर जोर देते हैं कि भारत में दो राष्ट्र हैं-एक मुस्लिम राष्ट्र और दूसरा हिंदू राष्ट्र। उनके बीच केवल उन शर्तों और नियमों को लेकर मतभेद है। प्रियांक की इस पोस्ट पर सोशल मीडिया यूजर्स जमकर प्रतिक्रिया दे रहे हैं।

---

## बांकेबिहारी मंदिर में मंगला आरती



**महिला की बिगड़ी तबीयत, भीड़ में फंसीं**

**वृंदावन।** मथुरा के वृंदावन में बांकेबिहारी मंदिर में जन्माष्टमी के पर्व पर वर्ष में एक बार होने वाली मंगला आरती में इस बार कुछ अलग ही नजारा था। आरती में केवल 600 लोगों को अनुमति दी गई थी। इस दौरान पुलिसकर्मियों की भीड़ रही। भीड़ में एडीजी आगरा जोन और उनके साथ आए लोग बमुश्किल निकल पाए। एक महिला श्रद्धालु की तबीयत अचानक बिगड़ गई। आरती के समय ऐसे हालात हो गए थे कि एडीजी आगरा जोन अनुपमा कुलश्रेष्ठ भी भीड़ में फंस गईं तो पुलिसकर्मियों ने उन्हें निकाला।

### सीएम योगी से मिलीं पूजा पाल, सियासी हलचल बढ़ने लगी



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी से निष्कासित होने के बाद यूपी की चायल सीट से विधायक पूजा पाल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। इसके बाद प्रदेश की सियासत में हलचल तेज हो गई है। कयास लगाए जा रहे हैं कि वह जल्द ही भाजपा का दामन थाम सकती हैं। बीते कुछ समय से पूजा पाल लगातार योगी सरकार की जमकर तारीफ कर रही हैं।

*सीएम धामी की अध्यक्षता में कैबिनेट में फैसला*

## प्रदेश में होगा उत्तराखंड अल्पसंख्यक शिक्षा प्राधिकरण का गठन, मदरसा बोर्ड होंगे निरस्त

**सभी धर्मों को समान सुविधा मिलेगी**

एजेंसी ▶▶ देहरादून

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में राज्य सचिवालय में उत्तराखंड कैबिनेट की बैठक संपन्न हुई। बैठक में 19 अगस्त से भराड़ीसैंण विधानसभा में आयोजित मानसून सत्र में पेश होने वाले विधेयक व अध्यादेश के प्रस्ताव रखे गए। बैठक में निर्णय लिया कि उत्तराखंड अल्पसंख्यक शिक्षा प्राधिकरण का गठन किया जाएगा। इसके लिए उत्तराखंड अल्पसंख्यक शैक्षिक संस्थान अधिनियम, 2025 विधेयक लाया जाएगा। अभी तक अल्पसंख्यक शैक्षिक संस्थान का दर्जा केवल मुस्लिम समुदाय को मिलता था। अब अन्य अल्पसंख्यक समुदायों को लाभ मिलेगा।



**सिख-जैन धर्म के स्कूलों को मिलेगा अल्पसंख्यक होने का फायदा**

धामी सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में बड़े क्रांतिकारी बदलाव करने का फैसला किया है। कैबिनेट की एक विशेष बैठक में धामी सरकार ने कांग्रेस के सरकार के दौरान बनाए गए मदरसा शिक्षा बोर्ड अधिनियम को समाप्त करने का बड़ा फैसला लिया है। इसके स्थान पर उत्तराखंड अल्पसंख्यक शैक्षिक संस्थान कानून बनाया जाएगा। इस अब तक केवल मुस्लिम समुदाय के मदरसों को मिल रहे अल्पसंख्यक संस्थान होने का लाभ सिख, जैन सहित अन्य धर्मों से जुड़े शिक्षण संस्थानों को मिलेगा।

---

*आईआईटी दिल्ली के छात्रों से मिले शिक्षा मंत्री प्रधान*

## संस्थान 'स्वदेशी और आत्मनिर्भर' भविष्य की नींव, 2047 तक भारत बनेगा विकसित

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश के केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने रविवार को आईआईटी दिल्ली का दौरा किया, जहां उन्होंने छात्रों के साथ नाश्ता किया और उनसे संवाद किया और उनके विचारों को सराहा। इस दौरान उन्होंने भारत के भविष्य को लेकर गहरा विश्वास जताया। इस दौरान उन्होंने युवाओं के महत्व पर भी जोर दिया। प्रधान ने कहा कि इन छात्रों से मिलकर मुझे पूरा भरोसा हो गया है कि 2047 तक भारत एक विकसित राष्ट्र बन जाएगा। आने वाले 20-25 वर्षों में मैं युवाओं के कंधों पर भारत का सुनहरा भविष्य बनता देख सकता हूं।

**युवाओं को भारत का भविष्य और महत्व भी बताया**

**स्वदेशी और आत्मनिर्भर' भविष्य की नींव**



उन्होंने आईआईटी को भारत के 'स्वदेशी और आत्मनिर्भर' भविष्य की नींव बताया। प्रधान ने कहा कि देश के प्रतिभाशाली युवा तकनीक, नवाचार और उद्यमिता के क्षेत्र में भारत को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे। उन्होंने कहा कि आईआईटी केवल अकादमिक उत्कृष्टता के केंद्र नहीं हैं, बल्कि भारत की नवाचार इकोसिस्टम के प्रमुख स्तंभ भी हैं। यहां आत्मनिर्भर भारत के शिल्पकार होंगे।

**विकास व शिक्षा सरकार की प्राथमिकता**

प्रधान ने संदेश दिया कि युवाओं द्वारा संचालित विकास और शिक्षा सरकार की शीर्ष प्राथमिकता है। समृद्ध भारत योजना में युवाओं को सक्षम बनाने का बड़ा लक्ष्य निहित है, ताकि भारत अपने दम पर खड़ा हो और विश्व में अपनी पहचान बनाए।

**महाराष्ट्र की राजनीति में नए गठजोड़ की आहट**

## शिवसेना यूबीटी और मनसे निश्चित तौर पर करेंगे गठबंधन

### सांसद राउत ने दी हवा पर मनसे ने नहीं दिया कुछ भी संकेत

एजेंसी ▶▶ मुंबई

शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) और मनसे महाराष्ट्र में आगामी स्थानीय निकाय चुनावों के लिए निश्चित तौर पर गठबंधन करेंगे। हालांकि, इस पर अंतिम फैसला चुनाव के करीब आने पर हो सकता है। दोनों ही दलों के नेताओं का ऐसा मानना है।

शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे इस संभावित गठबंधन के बारे में ज्यादा मुखर रहे हैं, जबकि उनके चचेरे भाई और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) अध्यक्ष राज ठाकरे इस बारे में ज्यादा कुछ कहने से बचते नजर आए हैं।

**नगर निगम चुनाव में कुछ सीटों पर साथ लड़ेंगे**



सांसद संजय राउत ने कहा कि उनकी पार्टी मुंबई, ठाणे, कल्याण-डोंबिवली, नासिक और छत्रपति संभाजीनगर में होने वाले नगर निगम चुनावों के लिए मनसे के साथ गठबंधन करेगी। हालांकि, मनसे की ओर से अभी तक इस बारे में कोई बयान नहीं आया।

**राज ठाकरे करेंगे अंतिम फैसला**

मनसे के एक पदाधिकारी ने बताया कि 5 जुलाई की रैली के बाद हम उस मुकाम पर पहुंच गए हैं, जहां जनता के भारी दबाव के कारण शिवसेना (यूबीटी) के साथ गठबंधन न करना एक मुश्किल काम होगा। अब राज इस पर अंतिम फैसला लेंगे।

**अपहरण की आरोपी महिला को जमानत**

### बच्ची को मां के स्नेह से वंचित नहीं किया जा सकता: कोर्ट

महाराष्ट्र की एक अदालत ने अपहरण जैसे गंभीर आरोप का सामना कर रही महिला को उसकी 7 वर्षीय बच्ची की देखभाल के लिए जमानत दे दी। अदालत ने कहा कि किसी भी बच्चे को अपने प्राकृतिक अभिभावक के स्नेह से वंचित नहीं किया जाना चाहिए। यह मामला 2013 में 7 साल की बच्ची के अपहरण से जुड़ा है। बच्ची लगभग एक दशक बाद मिली। 2022 में आरोपी महिला और उसके पति को गिरफ्तार किया गया. डिंडोशी के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश एस एम ताकालिकर ने 5 अगस्त 2022 को महिला को जमानत दी थी।



# आईओसी ने खाना पकाने के बेकार तेल से बनाया विमान ईंधन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

घर या रेस्तरां में तलने के बाद अक्सर खाना पकाने के तेल को फेंक दिया जाता है। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) की एक रिफाइनरी को अब उसी तेल से टिकाऊ विमानन ईंधन (एसएएफ) बनाने का प्रमाणन मिल गया है। कंपनी के चेयरमैन अरविंदर सिंह साहनी ने यह जानकारी दी।

एसएएफ गैर-पेट्रोलियम 'फीडस्टॉक' से बना एक वैकल्पिक ईंधन है जो हवाई परिवहन से होने वाले उत्सर्जन को कम करता है। उपलब्धता के आधार पर, इसे पारंपरिक एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ या जेट ईंधन) में 50 प्रतिशत तक मिलाया जा सकता है। भारत ने 2027 से अंतरराष्ट्रीय एयरलाइन कंपनियों को बेचे जाने वाले जेट ईंधन में एक प्रतिशत एसएएफ मिश्रण को अनिवार्य कर दिया है।

**तलने के बाद अक्सर खाना पकाने के तेल को फेंक दिया जाता है**

### पानीपत की रिफाइनरी तेल का उपयोग करेगी

पानीपत रिफाइनरी में इस तेल का उपयोग एसएएफ का उत्पादन करने के लिए किया जाएगा। बड़े होटल और रेस्तरां श्रृंखलाएं आमतौर पर एक बार इस्तेमाल के बाद खाना पकाने के तेल को फेंक देती हैं। वर्तमान में, यह इस्तेमाल किया हुआ खाना पकाने का तेल एजेंसियों द्वारा एकत्र किया जाता है और निर्यात किया जाता है।



### एकमात्र चुनौती तेल एकत्र करने की

साहनी ने कहा, ''देश में इस तरह का तेल बड़ी मात्रा में उपलब्ध है। एकमात्र चुनौती इसे एकत्र करने की है। हालांकि, बड़ी होटल श्रृंखलाओं से इसे एकत्र करना आसान है, लेकिन घरों सहित छोटे उपयोगकर्ताओं से इसे जुटाने के लिए समाधान खोजने की जरूरत है। कंपनी ने गुजरात स्थित अपनी कोयाली रिफाइनरी में ब्यूटाइल एक्रिलेट (बीए) का उत्पादन करने के लिए 5,000 करोड़ रुपये का एक संयंत्र भी स्थापित किया है, जिसका उपयोग पेंट बनाने में किया जाता है।

*एक प्रतिशत एसएएफ मिश्रण होगा अनिवार्य : चालू कैलेंडर साल के अंत से यह रिफाइनरी सालाना लगभग 35,000 टन एसएएफ का उत्पादन शुरू कर देगी। उत्पादन 2027 में देश के लिए अनिवार्य एक प्रतिशत मिश्रण की आवश्यकता को पूरा करने के लिए पर्याप्त होगा। एजेंसियां बड़े उपयोगकर्ताओं मसलन होटल श्रृंखलाओं, रेस्तरां और हल्दीराम से इस्तेमाल किया हुआ खाना पकाने का तेल एकत्र करेंगी और इसकी आपूर्ति पानीपत रिफाइनरी को करेंगी।*

### भारत में दूसरा बड़ा संयंत्र

डेढ़ लाख सालाना क्षमता वाला यह ब्यूटाइल एक्रिलेट संयंत्र देश में वर्तमान में आयात किए जाने वाले 3,20,000 टन वार्षिक पेंट 'फीडस्टॉक' को समाप्त करने में मदद करेगा। यह कोच्चि रिफाइनरी में भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लि. की इकाई के बाद भारत में इस तरह का दूसरा सबसे बड़ा संयंत्र है।

*कंपनी नवीकरणीय ऊर्जा पर काम कर रही : इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन नवोन्मेषण में सबसे आगे रही है, विशेष रूप से हरित ऊर्जा, टिकाऊ समाधान और तकनीकी प्रगति के क्षेत्रों में। कंपनी 2जी एथेनॉल, ईंधन सेल, बायो-डीजल और ऊर्जा भंडारण स्रोतों जैसे नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों पर काम कर रही है।*

## खबर संक्षेप

### बीते सप्ताह अधिकांश तेल की कीमतों में रहा सुधार

**नई दिल्ली।** विदेशी बाजारों में मजबूती के रुख के बीच बीते सप्ताह घरेलू बाजार में सरसों तेल-तिलहन, सोयाबीन तेल, कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तथा बिनौला तेल कीमतों में सुधार दर्ज हुआ। ऊंचे भाव वाले सोयाबीन डीओसी की स्थानीय कमजोर मांग से सोयाबीन तिलहन कीमतों में गिरावट देखी गई।

### पतंजलि फूड्स का मुनाफा 31% घटकर 180 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली।** पतंजलि फूड्स लिमिटेड का जून में समाप्त पहली तिमाही का एकीकृत शुद्ध मुनाफा 31 प्रतिशत घटकर 180.35 करोड़ रुपये रहा है। खर्च बढ़ने से कंपनी का मुनाफा घटा है। एक साल पहले इसी अवधि में कंपनी को 262.72 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा हुआ था। कुल आय बढ़कर 8,912.69 करोड़ रुपये हो गई। जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में 7,202.35 करोड़ रुपये थी। जून तिमाही के दौरान, मुख्य रूप से विज्ञापनों पर खर्च के कारण, अन्य खर्चों में वृद्धि हुई। कंपनी ने कहा, ''31 मई, 2025 से कच्चे पाम, सूरजमुखी और सोयाबीन तेलों पर मूल सीमा शुल्क घटाकर 10 प्रतिशत कर दिया गया है।

मेरा किया जो काटे उसे ईनाम
गुरूजी सम्राट



ज्योतिष द्वारा सभी समस्याओं का तुरंत समाधान। घर बैठे फोन पर समस्याओं का समाधान जानें। वशीकरण, पति - पत्नी, सास - बहु में अनबन, मुकदमा, गृह क्लेश, सौतन, दुश्मनी से छुटकारा, शादी, कारोबार, विदेश यात्रा आदि।
7534997731

सूचना
सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने में सहायक होगा

# 'अगली पीढ़ी का जीएसटी' एकल कर स्लैब की दिशा में एक बड़ा कदम

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वैश्विक व्यापार में शुल्क के खतरों के बीच 'अगली पीढ़ी का जीएसटी' अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने और आगे चलकर एकल कर दर व्यवस्था लागू करने की दिशा में बढ़ाया गया एक कदम है। सरकारी सूत्रों ने यह जानकारी देते हुए कहा कि इसमें व्यापक सुधारों, कम कर दरों और केवल दो स्लैब का प्रस्ताव है।

सूत्रों ने कहा कि प्रस्तावित नयी जीएसटी व्यवस्था में कर दरों को कम करते हुए केवल पांच प्रतिशत और 18 प्रतिशत के दो स्लैब निर्धारित किए गए हैं। यदि जीएसटी परिषद प्रस्तावित दो स्लैब वाली व्यवस्था को मंजूरी देती है तो माल एवं सेवा कर (जीएसटी) व्यवस्था में 12 प्रतिशत और 28 प्रतिशत के स्लैब खत्म हो जाएंगे।

- व्यापक सुधार और केवल दो स्लैब का प्रस्ताव
- एकल कर दर व्यवस्था लागू करने की दिशा में कदम
- केवल पांच और 18 प्रतिशत के दो स्लैब निर्धारित




### आम इस्तेमाल की वस्तुएं निचले कर दायरे में आ जाएंगी

एक सरकारी अधिकारी ने इसे ''अगली पीढ़ी का जीएसटी'' नाम देते हुए कहा कि ''यह एक क्रांतिकारी सुधार है... भारत में हो रहे आर्थिक सुधारों के महाकुंभ में यह सबसे ऊपर है।'' अधिकारियों ने नाम न छापने की शर्त पर यह बात कही। सरकारी सूत्रों ने कहा कि नए ढांचे का मतलब होगा कि लगभग सभी आम इस्तेमाल की वस्तुएं निचले कर दायरे में आ जाएंगी।

### जेब में ज्यादा पैसे आएंगे, खपत बढ़ेगी

एक सूत्र ने कहा कि केंद्र सरकार कर दरों को युक्तिसंगत बनाने में कोई अल्पकालिक समाधान नहीं चाहती थी और क्षतिपूर्ति उपकर खत्म होने के साथ ही अगली पीढ़ी का जीएसटी जरूरी हो गया था। उन्होंने कहा, ''कम करों का मतलब है कि इससे लोगों की जेब में ज्यादा पैसा आएगा। इससे जाहिर तौर पर खपत बढ़ेगी।' अधिकारी ने बताया, ''साथ ही, यह भी सुनिश्चित किया गया है कि दैनिक उपयोग की वस्तुओं पर कर कम हो।''

### अंतिम लक्ष्य एकल स्लैब की ओर बढ़ना

'अंतिम लक्ष्य एकल स्लैब संरचना की ओर बढ़ना है, अभी इसके लिए सही समय नहीं है। अधिकारी ने कहा कि बदलाव की इस पूरी प्रक्रिया में हर नियम-कायदे का पालन किया जा रहा है। केंद्र सरकार नेतृत्व की भूमिका निभा रही है, लेकिन संवैधानिक जिम्मेदारी निभाते हुए दरों में संतुलन का काम मंत्रियों के समूह (जीओएम) के साथ मिलकर कर रही है।

*विकसित देशों के लिए सही है : अधिकार ने आगे कहा, ''एक बार यह व्यवस्था लागू हो जाए और भारत एक विकसित राष्ट्र बन जाए, तो हम एकल दर वाले जीएसटी के बारे में सोच सकते हैं।'' उन्होंने कहा कि एकल दर संरचना उन विकसित देशों के लिए सही है जहां आय और व्यय क्षमता एक समान है।*

### हर एक वस्तुओं को बारीकी से देखा है

अधिकारी ने कहा, ''हमने हर एक वस्तु को बारीकी से देखा है और कई मामलों में तीन-चार बार विचार भी किया है। चाहे किसानों के लिए कीटनाशक हों, छात्रों के लिए पेंसिल या एमएसएमई के लिए कच्चा माल—हर वस्तु पर विस्तार से चर्चा की गई है और उसे आवश्यक या सामान्य वस्तुओं की श्रेणी में रखा गया है।'' जीएसटी की संशोधित व्यवस्था के दिवाली तक लागू होने की उम्मीद है।

### राज्यों के वित्त मंत्रियों को प्रस्ताव भेजा गया

केंद्र सरकार ने जीएसटी दरों को युक्तिसंगत बनाने के लिए गठित राज्यों के वित्त मंत्रियों के समूह को अपना यह प्रस्ताव भेजा है। इसमें 12 और 28 प्रतिशत की मौजूदा कर दरों को हटा दिया गया है। वहीं, संशोधित जीएसटी व्यवस्था में दो कर स्लैब के अलावा विलासिता एवं अहितकर वस्तुओं के लिए 40 प्रतिशत की एक विशेष दर रखने का प्रस्ताव रखा गया है।

## मोदी ने राज्यों से जीएसटी सुधारों को लागू करने में सहयोग का आग्रह किया

**नई दिल्ली (भाषा)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि केंद्र ने अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों का मसौदा राज्यों को दे दिया है और दिवाली से पहले प्रस्ताव को लागू करने के लिए उनका सहयोग मांगा गया है। उन्होंने कहा कि माल एवं सेवा कर (जीएसटी) में सुधार से गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों के साथ ही छोटे और बड़े व्यवसायों को भी लाभ होगा। प्रधानमंत्री ने दो एक्सप्रेसवे के उद्घाटन के बाद यहां एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र जीएसटी कानून को सरल बनाने और कर दरों में संशोधन करने का इरादा रखता है। मोदी ने 15 अगस्त को लाल किले की प्राचीर से अपने स्वतंत्रता दिवस भाषण में जीएसटी कानून में सुधार के प्रस्ताव की घोषणा की थी। उन्होंने कहा, ''हमारे लिए सुधार का अर्थ सुशासन को आगे बढ़ाना है।'' उन्होंने कहा कि सरकार लगातार सुधार करने पर ध्यान केंद्रित कर रही है। प्रधानमंत्री ने कहा, ''आने वाले महीनों में हम कई बड़े सुधार करने जा रहे हैं, ताकि लोगों का जीवन और व्यवसाय करना आसान हो जाए।'' केंद्र जीएसटी में ''अगली पीढ़ी का सुधार'' ला रहा है। उन्होंने कहा, ''इस दिवाली लोगों को जीएसटी सुधार से दोहरा बोनस मिलेगा। मोदी ने कहा कि केंद्र ने जीएसटी में सुधार के प्रस्ताव का मसौदा राज्यों को भेज दिया है। उन्होंने कहा, ''मुझे उम्मीद है कि सभी राज्य केंद्र सरकार की पहल में सहयोग करेंगे।'' उन्होंने राज्यों से इस प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूरा करने का आग्रह किया, ताकि दिवाली का त्योहार और भी शानदार हो। उन्होंने कहा कि इस सुधार का मकसद जीएसटी को सरल बनाना और दरों में संशोधन करना है। वैश्विक व्यापार में शुल्क के खतरों के बीच 'अगली पीढ़ी का जीएसटी' अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देगा। इसमें व्यापक सुधारों, कम कर दरों और केवल दो स्लैब - पांच प्रतिशत और 18 प्रतिशत का प्रस्ताव है। यदि जीएसटी परिषद प्रस्तावित दो स्लैब वाली व्यवस्था को मंजूरी देती है तो माल एवं सेवा कर (जीएसटी) व्यवस्था में 12 प्रतिशत और 28 प्रतिशत के स्लैब खत्म हो जाएंगे। प्रधानमंत्री ने स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए 'वोकल फॉर लोकल' की अपील की और भारतीयों से भारत में बने उत्पाद खरीदने को कहा।' उन्होंने कहा, ''ग्यारह साल पहले भारत अपने ज्यादातर मोबाइल फोन आयात करता था। आज, अधिकांश भारतीय भारत में बने फोन का इस्तेमाल करते हैं।'' प्रधानमंत्री ने कहा, ''भारत अब सालाना 30 से 35 करोड़ मोबाइल फोन बनाता और निर्यात करता है।''

## सैमसंग ने भारत में लैपटॉप का विनिर्माण किया शुरू

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दक्षिण कोरिया की इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी सैमसंग ने भारत में ग्रेटर नोएडा स्थित अपने कारखाने में लैपटॉप बनाना शुरू कर दिया है। मामले की जानकारी रखने वाले सूत्रों ने यह जानकारी दी। कंपनी पहले से ही ग्रेटर नोएडा स्थित अपने कारखाने में मोबाइल फोन, स्मार्टवॉच और टैबलेट बना रही थी। अब इसमें लैपटॉप भी शामिल हो गया है। एक सूत्र ने बताया, /"सैमसंग ने अपने विनिर्माण पोर्टफोलियो का विस्तार किया है। कंपनी ने ग्रेटर नोएडा स्थित कारखाने में लैपटॉप बनाना शुरू कर दिया है। सैमसंग की योजना भारत में और भी कई उपकरण बनाने की है।''



- कंपनी पहले से मोबाइल फोन, स्मार्टवॉच और टैबलेट बना रही थी
- सैमसंग ने अपने विनिर्माण पोर्टफोलियो का विस्तार किया

सैमसंग को भेजे गए ईमेल का कोई उत्तर नहीं मिला। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सैमसंग के बड़े अधिकारियों से मुलाकात के बाद कहा था कि सैमसंग भारत में अपनी प्रतिभा और नवोन्मेषण के जरिये आधुनिक प्रौद्योगिकी वाले उपकरणों का विनिर्माण बढ़ा रही है।

*भारत की दूसरी सबसे बड़ी स्मार्टफोन कंपनी*

*काउंटरपॉइंट रिसर्च की रिपोर्ट के अनुसार, सैमसंग मूल्य और मात्रा के हिसाब से भारत की दूसरी सबसे बड़ी स्मार्टफोन कंपनी है। हालांकि, लैपटॉप खंड में यह खास पहुंच नहीं बना पाई है। साइबरमीडिया रिसर्च की रिपोर्ट के अनुसार, सैमसंग टैबलेट पीसी खंड में 15 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ दूसरे नंबर पर है।*

### पुतिन-ट्रंप वार्ता से प्रभावित होगी शेयर बाजार की चाल

**नई दिल्ली।** दिवाली तक माल एवं सेवा कर (जीएसटी) व्यवस्था में बड़े सुधार, पुतिन-ट्रंप शिखर सम्मेलन और एसएंडपी के भारत की साख में सुधार करने से इस सप्ताह घरेलू शेयर बाजार की चाल प्रभावित हो सकती है। विश्लेषकों ने कहा कि इसके अलावा वैश्विक बाजारों के रुझान और विदेशी निवेशकों का रुख भी घरेलू निवेशकों की धारणा को प्रभावित करेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को दिवाली तक जीएसटी व्यवस्था में बड़े सुधारों की घोषणा की, जिससे रोजमर्रा की वस्तुओं की कीमतें कम होंगी। स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट के शोध प्रमुख संतोष मीणा ने कहा, ''इस सप्ताह बाजार में उत्साह के साथ शुरुआत होने की संभावना है, क्योंकि बाजार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वतंत्रता दिवस संबोधन से आशान्वित हैं। दिवाली से पहले जीएसटी दरों में संभावित कटौती के उनके बयान से बाजार की धारणा में उल्लेखनीय सुधार हो सकता है और शेयर बाजार सुस्ती की गिरफ्त से बाहर आ सकते हैं। इस बीच, भारत ने शनिवार को अलास्का में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनके रूसी समकक्ष व्लादिमीर पुतिन के बीच शिखर वार्ता का स्वागत किया। हालांकि, यह वार्ता बिना किसी नतीजे के समाप्त हुई। एसएंडपी ने बृहस्पतिवार को मजबूत आर्थिक वृद्धि, राजकोषीय समेकन के लिए राजनीतिक प्रतिबद्धता और मुद्रास्फीति पर अंकुश लगाने के लिए 'अनुकूल' मौद्रिक नीति का हवाला दिया।

न्यायालय श्रीमान प्रथम व्यवहार न्यायाधीश महोदय वर्ग-2 भोपाल
(पीठासीन अधिकारी श्रीमान राहुल नामदेव साहब)
आदेश 5 नियम 20 व्य.प्र.सं. 1908 के अंतर्गत प्रकाशन हेतु
प्रकरण क्रमांक 102बी/24
ओम इंटरप्राईजेस ---------------------------- वादी
विरूद्ध
मेसर्स सुपर सर्जीकल व अन्य ------- प्रतिवादीगण
पेशी दिनांक 29.09.25
प्रति
मेसर्स सुपर सर्जीकल द्वारा
डायरेक्टर/पार्टनर आकाश चौपड़ा
आफिस/दुकान -ए-110-111, प्रथम तल, आर.जी. सिटी सेंटर, प्लाट नं.-04, डी.डी.ए. कम्यूनिटी सेंटर, मोतिया खान, पहाड़गंज नई दिल्ली 110055
यह कि वादी ने आपके विरूद्ध वाद वास्ते वसूली का वाद संस्थित की है आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर अपील का उत्तर देने के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लिये समंन किया जाता है आप न्यायालय में स्वयं किसी ऐसे प्लीडर, सारवान कथनो का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करे और उस दिन ऐसे सब दस्तावेजो जो आपके कब्जा या प्रतिरक्षा में है पेश करे जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज चाहे व आपके कब्जे व शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेजों की लिखित कथनो के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।
आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नही होगे तो वाद एक पक्षीय कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक है तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावे। उक्त पेशी दिनांक को अवकाश होने की दशा में आगामी कार्य दिवस में प्रकरण सुनवाई में लिया जावेगा।
यह आज दिनांक 14/08/25 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।
न्यायालय की मुद्रा
राहुल कुमार नामदेव
न्यायालय श्रीमान प्रथम व्यवहार न्यायाधीश महोदय वर्ग-2, भोपाल म.प्र.

## राशिफल

**मेष** — मानसिक शान्ति रहेगी, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**वृष** — परिवार का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि हो सकती है। यात्रा पर जाना हो सकता है।

**मिथुन** — आत्मविश्वास से लबरेज रहेगें। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। कार्यभार में वृद्धि होगी। वाहन सुख में वृद्धि भी हो सकती है। व्यर्थ की चिंता बढ़ सकती हैं।

**कर्क** — क्रोध के अतिरेक से बचें। शैक्षिक कार्यों कार्यों में सफलता मिलेगी। भाइयों का सहयोग मिलेगा। संयत रहें।

**सिंह** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। मन प्रसन्न भी रहेगा, परन्तु सन्तान के स्वास्थ्य से मन परेशान भी हो सकता है। किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं।

**कन्या** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। स्वास्थ्य का ध्यान भी रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्चों की अधिकता रहेगी।

**तुला** — किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार पर ध्यान रखें। कारोबारी कार्यों में कठिनाइयां आ सकती है।

**धनु** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता में कमी रहेगी। संयत रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यर्थ की परेशानी बढ़ सकती हैं।

**मकर** — क्रोध के अतिरेक से बचें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। शैक्षिक कार्यों में मनचाही सफलता मिलेगी।

**कुंभ** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। मानसिक शान्ति के लिए प्रयास करें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में वृद्धि होगी।

**मीन** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। पठन-पाठन में रुचि रहेगी, परन्तु शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों की अधिकता रहेगी।

## पतंजलि की कार्डियोग्रिट गोल्ड हृदय रोग का आयुर्वेदिक इलाज, अंतरराष्ट्रीय रिसर्च जर्नल में छपा शोध

**हरिद्वार।** पतंजलि ने दावा किया है कि आयुर्वेद और आधुनिक विज्ञान के मेल से बड़े से बड़े रोग का इलाज संभव है। पतंजलि ने बताया है कि कंपनी के वैज्ञानिकों ने एक शोध में पाया कि कैंसर के इलाज में इस्तेमाल होने वाली कीमोथेरेपी की दवा डॉक्सोरूबिसिन से होने वाले हृदय रोग (कार्डियोटॉक्सिसिटी) को कार्डियोग्रिट गोल्ड नाम की आयुर्वेदिक दवा से ठीक किया जा सकता है। यह शोध दुनिया के सामने आयुर्वेद की ताकत को और मजबूती से पेश करता है। - आयुर्वेद की वैज्ञानिकता को साबित करता है यह शोधः आचार्य बालकृष्णपतंजलि आयुर्वेद के सीईओ आचार्य बालकृष्ण ने कहाकि यह शोध न सिर्फ आयुर्वेद की वैज्ञानिकता को साबित करता है, बल्कि यह भी दिखाता है कि अगर प्राचीन चिकित्सा पद्धतियों को वैज्ञानिक तरीके से परखा जाए तो आधुनिक चिकित्सा की जटिल समस्याओं का हल निकाला जा सकता है। कार्डियोग्रिट गोल्ड में योगेंद्र रस, अर्जुन, मोती पिष्टी, अकीक पिष्टी जैसी जड़ी-बूटियां और भस्म शामिल हैं, जो प्राचीन आयुर्वेदिक ग्रंथों में हृदय रोगों के लिए प्रभावी बताई गई हैं। उन्होंने आगे कहाकि यह शोध पतंजलि के वैज्ञानिकों की मेहनत का नतीजा है और यह आयुर्वेद को फिर से स्थापित करने का एक बड़ा कदम है। जब पूरी दुनिया आयुर्वेद को अपनाने के लिए उत्सुक है, यह शोध लोगों को आयुर्वेद पर भरोसा करने का एक मजबूत कारण देता है। यह परंपरा और विज्ञान के मेल का अनमोल तोहफा है। शोध में सी. एलिगेंस नाम के एक छोटे जीव पर प्रयोग किए गए। - जर्नल ऑफ टॉक्सिकोलॉजी में प्रकाशित हुआ शोधपतंजलि ने दावा किया है, परिणामों से पता चला कि कार्डियोग्रिट गोल्ड ने इन जीवों की खाना खाने की क्षमता बढ़ाई, हृदय जैसी मांसपेशियों की स्थिति में सुधार किया।


## पूंजीकरण में सबसे अधिक लाभ में एसबीआई व एचडीएफसी बैंक


- शीर्ष पांच कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 60,675 .94 करोड़ रुपए

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से पांच के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 60,675.94 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। सबसे अधिक लाभ भारतीय स्टेट बैंक और एचडीएफसी बैंक को हुआ। छुट्टियों के कारण कम कारोबारी सत्र के सप्ताह के दौरान सेंसेक्स 739.87 अंक या 0.92 प्रतिशत चढ़ा, वहीं निफ्टी 268 अंक या 1.10 प्रतिशत के लाभ में रहा। शीर्ष 10 कंपनियों में से रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) और समीक्षाधीन सप्ताह में भारतीय स्टेट बैंक का बाजार पूंजीकरण 20,445.82 करोड़ रुपये बढ़कर 7,63,095.16 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। इन्फोसिस के मूल्यांकन में बढ़ोतरी हुई। वहीं टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), आईसीआईसीआई बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड, भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) और बजाज फाइनेंस के बाजार पूंजीकरण में गिरावट आई। इंफोसिस की बाजार हैसियत बढ़ी सबसे अधिक लाभ एसबीआई को ही हुआ। एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण 14,083.51 करोड़ रुपये बढ़कर 15,28,387.09 करोड़ रुपये हो गया। इन्फोसिस की बाजार हैसियत 9,887.17 करोड़ रुपये बढ़कर 6,01,310.19 करोड़ रुपये हो गई।

*रिलायंस का बाजार पूंजीकरण बढ़ा : रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 7,848.84 करोड़ रुपये बढ़कर 18,59,023.43 करोड़ रुपये रहा। इस रुख के उलट एलआईसी का बाजार पूंजीकरण 15,306.5 करोड़ रुपये घटकर 5,61,881.17 करोड़ रुपये रह गया। बजाज फाइनेंस की बाजार हैसियत 9,601.08 करोड़ रुपये घटकर 5,35,547.44 करोड़ रुपये रह गई।*






# एशिया कप में भारत का दबदबा,5 कप्तानों की कप्तानी में रचा खिताबी इतिहास

एशिया कप 2025 का आगाज 9 सितंबर से यूएई में होने जा रहा है। इस टूर्नामिंट की सबसे सफल टीम भारत ही रही है। भारत ने पिछले 16 में से 8 बार खिताब अपने नाम किया है। जबकि दूसरे नंबर पर श्रीलंकाई टीम है, जो 6 बार एशिया कप की ट्रॉफी अपने नाम करने में सफल रही है।

## भारत ने 8 बार जीता खिताब, श्रीलंका ने 6 बार ट्रॉफी अपने नाम की

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

एशिया कप के 17वें सीजन का आगाज 9 सितंबर से यूएई में होने जा रहा है। इस टूर्नामेंट की सबसे सफल टीम भारत ही रही है। भारत ने पिछले 16 में से 8 बार खिताब अपने नाम किया है। जबकि दूसरे नंबर पर श्रीलंकाई टीम है जो 6 बार एशिया कप की ट्रॉफी अपने नाम करने में सफल रही है। तो 2 बार पाकिस्तान ने ये खिताब जीता है। वहीं भारत को 8 बार खिताब जिताने के पीछे 5 कप्तानों का योगदान रहा है। 1984 से शुरू हुए एशिया कप का पहला खिताब भी भारत ने ही जीता था। 2023 में हुए आखिरी सीजन में भी भारत विजयी रहा था। एक नजर एशिया कप खिताब जीतने वाले भारतीय कप्तानों पर डालते हैं।



### सुनील गावस्कर

सुनील गावस्कर एशिया कप का खिताब जीतने वाले पहले कप्तान थे। उन्होंने ये उपलब्धि 1984 में हासिल की थी। भारत ने फाइनल में पाकिस्तान को धूल चटाकर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया था और यहीं से टीम इंडिया ने एशियाई टीमों पर अपना दबदबा बनाना शुरू किया था।

### दिलीप वेंगसरकर

1986 की खराब परफॉर्मेंस के बाद दिलीप वेंगसरकर भारत को 1988 में एक बार फिर एशिया कप का चैंपियन बनाया। इस बार टूर्नामेंट में 4 टीमों ने हिस्सा लिया था।





### मोहम्मद अजहरुद्दीन

1988 से 1995 तक एशिया कप पर भारत का राज रहा है। इस दौरान कुल तीन बार टूर्नामेंट का आयोजन हुआ। 1988 के बाद अजहरुद्दीन ने एशिया कप 1991 में टीम इंडिया की कमान संभाली और चैंपियन बनाया। इसके बाद 1995 में फिर भारत ने उनकी अगुवाई में ट्रॉफी जीती।



### एमएस धोनी

2004 और 08 के तो फाइनल तक टीम इंडिया पहुंची थी, लेकिन दोनों ही बार श्रीलंका ने उन्हें हराकर खिताब अपने नाम किया। इसके बाद 2010 में एमएस धोनी की कप्तानी में भारत फिर चैंपियन बना और 15 साल का सूखा खत्म किया।

### रोहित शर्मा



2018 में विराट कोहली की गैरमौजूदगी में रोहित शर्मा को एशिया कप में टीम इंडिया को लीड करने का मौका मिला। इसके बाद 7वीं बार उनकी कप्तान को एशिया कप का खिताब मिला। इसके बाद 2023 में भी रोहित की कप्तानी में भारत ने ट्रॉफी जीती।

## खबर संक्षेप



### भाटिया ने बनाया 'होल इन वन', जीती कार

**मैरीलैंड (अमेरिका)।** भारतीय मूल के अमेरिकी गोल्फर अक्षय भाटिया ने तीसरे दौर में चार अंडर 66 का कार्ड खेला, जिसमें एक बर्डी और एक 'होल इन वन' भी शामिल रहा। इससे वह संयुक्त 22वें स्थान पर बने हुए हैं। इस प्रदर्शन की बदौलत उन्हें फेडेक्स कप में शीर्ष 30 में बने रहने और अगले हफ्ते टूर चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई करने का मौका मिला। भाटिया 16वें होल पर बर्डी और 17वें होल पर 'होल इन वन' के साथ संयुक्त 37वें स्थान से संयुक्त 22वें स्थान पर पहुंच गए। पीजीए टूर पर भाटिया का पहला 'होल इन वन' था, जिससे उन्हें एक बीएमडब्ल्यू आईएक्स मिलेगी और साथ ही चार साल की इवांस स्कॉलरशिप भी मिलेगी।

### डेनिश ओपनः अहलावत संयुक्त 28वें स्थान पर



**कोपेनहेगन (डेनमार्क)।** भारतीय खिलाड़ी वीर अहलावत ने तीसरे राउंड में एक अंडर 70 का कार्ड खेला, जिससे वह फुरेसियो गोल्फ क्लब में चल रही डेनिश गोल्फ चैंपियनशिप में संयुक्त 28वें स्थान पर पहुंच गए। अहलावत के लिए यह एक दिलचस्प राउंड था क्योंकि उन्होंने शुरुआत से ही लगातार 14 पार लगाए। इसके बाद उन्होंने 15वें होल पर बोगी की, लेकिन 18वें होल पर ईगल लगाकर एक अंडर 71 का स्कोर बनाकर राउंड का अच्छा समापन किया। इससे पहले अहलावत का स्कोर 73-68 था और अब तीन राउंड के बाद उनका कुल स्कोर दो अंडर है। वह चौथे राउंड में अच्छा प्रदर्शन करके डीपी वर्ल्ड टूर पर लगातार दूसरे सप्ताह कम से कम शीर्ष 30 में स्थान बना सकते हैं। इस बीच रासमस होजगार्ड ने अंतिम राउंड से पहले एक स्ट्रोक की बढ़त बनाए रखी।

### ला लिगा : बार्सिलोना ने जीत से की शुरुआत




**मैड्रिड।** बार्सिलोना ने स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में अपने खिताब के बचाव की शुरुआत मालोर्का पर 3-0 की आसान जीत के साथ की। उसने मालोर्का को मिले दो रेड कार्ड का फायदा उठाया। पिछले सत्र में बार्सिलोना के शानदार आक्रमण का नेतृत्व करने वाले राफिन्हा और लामिने यामल को एक बार फिर अपना प्रभाव छोड़ने में सिर्फ सात मिनट लगे। यामल के कर्लिंग क्रॉस पर राफिन्हा ने टीम की तरफ से पहले गोल किया। फेरान टोरेस ने 23वें मिनट में बार्सिलोना की बढ़त दोगुनी कर दी। इस गोल के खिलाफ हालांकि मालोर्का ने शिकायत की थी, क्योंकि उनके एक खिलाड़ी के सिर में गेंद लगने के बाद वह जमीन पर गिर गया था। यामल ने दूसरे हाफ के स्टॉपेज टाइम में टॉप कॉर्नर पर गोल करके स्कोर 3-0 कर दिया।

## द हंड्रेड 2025: वेल्स के खिलाफ ओवल टीम ने बनाएं 226 रन

# कॉक्स ने मचाया कोहराम, 29 गेंद में 13 बाउंड्री और 86 रन, गेंदबाजों पर बरपाया कहर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

द हंड्रेड 2025 के 16वें मैच में ओवल इनविंसिबल्स के बल्लेबाज जॉर्डन कॉक्स ने अपनी तूफानी बैटिंग से कोहराम मचा दिया। वेल्स के खिलाफ मुकाबले में जॉर्डन कॉक्स ने 29 गेंद में नाबाद रहते हुए 86 रन कूट दिए। अपनी इस पारी में जॉर्डन ने 10 छक्के और 3 चौके भी लगाए। इस दौरान उन्होंने 5 गेंद में 4 सिक्स लगाकर गेंदबाज की हालत खराब कर दी। जॉर्डन की इस शानदार बल्लेबाजी के लिए कारण ही ओवल की टीम ने 4 विकेट के नुकसान पर 226 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। इसके जवाब में वेल्स की टीम 143 रन ही बनाई, जिससे ओवल को 83 रन से जीत मिली।

वेल्स के खिलाफ इस मुकाबले में जॉर्डन ने किसी भी गेंदबाज को नहीं बख्शा। अपनी इस पारी में 10 छक्के के साथ उन्होंने लियाम लिविंगस्टोन के 10 छक्कों के रिकॉर्ड की बराबरी की। हैरानी की बात ये है कि कॉक्स ने अपनी पहली आठ गेंदों पर सिर्फ आठ रन बनाए थे, लेकिन जैसे ही उन्होंने अपना गियर बदला जॉर्डन ने मैदान पर तबाही मचा दी।




### ओवल इनविंसिबल्स ने बनाया बड़ा स्कोर

*मैच में 226 रन बनाते ही ओवल इनविंसिबल्स की टीम ने इतिहास रच दिया है। टीम ने इसी के साथ द हंड्रेड टूर्नामेंट के लीग का सबसे बड़ा स्कोर बना दिया है। इससे पहले द हंड्रेड लीग में सबसे बड़ा स्कोर बनाने का रिकॉर्ड मैनचेस्टर ओरिजनल्स की टीम के नाम था। ओरिजनल्स की टीम ने साल 2022 में नॉर्दर्न सुपरचार्जर्स की टीम के खिलाफ 208 रन बनाए थे। लेकिन अब ये कीर्तिमान टूट चुका है और ओवल इनविंसिबल्स की टीम ने नई इबारत लिखी है।*

### जॉर्डन कॉक्स ने खेली दमदार पारी

*ओवल इनविंसिबल्स की टीम के लिए ओपनिंग की जिम्मेदारी विल जैक्स और तवांडा मुयेये ने संभाली। इन दोनों प्लेयर्स ने अच्छी बल्लेबाजी की और पहले विकेट के लिए 76 रनों की साझेदारी करके बड़े स्कोर की नींव रख दी थी। इसके बाद तीसरे नंबर पर जॉर्डन कॉक्स ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी का नमूना पेश किया। उन्होंने 29 गेंदों में कुल 86 रन बनाए, जिसमें तीन चौके और 10 छक्के शामिल रहे। वह अंत तक आउट नहीं हुए। सैम करन के बल्ले से 34 रन निकले। इन प्लेयर्स की वजह से ही टीम बड़ा स्कोर बनाने में सफल हो पाई।*

### एलिसा ने लगाया शतक

**ब्रिस्बेन।** स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज एलिसा हीली की नाबाद 137 रन की पारी की मदद से ऑस्ट्रेलिया ए ने रविवार को भारत ए के खिलाफ तीसरे और अंतिम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में नौ विकेट से जीत दर्ज की। भारत ने शुक्रवार को दूसरे मैच में दो विकेट से जीत हासिल कर तीन मैचों की श्रृंखला 2-0 से अपने नाम कर ली थी। भारतीय टीम ने पहले मैच में तीन विकेट से जीत दर्ज की थी। भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा के 52 और विकेटकीपर यास्तिका भाटिया के 54 गेंदों में 42 रन की बदौलत 216 रन बनाए, लेकिन पूरी टीम 47.4 ओवर में आउट हो गई। ऑस्ट्रेलिया ए की कप्तान ताहलिया मैकग्रा ने आठ ओवर में 49 रन देकर तीन विकेट चटकाए।



### वेल्श फायर के बल्लेबाज रहे फायर

वेल्श फायर की टीम के लिए कप्तान जॉनी बेयरस्टो ने जरूर 28 गेंदों में 50 रन बनाए, जिसमें पांच चौके और तीन छक्के शामिल रहे। लेकिन उनके अलावा बाकी के खिलाड़ी रन बनाने के लिए तरसते रहे। इसी वजह से पूरी टीम सिर्फ 143 रन ही बना सकी। ओवल इनविंसिबल्स के लिए टॉम करन ने सबसे ज्यादा चार विकेट अपने नाम किए और उन्होंने टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका अदा की।

## डीपीएल

# ढुल ने खेली तूफानी पारी लगाए 8 चौके और 7 छक्के



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

यश ढुल के शानदार शतक की बदौलत सेंट्रल दिल्ली किंग्स ने दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) के बारिश से प्रभावित मैच में नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स को 15 रन से हरा दिया। यश ढुल ने 56 गेंद पर 101 रन बनाए, जिसमें आठ चौके और सात छक्के शामिल हैं। युगल सैनी ने 28 गेंदों में 63 रन बनाकर उनका अच्छा साथ दिया, जिससे सेंट्रल दिल्ली ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 16 ओवर में सात विकेट पर 197 का विशाल स्कोर खड़ा किया। स्ट्राइकर्स के लिए हर्षित राणा ने बेहतरीन गेंदबाजी की और चार ओवर में सिर्फ 35 रन देकर तीन विकेट लिए। अर्जुन राप्रिया ने हैट्रिक ली, लेकिन वह दो ओवर में 30 रन देकर काफी महंगे साबित हुए।

■ राणा ने 4 ओवर में 35 रन देकर चटकाए 3 विकेट

### मौकों का पूरा फायदा उठाना चाहता हूंः यश

भारत के पूर्व अंडर-19 विश्व कप विजेता कप्तान यश ढुल शीर्ष स्तर की क्रिकेट में जगह बनाने के अपने सपने को पूरा करने के लिए मौकों का पूरा फायदा उठाना चाहते हैं, जैसा कि उन्होंने यहां दिल्ली प्रीमियर लीग में शानदार शतक जड़कर किया था। ढुल ने बारिश से प्रभावित इस मैच में शतक जमाया, जिससे सेंट्रल दिल्ली किंग्स ने नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स को 15 रन से हराया। ढुल ने कहा, 'मैं इस बारे में सोचता हूं कि मुझे जो अवसर मिला है उसका मैं कैसे फायदा उठाऊं। अगर आप भविष्य के बारे में बहुत ज्यादा सोचते हैं तो आप वर्तमान में अच्छा नहीं खेल सकते।' उन्होंने कहा, 'मैं केवल मौजूदा अवसरों पर ध्यान केंद्रित करता हूं। मैं लाल गेंद से भी अभ्यास कर रहा हूं। राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (अब बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस) में सफेद गेंद से लाल गेंद के क्रिकेट में बदलाव के बारे में जो सीख मिली उससे मुझे काफी फायदा मिल रहा है।' पिछले वर्ष जुलाई में एक जन्मजात समस्या के कारण हृदय की सर्जरी के कारण ढुल को विश्राम लेना पड़ा और उसके बाद उन्होंने मजबूत वापसी करने पर ध्यान केंद्रित किया।

## सिंकफील्ड कप

# गुकेश करेंगे क्लासिकल शतरंज में वापसी, प्रज्ञाननंदा की स्थिति मजबूत



एजेंसी ▶▶| सेंट लुई (अमेरिका)

विश्व चैंपियन डी. गुकेश सोमवार से शुरू हो रहे सिंकफील्ड कप से संक्षिप्त अंतराल के बाद क्लासिकल शतरंज में वापसी करेंगे जबकि भारत के एक अन्य खिलाड़ी आर. प्रज्ञाननंदा ग्रैंड शतरंज टूर के पांचवें चरण की इस प्रतियोगिता में पोडियम स्थान हासिल कर अपनी कुल पांचवीं रैंकिंग मजबूत करना चाहेंगे। विश्व के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन इस प्रतियोगिता में भाग नहीं ले रहे हैं। नॉर्वे के ग्रैंडमास्टर ने खुले तौर पर स्वीकार किया है कि अब उन्हें क्लासिकल शतरंज पसंद नहीं है। कार्लसन के नहीं खेलने के बावजूद इस प्रतियोगिता में कई शीर्ष खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

### गुकेश का क्लासिकल शतरंज में शानदार रिकॉर्ड

अमेरिका के फैबियानो कारुआना, फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा तथा अच्छी फॉर्म में चल रहे आर्मेनियाई से अमेरिकी बने लेवोन अरोनियन भारतीय जोड़ी के लिए कड़ी चुनौती पेश करने की पूरी संभावना रखते हैं। गुकेश को रैपिड शतरंज में वर्तमान फॉर्म को देखते हुए प्रबल दावेदारों में शामिल नहीं किया जा सकता लेकिन यहां नहीं भूलना चाहिए कि भारतीय ग्रैंड मास्टर का क्लासिकल शतरंज में शानदार रिकार्ड रहा है।

### प्रज्ञाननंदा जीतने के लिए तत्पर



इस बीच प्रज्ञाननंदा ने अगले वर्ष के कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करके अपनी स्थिति पहले ही मजबूत कर ली है। कैंडिडेट्स टूर्नामेंट से विश्व खिताब के लिए गुकेश के प्रतिद्वंदी का फैसला होगा। गुकेश और प्रज्ञाननंदा दोनों ने अगले महीने उज्बेकिस्तान में होने वाली ग्रैंड स्विस प्रतियोगिता में भाग लेने का निर्णय लिया है, जिससे यह स्पष्ट हो गया है कि वे सब कुछ जीतने के लिए तत्पर हैं। प्रज्ञाननंदा ग्रैंड शतरंज टूर की तालिका में वर्तमान में गुकेश से आगे हैं, लेकिन निरंतरता बनाए रखना महत्वपूर्ण होगा क्योंकि इस प्रतियोगिता में उनका सामना अनुभवी प्रतिद्वंद्वियों से होगा। यह प्रतियोगिता दस खिलाड़ियों के बीच नौ राउंड में खेली जाएगी, जिसकी कुल पुरस्कार राशि 350,000 अमेरिकी डॉलर है।

### मेजर लीग सॉकर : इंटर मियामी जीता, मेस्सी ने किया शानदार गोल

**फोर्ट लॉडरडेल (अमेरिका)।** लियोनेल मेस्सी ने चोट से उबरकर दर्शकों से भारी समर्थन के बीच एक गोल किया जबकि एक गोल करने में मदद की, जिससे इंटर मियामी ने मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) फुटबॉल टूर्नामेंट में एलए गैलेक्सी पर 3-1 से जीत दर्ज की। मेस्सी चोटिल होने के कारण पिछले दो मैच में नहीं खेल पाए थे। मैच के बाद मियामी के डिफेंडर मैक्सिमिलियानो फाल्कन ने मेस्सी की तारीफ करते हुए कहा, 'हमें इसकी आदत हो गई है। आपने देखा होगा कि उसने क्या किया, गोल पर साफ नजर रखते हुए गेंद हासिल की और गोल कर दिया।' अर्जेंटीना के सुपरस्टार ने हमवतन रोड्रिगो डी पॉल की मदद से गोल करके दर्शकों को रोमांचित किया।




मेस्सी को दो अगस्त को नेकाक्सा के खिलाफ लीग कप मैच में हैमस्ट्रिंग में चोट लग गई थी। इंटर मियामी उनके बिना लीग कप क्वार्टर फाइनल में पहुंच गया, लेकिन एमएलएस मुकाबले में उसे अपने राज्य के प्रतिद्वंद्वी ऑरलैंडो सिटी से 4-1 से हार का सामना करना पड़ा।

टूर्नामेंट की शुरुआत नौ सितंबर से यूएई में

# एशिया कपः पाकिस्तान ने की टीम घोषित, बाबर और रिजवान बाहर

एजेंसी ▶▶| लाहौर

पाकिस्तान के चयनकर्ताओं ने इस महीने के आखिर में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में होने वाली त्रिकोणीय श्रृंखला और उसके बाद एशिया कप के लिए रविवार को 17 सदस्यीय टीम की घोषणा की, जिसमें अनुभवी बल्लेबाज बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान को जगह नहीं दी गई।



पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने अपनी वेबसाइट पर टीम की घोषणा की, जिसमें तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी, मोहम्मद वसीम और बाएं हाथ के गेंदबाज सलमान मिर्जा शामिल हैं। एशिया कप की शुरुआत नौ सितंबर से यूएई में टी-20 प्रारुप में होगी। इससे पहले सलमान अली आगा की अगुवाई वाली पाकिस्तान की टीम 29 अगस्त से सात सितंबर तक शारजाह में अफगानिस्तान और मेजबान यूएई के खिलाफ त्रिकोणीय श्रृंखला खेलेगी। पाकिस्तान को आठ टीमों के एशिया कप टूर्नामेंट में चिर प्रतिद्वंद्वी भारत के साथ ग्रुप ए में रखा गया है, जिसमें यूएई और ओमान भी शामिल हैं। यह टूर्नामेंट नौ से 28 सितंबर तक आयोजित किया जाएगा।

### पाकिस्तान टीम

सलमान अली आगा (कप्तान), अबरार अहमद, फहीम अशरफ, फखर जमान, हारिस रऊफ, हसन अली, हसन नवाज, हुसैन तलत, खुशदिल शाह, मोहम्मद हारिस (विकेटकीपर), मोहम्मद नवाज, मोहम्मद वसीम जूनियर, साहिबजादा फरहान, सईम अयूब, सलमान मिर्जा, शाहीन शाह अफरीदी, सुफियान मोकिम।

## नेशंस कप के लिए खिलाड़ियों का ऐलान, मुख्य कोच बनने के बाद नए चेहरों पर खेला दांव

# कोच जमील के कैंप में छेत्री को नहीं मिली जगह

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



भारतीय फुटबॉल टीम का मुख्य कोच बनने के बाद पहली टीम का चयन करते हुए खालिद जमील ने कुछ नए चेहरों पर दांव खेला है। इनमें सेना के डिफेंडर सुनील बेंचमिन भी शामिल हैं, जिन्होंने डूरंड कप के दौरान ध्यान खींचा।

खालिद जमील की टीम से बड़ा नाम गायब है। ये बड़ा नाम सुनील छेत्री हैं, जो 2024 में संन्यास ले चुके थे। इस साल संन्यास से वापस लौटे। वह अब 29 अगस्त से ताजिकिस्तान के हिसोर में होने वाले मध्य एशियाई टूर्नामेंट के लिए भारत 35 खिलाड़ियो की संभावित सूची में भी शामिल नहीं हैं। इस बात का कोई स्पष्टीकरण नहीं आया है कि छेत्री को टीम में क्यों नहीं शामिल किया गया है। न तो खिलाड़ी की ओर से और न ही महासंघ की ओर से कुछ कहा गया है। महासंघ ने कहा कि, चयन संबंधी सवाल मुख्य कोच से पूछे जाने चाहिए। जमील ने भी कोई बयान नहीं दिया। छेत्री को ऐसे समय पर नजरअंदाज किया गया है जब उनके क्लब बेंगलुरु एफसी ने हाल ही में इंडियन सुपर लीग को लेकर अनिश्चितता के कारण पहली टीम और कर्मचारियों के वेतन रोक दिए हैं। फुटबॉल स्पोर्ट्स डेवलपमेंट लिमिटेड और अखिल भारतीय फुटबॉल स्पोर्ट्स डेवलपमेंट लिमिटेड और अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ के बीच समझौते के विस्तार को लेकर गतिरोध और सुप्रीम कोर्ट में लंबित एक मामले के कारण आईएसएल का भविष्य अधर में है।

### सैफ अंडर-17 महिला चैंपियनशिपः भारत की टीम घोषित

**नई दिल्ली।** भारत अंडर-17 महिला टीम के मुख्य कोच जोकिम अलेक्जेंडरसन ने भूटान के थिम्पू में 20 से 31 अगस्त तक होने वाली सैफ अंडर-17 महिला फुटबॉल चैंपियनशिप के लिए रविवार को 23 सदस्यीय टीम की घोषणा की।



अलेक्जेंडरसन ने इस महीने की शुरुआत में भारत की अंडर-20 टीम को दो दशक में पहली बार एएफसी अंडर-20 महिला एशियाई कप क्वालीफायर में पहुंचाया था। वह अब अंडर-17 टीम का नेतृत्व करेंगे, जो अक्टूबर में किर्गिज गणराज्य में होने वाले एएफसी अंडर-17 महिला एशियाई कप क्वालीफायर से पहले सैफ चैंपियनशिप में खेलेगी। सैफ अंडर-17 महिला चैंपियनशिप में चार टीमें भारत, भूटान, नेपाल और बांग्लादेश डबल राउंड-रॉबिन लीग में प्रतिस्पर्धा करेंगी। प्रत्येक टीम छह मैच खेलेगी और सबसे अधिक अंक हासिल करने वाली टीम चैंपियन बनेगी। भारत अपने अभियान की शुरुआत नेपाल (20 अगस्त) के खिलाफ करेगा। उसके बाद वह बांग्लादेश (22 अगस्त), भूटान (24 और 27 अगस्त), नेपाल (29 अगस्त) और आखिर में बांग्लादेश (31 अगस्त) का सामना करेगा। सभी मैच चांगलिमिथांग स्टेडियम में खेले जाएंगे।

ट्रंप की नीतियों का अमेरिका में हो रहा जमकर विरोध, ट्रंप पर लग रहे चुनावी धांधलियों के आरोप, लोगों ने कहा हम लोकतंत्र चाहते हैं

# दुनिया को घेरने चले ट्रंप अपने ही घर में घिरे, जगह-जगह 'ट्रंप टेकओवर' के खिलाफ हो रहे प्रदर्शन

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप एक तरफ रूस और यूक्रेन के बीच चल रही जंग को खत्म कराने में लगे हैं तो दूसरी ओर भारत समेत कई देशों पर भारी-भरकम टैरिफ लगा रहे हैं। इस टैरिफ की आड़ में ट्रंप समूची दुनिया को घेरने चले थे लेकिन अमेरिका के भीतर ही लोकतंत्र समर्थकों ने राष्ट्रपति ट्रंप के खिलाफ मोर्चा खोलकर उनकी घेराबंदी कर दी। अमेरिका में अब रिपब्लिकन पार्टी की नीतियों को लेकर विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। अमेरिका में शनिवार को श्रमिक समूहों और लोकतंत्र समर्थकों की तरफ से सैकड़ों रैलियां और कार्यक्रम आयोजित किए, जिनमें ट्रंप प्रशासन की तरफ से टेक्सास में रिपब्लिकन के पक्ष में कांग्रेस का नक्शा बदलने की कोशिशों का विरोध किया गया।

*ऑकलैंड, कैलिफोर्निया और न्यूयॉर्क सिटी जैसे शहरों में ट्रंप के खिलाफ हुए प्रदर्शन*




**रिपब्लिकन को होगा 5 सीटों का फायदा**

फाइट द ट्रंप टेकओवर के बैनर तले आयोजित ये प्रदर्शन कम से कम 34 राज्यों में हुए हैं। सबसे बड़ा प्रदर्शन ऑस्टिन, टेक्सास में हुआ, जहां ट्रंप ने दशक के बीच में शुरू हुई डिलिमिटेशन प्लान का समर्थन किया है जिससे रिपब्लिकन को कांग्रेस में पांच अतिरिक्त सीटें मिल सकती हैं। इस महीने की शुरुआत में टेक्सास के डेमोक्रेट्स ने रिपब्लिकन को कोरम पूरा न करने देकर नक्शों पर वोटिंग रोकने के लिए राज्य छोड़ दिया था।

## राष्ट्रपति बोले थे- राजधानी में हालात बेकाबू, 3 राज्यों में तैनात किए 7 सैनिक



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप राजधानी वॉशिंगटन डीसी में और ज्यादा गार्ड तैनात करने की तैयारी कर रहे हैं। उनके आदेश पर वेस्ट वर्जीनिया, साउथ कैरोलिना और ओहियो के गवर्नरों ने शनिवार को अपने राज्यों के नेशनल गार्ड्स को वॉशिंगटन भेजने की घोषणा की है। वेस्ट वर्जीनिया से 300-400, साउथ कैरोलिना से 200 और ओहियो से करीब 150 नेशनल गार्ड आएंगे। अभी वॉशिंगटन में 800 नेशनल गार्ड्स तैनात हैं। इन्हें सीधा ट्रंप कंट्रोल करते हैं। इन तीन राज्यों से लगभग 700 एक्स्ट्रा सैनिकों के आने से वॉशिंगटन में नेशनल गार्ड की संख्या लगभग दोगुनी हो जाएगी। हालांकि नेशनल गार्ड्स की तैनाती को लेकर शनिवार को लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया।

यूरोपीय नेताओं ने कहा-जेलेंस्की को दबाव में लाने की कोशिश न करें

# जेलेंस्की को ट्रंप के सामने अकेला नहीं छोड़ेंगे इटली और फिनलैंड के बाद



एजेंसी ▶▶ कीव

युक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर ज़ेलेंस्की सोमवार को व्हाइट हाउस में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के साथ शांति वार्ता में शामिल होंगे। इस बैठक में उन्हें यूरोपीय नेताओं का भरपूर समर्थन मिलेगा।

यूरोपीय आयोग की प्रमुख युरसुला वॉन डेर लेयेन के साथ-साथ जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्क, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और नैटो महासचिव मार्क रुटे इस मीटिंग में जेलेंस्की के साथ होंगे। इस बैठक में फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टुब्ब और इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी की भी उपस्थिति की संभावना है।

### *वार्ता में बिंदुवार रखे जाएंगे सभी मुद्दे*

*यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने रविवार को कहा कि यूरोपीय नेता यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के साथ राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की महत्वपूर्ण बैठक में शामिल होंगे। यह बैठक आज सोमवार को व्हाइट हाउस में होगी। यूरोपीय संघ की कार्यकारी शाखा प्रमुख वॉन डेर लेयेन ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि राष्ट्रपति जेलेंस्की के अनुरोध पर, मैं कल व्हाइट हाउस में राष्ट्रपति ट्रंप और अन्य यूरोपीय नेताओं के साथ बैठक में शामिल होऊंगा, शिखर सम्मेलन के बाद एक साक्षात्कार में जब ट्रंप से पूछा गया कि यूक्रेन में युद्ध कैसे समाप्त हो सकता है और क्या भूमि की अदला-बदली होगी, तो ट्रंप ने कहा ये वो बिंदु हैं जिन पर हम काफी हद तक सहमत हैं। यूक्रेन से क्षेत्रीय रियायतें हासिल करना लंबे समय से शांति समझौते पर किसी भी वार्ता के लिए मॉस्को की पूर्व शर्तों में से एक रहा है।*

### *जमीन से जुड़े फैसले केवल कीव ही करेगा*

*यूरोपीय नेताओं ने यह भी स्पष्ट किया कि किसी भी शांति समझौते में यूक्रेन की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा को "मजबूत गारंटी" के साथ शामिल किया जाएगा। उन्होंने दोहराया कि यूक्रेन के भविष्य, उसके गठबंधनों और उसकी जमीन से जुड़े फैसले केवल कीव ही करेगा। यूरोपीय नेताओं ने साफ किया कि रूस को यूक्रेन के नाटो और यूरोपीय संघ में शामिल होने की प्रक्रिया पर कोई वीटो अधिकार नहीं होगा। नेताओं ने चेतावनी दी कि जब तक युद्ध चलता रहेगा, यूरोपीय देश यूक्रेन को सैन्य, राजनीतिक और आर्थिक मदद देते रहेंगे। अगर रूस अपनी आक्रामकता नहीं रोकता, तो उस पर और कड़े प्रतिबंध लगाए जाएंगे और उसकी युद्ध-आर्थिक व्यवस्था पर दबाव और बढ़ेगा।*

नेपाल दौरे पर विदेश सचिव विक्रम मिसरी

# पीएम ओली, राष्ट्रपति और पौडेल से की 'गहन' चर्चा



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने रविवार को नेपाल के प्रधानमंत्री के पी शर्मा ओली और राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल से मुलाकात की और विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने के तौर-तरीकों पर चर्चा की। मिसरी नेपाल के विदेश सचिव अमृत बहादुर राय के निमंत्रण पर सुबह काठमांडू पहुंचे।

प्रधानमंत्री कार्यालय में ओली के साथ मिसरी की बैठक के दौरान द्विपक्षीय संबंधों को और प्रगाढ़ बनाने के लिए आपसी हितों के मामलों पर चर्चा की गई।

भारतीय दूतावास ने यहां 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, मिसरी ने गहरे सभ्यतागत संबंधों और मजबूत भारत-नेपाल साझेदारी की पुष्टि की और विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग को और मजबूत करने के तौर-तरीकों पर चर्चा की। नेपाल में भारतीय राजदूत नवीन श्रीवास्तव भी बैठक के दौरान उपस्थित रहे।

**आज स्वदेश लौटेंगे मिसरी**

### पड़ोसी प्रथम के प्रति प्रतिबद्धता

यहां भारतीय दूतावास ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि मिसरी की यात्रा भारत और नेपाल के बीच नियमित उच्चस्तरीय संवाद की परंपरा को दर्शाती है और भारत की 'पड़ोसी प्रथम' की नीति के प्रति प्रतिबद्धता को दोहराती है। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि उनकी यात्रा के दौरान संपर्क, विकास सहयोग और अन्य मुद्दों पर चर्चा होगी। मिसरी अपनी यात्रा समाप्त करने के बाद सोमवार (18 अगस्त, 2025) को स्वदेश लौटेंगे। काठमांडू में मिसरी की बैठकों का मुख्य उद्देश्य नेपाल के प्रधानमंत्री ओली की अगले माह नई दिल्ली यात्रा की तैयारी करना है।

### शीर्ष नेताओं से मिलेंगे मिसरी

दूतावास ने एक अलग पोस्ट में कहा कि विदेश सचिव ने राष्ट्रपति पौडेल से अलग से मुलाकात की और भारतीय नेतृत्व की ओर से शुभकामनाएं दीं, साथ ही राष्ट्रपति को द्विपक्षीय संबंधों में प्रगति के बारे में जानकारी दी। मिसरी विदेश मंत्री आरजू राणा देउबा से भी मुलाकात करेंगे। वह नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष शेर बहादुर देउबा और नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी-माओवादी सेंटर चेयरमैन पुष्प कमल दाहाल 'प्रचंड' सहित प्रमुख राजनीतिक दलों के आज शीर्ष नेताओं से भी मुलाकात करेंगे।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109